फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 162 प्रभात जयपुर, गुरुवार 12 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro


Rashtradoot

Happy Birthday Baapji!!

The Mehrangarh Museum trust is a recipient of UNESCO Asia-Pacific Award for Architectural Conservation, Cultural Heritage and adaptive reuse.

A Taste of Vintage

Home Strife as 'Mood Repair' | Negative mood made individuals more likely to help



*पोलर बेयर (ध्रुवीय भालू) उस क्षेत्र से ही लुप्त हो रहे है जिसे ''पोलर बेयर कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड'' कहा जाता है। कैनेडा सरकार ने एक सर्वे में बताया कि कैनेडियन आर्कटिक के दक्षिणी सिरे पर हडसन खाड़ी के पश्चिमी भाग से ध्रुवीय भालू तेजी से लुप्त हो रहे हैं। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, मादा और विशेषकर शावकों की संख्या में नाटकीय गिरावट आई है। पांच सालों में एक बार शोधकर्ता पोलर बेयर की गणना के लिए इस क्षेत्र का एरिअल सर्वे करते हैं, जिसमें ''चर्चिल'' शहर भी शामिल है और इसे ही ''पोलर बेयर कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड'' कहा जाता है। वर्ष 2021 के अगस्त -सितम्बर में हुए सर्वे की रिपोर्ट हाल ही में जारी हुई। उसके अनुसार शोधकर्ताओं ने 194 भालू देखे तथा इनकी अनुमानित आबादी 618 बताई, जो कि पांच साल पहले की अनुमानित आबादी 842 से कम है। रिर्पोट के अनुसार वर्ष 2011 और 2016 के हवाई सर्वे अनुमानों की तुलना करें तो भी संकेत मिलता है कि, हडसन खाड़ी में इनकी आबादी संभवतया घट रही है। यह भी पता चला है कि 2011 से 2021 के बीच मादा व अवयस्क भालुओं की संख्या में काफी कमी आई है। शोधकर्ता कहते हैं कि, यह गिरावट उन भविष्यवाणियों के अनुरुप हैं जो ध्रुवीय भालुओं पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए की गई थीं। इसके लिए शोधकर्ताओं ने समीपवर्ती क्षेत्रों के विस्थापन व अवैध शिकार को भी एक कारण बताया। शोध के अनुसार, ध्रुवीय भालुओं के सी आईस आवास तेजी से लुप्त हो रहे हैं, क्योंकि यह सुदूर उत्तरी भाग शेष विश्व की तुलना में चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है। यहां सी आईस की परत अब कम मोटी होती है और बसंत से पहले ही टूट जाती है तथा शरद के आगमन के बहुत बाद में बनती है। ध्रुवीय भालू भोजन के लिए सील का शिकार करने, प्रजनन आदि कार्यों के लिए सी आइस पर निर्भर रहते हैं। यू.एस. नैशनल स्नो एण्ड आईस डेटा सैंटर के अनुसार हडसन खाड़ी में 1980 के दशक के बाद से सी आइस में 50 प्रतिशत कमी आई है। दो साल पहले, जर्नल नेचर क्लाइमेट में छपी रिपोर्ट के अनुसार, यदि यही स्थिति रही तो ध्रुवीय भालू विलुप्ति के कगार पर पहुंच सकते हैं।*

# 'हिन्दुस्तान को हिन्दुस्तान ही रहना चाहिए'

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने '23 को विधानसभा चुनाव और '24 के लोकसभा चुनाव की थीम निश्चित की

- "हिन्दू राष्ट्रवाद" को इन चुनावों का वैचारिक मुद्दा तय किया संघ प्रमुख ने।
- इसी लय में भागवत ने कहा "हिन्दू समाज युद्ध का सामना कर रहा है। विदेशी आक्रमणकारी तो नहीं, पर विदेशी प्रभाव व साजिशें मौजूद हैं जिनसे हिन्दू समाज व धर्म की रक्षा करनी है।
- एक तरह से परोक्ष धमकी देते हुए भागवत ने यह भी कहा कि, क्योंकि युद्ध की स्थिति है अतः लोग अति उत्साही (ओवर ज़ैलस) हो सकते हैं। हालांकि यह हमारी इच्छा नहीं है, पर इस माहौल में उत्तेजनात्मक भाषणबाजी भी हो सकती है।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने यह कहते हुए कि "हिन्दुओं की मुखरता" विदेशी शक्तियों के विरूद्ध किए गए हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद आई स्वाभाविक जागरुकता का परिणाम है", वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल बजाकर भाजपा के लिए एजेण्डा तय कर दिया है। एक तरफ तो देश बढ़ती मंहगाई और बढ़ती बेरोजगारी के बीच आर्थिक गिरावट का सामना कर रहा है, वहीं आर.एस.एस. और भाजपा ने वर्ष 2023 में होने जा रहे महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के लिए अनुभूत और परीक्षित हिन्दू-राष्ट्रवाद के मुद्दे पर स्पष्ट रूप से भरोसा जताया है।

इन चुनावों के बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव हैं। भागवत, जो कि पिछले कुछ समय से मुस्लिम हस्तियों और बुद्धिजीवियों से मुलाकात करते रहे हैं, अब पुनः गुरु गोलवलकर की विचारधारा पर लौट आए हैं। उन्होंने मुस्लिमों से कहा है कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ होने का भाव त्याग दें।

आर.एस.एस. समर्थित प्रकाशनों "ऑर्गनाइजर" और पाँचजन्य को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि "हिन्दुस्तान-हिन्दुस्तान ही रहना चाहिए।"

चूंकि भागवत मुस्लिम समुदाय को अपनी विचारधारा त्यागने के लिए कह रहे हैं तो उनके लिए उनका संदेश मुखर एवं स्पष्ट है।" हिन्दुस्तान पर कभी शासन करने वाले महान लोग होने का उनका ऊंचा दावा और इस पर फिर से शासन करेंगे, और यह कि हमारा मार्ग सही है तथा अन्य सभी का गलत।"

आर.एस.एस. के सरसंघचालक के शब्द राहुल गांधी की "भारत जोड़ो यात्रा" के दौरान उठाए गए "आजीविका" मुद्दों की ओर इशारा करते भी प्रतीत होते हैं। "हिन्दू समाज युद्धरत है। यह युद्ध किसी बाहरी शत्रु के खिलाफ नहीं एक भीतर के शत्रु के विरूद्ध है। यह युद्ध हिंदू समाज, संस्कृति की रक्षा के लिए है। देश मं फिलहाल विदेशी आक्रांता मौजूद नहीं है, लेकिन विदेशी प्रभाव और विदेशी षड्यंत्र धारी है। बात युद्ध की है तो लोगों का ईर्ष्यालु होना संभव है, हालांकि ऐसा नहीं होना चाहिए, फिर भी भड़काऊ बयान दिए जाएंगे।" इस बयान में प्रकट रूप से एक छद्म धमकी भी है।

भागवत का हिंदुओं की प्रधानता पर जोर देना भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता, समानता औरा भ्रातृत्व के सिद्धांतों के विपरीत है। उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले महीनों में हिंदुत्व की थीम मीडिया में छाई रहेगी।

## सुप्रीम कोर्ट का सर्वर डाउन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की कई कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स एवं आई.टी. सेवाएं बाधित हो गई क्योंकि इसके डेटा सैंटर के एक सर्वर में तकनीकी खामी आ गई।

इस वजह से ई कॉपीइंग, एस.सी. आई. इन्जेशन, एस.सी.आई. इन्टरैक्ट, पी.ए.सी.ई. अटैंडैंस, सिक्योर गेट,

- बुधवार को सुप्रीम कोर्ट डेटा सेंटर का सर्वर डाउन होने से सुप्रीम कोर्ट का कामकाज बाधित हुआ। सुप्रीम कोर्ट से जारी विज्ञप्ति में जल्द से जल्द तकनीकी खामी दूर करने का आश्वासन दिया गया है।

एस.सी.ई.एफ.एम. (ई फाईलिंग न्यू) व अन्य संबंधित एप्लीकेशन्स ठप्प पड़ गईं। सुप्रीम कोर्ट की एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि "हम आपको आश्वासन देते हैं कि हमारी टीम इस मुद्दे को देख रही है। सभी आई.टी. सेवाओं को बहाल किया जाएगा। कृपया ध्यान दीजिए कि हमारी वेबसाईट www.sci.gov.in में इस वजह से कटौती हो सकती है। असुवधिा के लिए खेद है।"

# 'रुस अगले दस वर्ष में असफल देश बनकर टूट जायेगा'

## एटलान्टिक काउन्सिल, वॉशिगटन में स्थित थिंक टैंक, की फायनैंशियल एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट ने दावा किया

- थिंक टैंक ने विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का सर्वे कर यह निष्कर्ष निकाला है। सर्वे के अनुसार 167 विशेषज्ञों ने सर्वे में भाग लिया था, रुस के टूटने के पक्ष में 46 प्रतिशत विशेषज्ञ थे।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस स्वयं के विरूद्ध लागू किए गए निर्यात नियंत्रणों और प्रतिबंधों से निर्बल हो चुका है। विदेश नीति विशेषज्ञों के अनुसार रूस के लिए इसके गंभीर दुष्परिणाम होंगे या उसकी आर्थिक व राजनीतिक व्यवस्था इतनी कमजोर हो जाएगी कि उस पर उनका नियंत्रण नहीं रह जाएगा और यहां तक कि अब से 10 वर्ष बाद उसका विघटन भी हो सकता है।

एटलांटिक काउन्सिल द्वारा किये गए एक सर्वे का कहना है कि अधिकांश विशेषज्ञों को उम्मीद है कि उथल-पुथल भरे इस दशक में चीन ताइवान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर सकता है।

एटलांटिक काउन्सिल एक अमेरिकन थिंक टैंक है जिसका कार्य क्षेत्र अन्तर्राष्ट्रीय मामलात हैं और उसका मुख्यालय वॉशिंटगन डी.सी.में है।

द फायनैंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट कहती है कि थिंक टैंक सर्वे के कुल 167 विशेषज्ञ प्रतिभागियों में से 46 प्रतिशत ने कहा कि अगले 10 वर्षों में रूस विफल हो सकता है अथवा उसका विघटन हो सकता है।

एक अलग प्रश्न पर 40 प्रतिशत प्रतिभागियों ने रूस को एक ऐसा देश बताया जिसे लेकर उनका मानना है कि आगे आने वाले समय में वह क्रांति, गृह युद्ध या राजनीतिक विघटन आदि के कारण टूट सकता है। एटलांटिक काउन्सिल की फोरसाइट विंग के उप निदेशक पीटर एंगल्के, जिन्होंने सर्वे के डिजाइन और भाषान्तर में मदद की है, ने कहा कि "यूक्रेन स्पष्ट रूप से रूस के लिए आंतरिक समस्याओं की संभावनाओं को दर्शाता है और इस आशंका को भी कि इस युद्ध का ना केवल उसके नेतृत्व बल्कि पूरे देश पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। पश्चिमी देशों के अधिकारी कहते हैं कि यूक्रेन पर 11 माह पूर्व किए गए आक्रमण और स्वयं पर लग चुके निर्यात नियंत्रणों और प्रतिबंधों के कारण रुस बहुत कमजोर पड़ चुका है।

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि दण्डात्मक उपायों के परिणामस्वरूप रुस की उत्पादन क्षमता लगातार कम हो रही है। इससे देश दशकों पीछे चला गया है। रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक रुप से यह मानना शुरु कर दिया है कि मॉस्को को यूक्रेन में असफलताएं मिल रही हैं और यह संघर्ष लम्बे समय तक चलेगा। अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने प्रण किया है कि वे अंत तक यूक्रेन का सहयोग करेंगे। उनकी योजना इस युद्ध कों बरसों तक जारी रखने की है।

यहां तक कि यूरोप भी द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद क्षेत्र के सबसे बड़े भूमि विवाद का साक्षी बन रहा है। सर्वे में भाग लेने वाले अधिकांश विशेषज्ञों ने कहा कि उन्हें इस पर विश्वास नहीं है कि रुस और नाटो अगले दशक में एक सीधा सैन्य संघर्ष करेंगे।

तथापि प्रतिभागियों ने अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगातार दी जा रही इन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में कांग्रेस ने "प्रजा ध्वनि" नाम से यात्रा शुरु की

## बेलागावी से शुरु हुई यह यात्रा दो दिशाओं में जायेगी

- यात्रा के एक हिस्से का नेतृत्व पूर्व मु.मंत्री सिद्धारमैय्या करेंगे तथा दूसरे हिस्से का कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डी.के.शिवकुमार।
- यात्रा बसों द्वारा पूरी की जायेगी, जिससे कर्नाटक की 224 सीटों को कवर कर सकें।
- यात्रा की एक प्रमुख थीम होगी, भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, जिसके कारण कांग्रेस इसे 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार कहती है।

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। जहाँ राहुल गांधी की "गैर-राजनैतिक" भारत जोड़ो यात्रा अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँच रही है, वहीं कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को बेलागावी से एक पूर्णतः राजनैतिक यात्रा, बल्कि "प्रजा ध्वनि" नाम से एक चुनाव-प्रचार यात्रा शुरु कर दी।

कर्नाटक कांग्रेस के दो शीर्ष नेताओं- पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया तथा पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार ने एकता की तस्वीर प्रस्तुत करते हुये, परस्पर मिलकर इस "प्रजा-ध्वनि" यात्रा की शुरुआत कर दी। यह यात्रा सभी 224 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। जहाँ भारत जोड़ो यात्रा का फोकस "भाजपा-आर.एस.एस. संगठनों द्वारा कथित रूप से फैलायी जाने वाली नफरत एवं फूट का प्रतिकार करने पर है, वहीं कर्नाटक कांग्रेस की "प्रजा ध्वनि" यात्रा की योजना राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा एवं उसकी सरकार को घेरने के उद्देश्य से बनाई गई है। इस यात्रा को उक्त दोनों कांग्रेस नेता अलग-अलग समूह में बसों में संचालित करेंगे तथा वे अधिकतम जगहों तक पहुँच सकें। यह यात्रा तीन-चार महीने के बाद होने वाले चुनावों के प्रचार की रणनीति के ट्रेलर के रूप में देखी जा सकती हैं। यात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर बोलते हुये, शिव कुमार ने भाजपा पर "अनैतिक एवं असंवैधानिक 'ऑपरेशन कमल' चलाने के लिये, भाजपा पर जोरदार हमला बोला तथा लोगों को सरकार द्वारा 40 प्रतिशत कमीशन लिये जाने की याद दिलाई।

शिव कुमार ने कहा, "कर्नाटक की उन्नति बैकसीट पर पहुँच गई है क्योंकि भाजपा 40 प्रतिशत कमीशन के जरिये लोगों से अनियंत्रित लूट में लग गई है तथा 2018 के चुनावों के दौरान किये 90 प्रतिशत वादे भूल गई है। वे (भाजपा) साम्प्रदायिक राजनीति तथा (राज्य को) गतिहीन कर देने वाली नीतियों पर फोकस करने में लगी हुई है।" उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान दुर्व्यवस्था के लिये डबल इंजन सरकार तथा इसकी असफल नीतियाँ जिम्मेदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रजा ध्वनि यात्रा भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करेगी तथा इसके द्वारा बोले गये सभी झूठों का पर्दाफाश करेगी।

यह यात्रा विभिन्न चरणों में सभी जिलों में जायेगी जिससे राज्य में चुनाव होने से पहले, पार्टी नेता पूरे कर्नाटक को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जात आधारित जनगणना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक वकील की यह प्रार्थना स्वीकार कर ली की बिहार की जातिगत जनगणना के खिलाफ दायर

- बिहार में होने जा रही जात आधारित जनगणना के खिलाफ दायर इस याचिका की त्वरित सुनवाई के लिए भी सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया है और इस पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

याचिका की त्वरित सुनवाई की जाए। चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ 13 जनवरी शुक्रवार को याचिका की सुनवाई करेंगे। इससे पहले एक सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार ने भी एक याचिका दायर की है। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पंजाब यात्रा का समय बहुत सही मान रहे हैं

## इसी समय पंजाब प्रशासनिक सेवा के अफसर व कर्मचारी सरकार से नाराजगी के कारण अब हड़ताल पर चले गये हैं

- मु. मंत्री भगवंत सिंह मान ने इस हड़ताल को गैर कानूनी घोषित कर हड़तालियों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दे दिये हैं।
- पंजाब कांग्रेस के नेता चाहते हैं कि, राहुल गांधी पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति व अन्य स्थानीय मुद्दों पर फोकस करें, यात्रा के दौरान।
- नेता लोग यह भी चाहते हैं कि, पंजाब में खेमेबाजी में बंटी पार्टी को स्पष्ट संकेत दें कि पंजाब में कांग्रेस का नेतृत्व किस के हाथ में रहेगा।
- हाफ स्लीव टी शर्ट पहने, साफा बांधे राहुल गांधी ने गुरुदास फतेहगढ़ साहिब से यात्रा का पंजाब अध्याय शुरु किया।
- ठण्ड के बावजूद भारी भीड़ यात्रा से जुड़ी तथा विशेष चर्चा का विषय यह था कि, राहुल टी शर्ट में नंगे पैर कैसे फतेहगढ़ गुरुद्वारे व सरहिन्द दरगाह में आराम से दर्शन कर रहे हैं, चार डिग्री तापमान की ठण्ड में।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। आज पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारम्भ राहुल गांधी द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेकने तथा श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ हुआ। यात्रा के पंजाब-प्रवेश से राज्य के कांग्रेस नेतृत्व के मनोबल में अपूर्व वृद्धि हुई है। दरअसल, पंजाब में यात्रा का प्रवेश ठीक उस समय हुआ है, जब सिविल सेवा अफसरों के साथ ही, सरकारी कर्मचारियों और भगवंत मान सरकार के बीच विजिलैंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के केसों से निबटने के तौर-तरीकों को लेकर पैदा हुआ अलगाव एवं फासला बढ़ता जा रहा है।

पंजाब के कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि अफसरों में बढ़ते जा रहे असंतोष तथा नौ दिन तक पंजाब में इस यात्रा के शहरी तथा ग्रामीण सीमावर्ती क्षेत्रों से गुजरने से पंजाबवासियों को पर्याप्त अवसर एवं कारण मिलेंगे कि वे इस नतीजे पर पहुँच सकें कि राज्य का नेतृत्व किस दल के पास होना चाहिये।

इस बीच, पंजाब के सिविल सेवा अफसरों की हड़ताल प्रचंड रूप में आ चुकी है क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हड़ताल को गैर कानूनी घोषित कर दिया है तथा सख्ती बरतने (क्रैक डाउन) के आदेश जारी कर दिये हैं।

2024 के आम चुनावों को ध्यान में रखते हुये, राहुल गांधी ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा तथा कहा कि इस यात्रा का आयोजन लोगों को अपनी बात खुलकर कहने तथा उनकी बात सुने जाने के लिये ही किया गया है। लेकिन पंजाब के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी से यह अनुरोध किया बताते हैं कि राज्य की "बिगड़ती जा रही कानून-व्यवस्था" तथा अन्य मुद्दों पर राज्य सरकार की बखिया उधेड़ दें।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "प्रतीकात्मकता की राजनीति तथा पगड़ी बाँध लेना ही सिख समुदाय के इस बात के लिये आश्वस्त करने के लिये पर्याप्त है तथा इन चीजों से उनका ध्यान आसानी से अपनी ओर खींचा जा सकता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के लिये जरूरी है कि पंजाब के मुद्दों को स्पर्श करें।"

चूँकि 2022 के विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में दलित सिख नेता चरणजीत सिंह चन्नी को प्रोजैक्ट करने का राहुल गांधी का निर्णय असफल रहा था, इसलिये राहुल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 14 वर्षीय बालिका ने गर्भपात के लिए याचिका दायर की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। दिल्ली हाई कोर्ट में 14 वर्षीय बालिका ने अपनी मां के जरिए 16 हफ्ते का गर्भ गिराने की अनुमति मांगते हुए याचिका

- बालिका ने अपनी माँ के मार्फत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 16 हफ्ते का गर्भ गिराने की अनुमति मांगी है, क्योंकि वह बच्चे को पालने के लिए शारीरिक व मानसिक रुप से फिट नहीं है।

दायर की है। हाई कोर्ट 18 जनवरी को सुनवाई करेगा। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की के अपने नाबालिग मित्र के साथ आपसी सहमति से संबंध बने थे जिससे वह गर्भवती हो गई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**संसार में चार तरह के लोग होते हैं–**
**मक्खीचूस– जो ना आप खाएं ना दूसरों को खाने दें।**
**कंजूस– जो आप खाएं पर दूसरों को ना दें।**
**उदार– जो आप भी खाएं और दूसरों को भी दें।**
**दाता– जो आप ना खाएं पर दूसरों को दें।**
**सब लोग दाता नहीं तो कम से कम उदार तो बन ही सकते हैं।**

**–अफलातून**

# तेल पर सरकारी मुनाफे का खेल

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले महीनों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का फायदा आम जनता तक नहीं पहुंच रहा है। कुछ समय से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है। इस दौरान ब्रेंट क्रूड ऑयल के प्राइस गिरकर 79.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल की बात करें तो यह गिरकर 74.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दिसंबर में भारत का कच्चे तेल के आयात का औसत मूल्य 77.79 डॉलर प्रति बैरल रहा है। यह नवंबर में 87.55 डॉलर प्रति बैरल और अक्टूबर में 91.70 डॉलर प्रति बैरल था। ओपेक देशों की तरफ से किये निर्णय का असर यह हुआ कि रेकार्ड लेवल तक गिरने वाला क्रूड बढ़कर एक समय 100 डॉलर के करीब पहुंच गया था। लेकिन देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है।

कच्चे तेल की कीमतों में हो रही गिरावट का असर भारत पर देखने को नहीं मिल रहा है। 22 मई के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलव नहीं हुआ है। सितंबर 2022 तक रूस अपने तेल को ब्रेंट क्रूड के मुकाबले 20 डॉलर प्रति बैरल सस्ता बेच रहा था। पिछले छह महीने में भारत सस्ते रूसी तेल का बड़ा खरीदार बनकर उभर रहा है। लेकिन 60 डॉलर के प्राइस कैप लगने के बाद भारत को आने वाले दिनों में नुकसान उठाना पकड़ सकता है। फिलहाल भारत को रूस की ओर से तेल छूट पर मिल रही है। हालांकि, भारत के लिए फिलहाल किसी तरह की मुश्किल बढ़ती हुई नजर नहीं आ रही है। क्योंकि मौजूदा समय में 60 से 70 डॉलर प्रति बैरल की दर से ही रूस से तेल खरीद रहा है। कच्चे तेल की कीमतें जुलाई, 2008 के बाद इस साल मार्च में 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थीं। उसके बाद से 46 फीसदी गिरावट के साथ यह इस साल सबसे निचले स्तर 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। कच्चे तेल को लीटर और रुपये के हिसाब से अनुमान लगाएं तो कीमत 9 महीने में 33 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा घटनी चाहिए। इसके बाद भी देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट देखने को नहीं मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 10 महीने के न्यूनतम स्तर पर लुढ़क गया है। तेल कंपनियों ने लंबे समय तक दाम स्थिर रखे हैं, जिसकी वजह से इन्हें भारी घाटा भी हुआ है। लेकिन अब पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर हो रहे फायदे का कुछ हिस्सा जनता को देने की चर्चा हो रही है। तेल कंपनियों ने बुधवार 28 दिसंबर को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। इस तरह आज लगातार 216वां दिन है जब देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेट्रोल का भाव देश के कई स्थानों पर 110 रूपये प्रति लीटर को पार कर गया है।

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले महीनों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का फायदा आम जनता तक नहीं पहुंच रहा है। कुछ समय से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है।**

हालांकि इससे देश की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार के लक्षण परिलक्षित हुए हैं। आज की स्थिति की निष्पक्ष होकर समीक्षा करें तो सरकार मालामाल हो रही है और जनता कंगाल। आम उपभोक्ता आज भी महंगाई की बेरहम मार से पीड़ित होकर कराहने पर मजबूर है। सब्जी से लेकर दाल तक के भाव आसमान पर हैं और जनता धरती पर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए यह अवधि सुकून भरी है। पैट्रोल-डीजल की कीमतें हाहाकार की स्थिति से नीचे आकर धीरे-धीरे आम आदमी की पकड़ में आने लगी हैं। मगर कीमतों में गिरावट का पूरा फायदा सरकार आम जनता को नहीं दे रही है। इसमें सरकार के अपने तर्क वाजिब हो सकते हैं मगर जनता अपने अच्छे दिनों का इन्तजार कर रही है। जनता चाहती है कि तेल के भावों में गिरावट का उसे पूरा फायदा मिलना ही चाहिये।

इस समय विश्व की अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी तेल ही है। विभिन्न देशों की सरकारों की राजस्व प्राप्ति का एक बड़ा हिस्सा पैट्रोलियम पदार्थों से हासिल होता है। सरकार का कहना है कि जब तेल की कीमतें आसमान को छूने लगती हैं तब जनता को राहत प्रदान करने के लिए सरकार पर्याप्त मात्रा में अनुदान देती है जिसका फायदा जनता तक पहुंचता है। आज जब कीमतें गिर रही हैं तो सरकार को उत्पाद कर वसूलने का पूरा अधिकार है। सरकार का यह कथन पूरी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहला हित जनता का संरक्षित होना है। सरकार का यह दायित्व है कि वह अपनी जनता को विभिन्न रियायतें उपलब्ध कराकर लाभान्वित करे।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 12 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 2:24 तक, सौभाग्य योग दिन 12:32 तक, तैतिल करण सांय 4:38 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 9:00 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज मंगल मार्गी रात्रि 2:25 से होगा। आज स्वामी विवेकानन्द जयन्ती और राष्ट्रीय युवा दिवस है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:40 तक, चर 11:16 से 12:35 तक, लाभ-अमृत 12:35 से 3:11 तक, शुभ 4:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:48

**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**सिंह**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में नियंत्रण बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धन हानि हो सकती है।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।


**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

# विवेकानंद जी और उनके मुस्लिम अनुयायी के बीच मार्मिक संवाद



डॉ. जे.के.गर्ग



स्वामी विवेकानंद जी

बापू के भजन ईश्वर अल्लाह एक ही नाम, सबको सन्मति दें भगवान को सुन कर के मन के अंदर कुछ सवाल उभरते हैं जैसे संसार में अनेकों प्रकार के धर्मालंबी क्यों है? भगवान के रूप यथा शिव, विष्णु, ब्रह्मा, राम, कृष्ण, गणेश, ईशु मसीह, खुदा, महावीर बुद्ध आदि? हिन्दू मन्दिर में प्रवेश करने के पूर्व स्नान करते हैं? मुसलमान वजू क्यों करते हैं ? हिन्दू मृतक का अंतिम संस्कार करते हैं? क्यों मुसलमान शव को दफनाते हैं? अरब के मुल्कों में मांस खाया जाया है? क्यों हिन्दू वेजिटेरियन हैं? क्यों मुसलमान सूअर को खाने को जायज कहते हैं, दूसरी तरफ हिन्दू गाय के वध को पाप मानते हैं? इन सभी मुश्किल सवालों का उत्तर हमें विवेकानंद जी और उनके शिष्य मुंशी फैज अली के मध्य उपलब्ध वार्तालाप से मिल सकता है।

मुंशी फैज अली ने स्वामी विवेकानंद से पूछा– 'हमें बताया गया है कि अल्लाह एक ही है। यदि वह एक ही है, तो फिर संसार उसी ने बनाया होगा?' स्वामी जी ने जवाब दिया, 'सत्य है।' मुशी फेज अली ने फिर सवाल किया, 'तो फिर इतने प्रकार के मनुष्य क्यों बनाये। जैसे कि हिन्दु, मुसलमान, सिख, ईसाई और सभी को अलग-अलग धार्मिक ग्रंथ भी दिये। एक ही जैसे इंसान बनाने में उसे यानि की अल्लाह को क्या एतराज था। सब एक होते तो न कोई लड़ाई और न कोई झगड़ा होता।'

स्वामी ने हँसते हुए उत्तर दिया, 'मुंशी जी विचार करो वो सृष्टी कैसी होती जिसमें एक ही प्रकार के फूल होते। केवल गुलाब होता, कमल या रजनीगंधा या गेंदा जैसे फूल न होते!'

फैज अली ने कहा– 'सच कहा आपने। यदि एक ही दाल होती तो खाने का स्वाद भी एक ही होता। और तब दुनिया तो बड़ी फीकी सी हो जाती। स्वामी जी ने कहा, 'मुंशीजी! इसीलिए तो ऊपर वाले ने अनेक प्रकार के जीव-जंतु और इंसान बनाए ताकि हम पिंजरे का भेद भूलकर जीव की एकता को पहचाने ।'

मुंशी फैज अली ने स्वामी विवेकानंद से पूछा, 'हिन्दु कहते हैं कि मंदिर में जाने से पहले या पूजा करने से पहले स्नान करो। मुसलमान नमाज पढ़ने से पहले वजु करते हैं। क्या अल्लाह ने कहा है कि नहाओ मत, केवल लोटे भर पानी से हांथ-मुंह धो लो?'

स्वामी ने बताया कि– 'नहीं, अल्लाह ने नही कहा, अरब देश में इतना पानी कहां है कि वहाँ पाँच समय नहाया जाए । जहां पीने के लिए पानी बड़ी मुश्किल से मिलता हो वहां कोई पाँच समय कैसे नहा सकता है। यह तो भारत में ही संभव है, जहां नदियां बहती हैं, झरने बहते हैं, कुएं जल देते हैं। तिब्बत में यदि पानी हो तो वहां पाँच बार व्यक्ति यदि नहाता है तो ठंड के कारण ही मर जायेगा। यह सब प्रकृति ने सबको समझाने के लिये किया है।'

स्वामी विवेका नंद जी ने आगे समझाते हुए कहा कि, 'मनुष्य की मृत्यु होती है। उसके शव का अंतिम संस्कार करना होता है। अरब देशों में वृक्ष नही होते थे, केवल रेत थी। अत: वहाँ मृतिका समाधी का प्रचलन हुआ, जिसे आप दफनाना कहते हैं। भारत में वृक्ष बहुत बड़ी संख्या में थे, लकड़ी पर्याप्त उपलब्ध थी, अत: भारत में अग्नि संस्कार का प्रचलन हुआ। जिस देश में जो सुविधा थी वहाँ उसी का प्रचलन बढा । वहाँ जो मजहब पनपा उसने उसे अपने दर्शन से जोड़ लिया।'

फैज अलि विस्मित होते हुए बोला! 'स्वामी जी इसका मतलब है कि हमें शव का अंतिम संस्कार प्रदेश और देश की भौगोलिक अवस्था के मुताबिक़ करना चाहिए , मजहब के अनुसार नही।'

स्वामी जी बोले, 'हाँ! यही उचित है। किन्तु अब लोगों ने उसके साथ धर्म को जोड़ दिया। मुसलमान ये मानता है कि उसका ये शरीर कयामत के दिन उठेगा इसलिए वह शरीर को जलाकर समाप्त नहीं करना चाहता। हिंदू मानता है कि उसकी आत्मा फिर से नया शरीर धारण करेगी इसलिए उसे मृत शरीर से एक क्षण भी मोह नहीं होता।'

- **तिब्बत में पांच बार व्यक्ति यदि नहाता है तो ठंड के कारण ही मर जायेगा**
- **अरब देश में इतना पानी कहां है कि वहाँ पांच समय नहाया जाए**
- **'सब प्रकृति ने सबको समझाने के लिये किया है'**

तब फैज अलि ने पूछा कि, 'एक मुसलमान के शव को जलाया जाए और एक हिन्दु के शव को दफनाया जाए तो क्या प्रभु नाराज नही होंगे?'

स्वामी जी ने कहा, 'प्रकृति के नियम ही प्रभु का आदेश हैं। वैसे प्रभु कभी रुष्ट नही होते वे प्रेमसागर हैं, करुणा सागर हैं ।'

मुशी जी ने पूछा, 'इतने मजहब क्यों?'

स्वामी जी ने कहा, 'मजहब तो मनुष्य ने बनाए हैं, प्रभु ने तो केवल धर्म बनाया है।'

मुंशी जी ने कहा कि, 'ऐसा क्यों है कि एक मजहब में कहा गया है कि गाय और सुअर खाओ और दूसरे में कहा गया है कि गाय मत खाओ, सुअर खाओ एवं तीसरे में कहा गया कि गाय खाओ सुअर न खाओ इतना ही नही कुछ लोग तो ये भी कहते हैं कि मना करने पर जो इसे खाये उसे अपना दुश्मन समझो।'


स्वामी जी जोर से हँसते हुए मुंशी जी से पूछे कि, 'क्या ये सब प्रभु ने कहा है?'

मुंशी जी बोले नहीं, 'मजहबी लोग यही कहते हैं।'

स्वामी जी बोले, 'मित्र! किसी भी देश या प्रदेश का भोजन वहां की जलवायु की देन है। सागर तट पर बसने वाला व्यक्ति वहां खेती नहीं कर सकता, वह सागर से पकड़ कर मछलियां ही खायेगा। उपजाऊ भूमि के प्रदेश में खेती हो सकती है। वहां अन्न-फल एवं शाक-भाजी उगाई जा सकती है। उन्हें अपनी खेती के लिए गाय और बैल बहुत उपयोगी लगे। उन्होने गाय को अपनी माता, धरती को अपनी माता माना और नदी को माता माना। क्योंकि ये सब उनका पालन-पोषण माता के समान ही करती हैं। अब जहां मरुभूमि है वहाँ खेती कैसे होगी? खेती नही होगी तो वे गाय और बैल का क्या करेंगे? अन्न है नही तो खाद्य के रूप में पशु को ही खायेंगे। तिब्बत में कोई शाकाहारी कैसे हो सकता है? वही स्थिति अरब देशों में है। जापान में भी इतनी भूमि नहीं है कि कृषि पर निर्भर रह सकें।

**डॉ. जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# ग्रामीण सरसों की तूड़ी बेचकर करेंगे विद्यालय विकास



**पीपलू क्षेत्र के जयकिशनपुरा गांव में शिक्षकों की पहल पर ग्रामीणों ने स्कूल विकास के लिए बैठक की।**

**निवाई,** (निसं)। पीपलू क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जयकिशनपुरा के शिक्षकों की प्रेरणा से ग्रामीणों ने विद्यालय के लिए अनूठा समर्पण करने का ऐलान किया है।

जयकिशनपुरा के ग्रामीणों द्वारा किए गए तूड़ीदान से शिक्षा के मंदिर में नए कक्षा कक्ष बनेंगे। इसका निर्णय 9 जनवरी को रात्रि में जयकिशनपुरा शाला परिवार की ओर से आहूत की गई सर्व समाज की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

राज्य स्तर पर अपने नवाचारों के लिए सम्मानित हुए शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय ने 9 जनवरी सोमवार रात हुई बैठक में सर्व समाज के समक्ष विद्यालय विकास में सहयोग का प्रस्ताव रखा। बैठक में गांव की लगभग एक हजार बीघा भूमि की तूड़ी से होने वाली करीब 10० लाख रुपए की आय को विद्यालय विकास में देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।


- **एक हजार बीघा भूमि की तूड़ी से होने वाली करीब 10 लाख रुपए की आय विद्यालय को देगें**

गत दिनों जयकिशनपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 4 कार्मिकों ने शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा शिक्षक दिवस पर प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान में दी गई सम्पूर्ण राशि 52400 रुपए को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से विद्यालय में विकास के लिए दान की थी।

विष्णु शर्मा, सीबीईओ पीपलू का कहना है कि शिक्षा का दान सबसे बडा दान है। सभी गांवों में ऐसी पहल होनी चाहिए।

# 83 साल की उम्र में भी मोहनलाल कर रहे हैं गौसेवा

## पिछले सात वर्षो से शारदापुरम क्षेत्र में कर रहे हैं गायों की सेवा



**हाड़ कपाती सर्दी में राठौड़ी कुआं निवासी मोहनलाल गौ सेवा में जुटे हैं।**

**नागौर,** (निसं)। सवेरे के 6 बजे घनघोर अंधेरा, हड्डियों को कंपकंपाती सर्दी, गायों के बीच तगारी उठाए एक बुजुर्ग को बारी-बारी से गायों के बीच घास व कुतर का वितरण करते हुए देखा जा सकता है। पिछले 7 वर्षों से शारदापुरम क्षेत्र में 83 वर्षीय राठौड़ी कुआं निवासी मोहनलाल सांखला गजधर पुत्र चेनाराम माली के लिए शारदा बाल निकेतन के पीछे व चूंटीसरा चौराहा के पास बनी अस्थाई गौशाला में गायों की सेवा करना उनका जीवन बन चुका है। अस्थाई गौशाला की सफाई, गायों को चारा देना, इसके साथ ही ठंड से बचाव के उपाय करना उनके काम में शामिल है।

महावीर गौशाला के सहयोग से बने इस गौ सेवा केंद्र को लंपी रोग से पीड़ित गोवंश के लिए अ स्थाई केंद्र भी बनाया गया जहां गायों की पोषण के साथ-साथ चिकित्सकीय उपचार भी किया जाता रहा है। इस कार्य में महावीर गौशाला के संचालक बलदेव सिंह सांखला, नरपत चारण, गजदर रामकुमार सांखला, पवन सांखला, भीमराज शर्मा, नत्थूराम सांखला, इंद्र चंद सांखला सहित अनेक समाज बंधुओं द्वारा सहयोग किया गया।

# जापानी पर्यटक का राधा-कृष्ण प्रेम, ऊंट पर उकेरी आर्ट

## कैमल फेस्टिवल के लिए सजाया ऊंट

**बीकानेर,** (कासं)। पास के नाल गांव में इन दिनों एक जापानी लड़की को देख लोग हैरान हो रहे हैं। पिछले एक महीने से टोक्यो (जापान) की ये लड़की दिनभर गांव में ऊंटों के बीच रह रही है। राधा-कृष्ण से इतना प्रेम है कि कैमल फेस्टिवल के लिए अपने ऊंट को सजाते हुए उनकी ही आर्ट को उकेरा है।

एक महीने से यहीं के गांव में रहते हुए ही मैगुमी उर्फ मेगी (28) राजस्थानी फूड का भी आनंद ले रही हैं। उन्हें बाजरे की रोटी और गुड के साथ लंच करना काफी पसंद है। इनसे संवाददाता ने कैमल फेस्टिवल को लेकर क्या खास तैयारी है यह भी जाना। मैगुमी बीकानेर एयरफोर्स स्टेशन के पास रह कर अपने सहयोगियों के साथ ऊंट का 'हेयर कट' कर रही हैं। यह हेयर कट से ऊंट के शरीर पर तरह-तरह की आर्ट बनाती है। ये आर्ट इसलिए खास है, क्योंकि मैगुमी भारतीय परंपराओं से जुड़े चित्र ऊंट पर बनाती हैं।

- **नाल गांव में एक माह से रह रही मैगुमी को पसंद है बाजरे की रोटी और गुड़**

मैगुमी ने बताया कि वह ऊंट पर कृष्ण और राधा के प्रेम, राजस्थानी वेषभूषा में सजी-धजी महिलाएं व 'पधारो म्हारे बीकाणा' का आर्ट बना रही हैं व इसके बदले मैगुमी ऊंट मालिक को 500 रुपए रोज देती हैं।

मैगुमी करीब दस साल पहले भारत घूमने आई थीं। इस दौरान बीकानेर यात्रा में कैमल फेस्टिवल देखा था। पहली बार ऊंट फैस्टीवल देखकर वह हर कैमल फेस्टिवल देखने के लिए आने लगीं।

मैगुमी कहती है कि वह आर्ट की शौकीन हैं। उसने अपने दोस्त संजय इणखियां को फोन करके एक ऊंट की व्यवस्था करने के लिए बोला । ऊंट की व्यवस्था के बाद मैगुमी दिनभर ऊंट पर कतरन करके कई तरह की आर्ट बनाती हैं। मैगुमी ने अन्य कलाकारों को देखकर ही यह कला सीख ली है । अब वो इस कला में माहिर हो चुकी हैं।

मैगुमी ने ऊंट के एक तरफ राजस्थानी युवती को नृत्य करते हुए दिखाया है। दूसरी तरफ कृष्ण और राधा को दिखाया है। ऊंट की कूबड़ पर भी राजस्थानी लोक कला को उकेरा है। इतना ही नहीं एक पैर पर 'कैमल फेस्टिवल' लिखा है। दूसरी तरफ 'म्हारो प्यारो बीकाणो' भी लिखा है। मैगुमी पिछले एक महीने से नाल गांव में रहते हुए वह ग्रामीण भोजन ही कर रही हैं।

# अवैध तरीके से लगे बैनर-होर्डिंग बने परेशानी का सबब

**सायला,** (निसं)। जालोर जिले में सायला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पिछले कई साल से अवैध तरीके से बैनर व होर्डिंग्स जोर-शोर से लगाए जा रहे है। हालात यह है कि सार्वजनिक जगहों पर धड़ल्ले से पोस्टर, बैनर व होर्डिंग लगे हुए हैं। ऐसे में अवैध तरीके से लगे पोस्टर, बैनर व होर्डिंग वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहे हैं।

नगर के पुराना व नया बस स्टैण्ड, पंचायत समिति मोड़, पुलिस थाना मोड़, अम्बेडकर चौक, अम्बे माता मंदिर मोड़, कात्यायनी माता मंदिर, वीराना तिराहा, बागोड़ा रोड तिराहा, मुख्य बाजारों एवं चौराहे पर जगह-जगह बैनर-होर्डिंग लगे हुए हैं। यहां स्कूल, निजी हॉस्पिटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अलावा राजनीति में दखल रखने वाले लोगों द्वारा बैनर-होर्डिंग लगाने की होड़ मची हुई हैं। प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से बैनर व होर्डिंग्स लगाने वालों के हौसले भी बुलंद है। इन लोगों ने डिवाइडर पर लगे साईन बोर्ड पर भी छोटे-बडे होर्डिंग्स लगा रखे है। जिससे यू-टर्न एवं डिवाइडर कट जैसे छोटे साईन बोर्ड दिखाई नही देते है।

- **स्कूल, निजी हॉस्पिटल व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अलावा राजनैतिक दलों में बैनर-होर्डिग लगाने की होड़ मची हुई है**

केशरसिंह भायल, ग्राम विकास अधिकारी सायला का कहना है कि ग्राम पंचायत की ओर से किसी को भी बैनर होर्डिंग्स लगाने की अनुमति नही दी हुई हैं। सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर-होर्डिंग्स के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी कर हटाने की कार्रवाई करेंगे।

मनमोहन मीणा, विकास अधिकारी पं.स. सायला के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर होर्डिंग्स हटाने के लिए ग्राम पंचायत को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करता हूं।

# एक रात में मंडावरी कृषि मंडी में 13 दुकानों के ताले तोड़े

## 9 लाख 20 हजार रुपए किए पार, ढाई महीने में दूसरी बड़ी वारदात

**लालसोट,** (निसं)। मंडावरी कृषि उपज मंडी में मंगलवार की रात में नकाबपोश चोरों ने चार घंटे में 13 दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया तथा 9 लाख 20 हजार रुपये पार कर ले गये। इससे पहले भी कृषि मंडी में जिंसों के भरे कट्टे-बोरी आदि की चोरी हुई थी।

सबसे बड़ा सुकून का विषय यह रहा कि कई दुकानों में लाखों रुपए की नगदी अलमारी में भरी पड़ी थी लेकिन वहां तक चोर नहीं पहुंच पाए। घटना का पता उस समय चला जब मंडी का एक कर्मचारी सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहा था।


उसने दुकान के ताले टूटे देख संबंधित दुकानदार. मंडी समिति सचिव व मंडी व्यापार संघ पुलिस आदि को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे व्यापारियों ने कृषि मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए गार्ड लगे होने के बाद बड़ी चोरी की घटना घटित होने को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

मंडी व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए रात्रिकालीन गश्त के लिए चार गार्ड लगा रखे थे लेकिन सभी गार्ड सो रहे थे। वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल एवं तहसीलदार मदनलाल मीणा द्वारा व्यापारियों से घटना का बारीकी से जायजा लिया गया।

पुलिस उपाधीक्षक द्वारा घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल करते हुए लालसोट थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा मंडावरी, थानाधिकारी रामपाल मीणा झापदा, थाना अधिकारी रिछपाल सिंह आदि को घटना से जुड़े साक्ष्य तकनीकी आधार पर एकत्र करने एवं वारदात खुलासे को लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।

चोरी की वारदात के दौरान कृषि उपज मंडी समिति द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा बंद होने को लेकर भी व्यापारी सेवा समिति व्यापार मंडल के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद महारिया के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता के समक्ष गहरी नाराजगी जताते हुए कैमरा चालू कराने की मांग की गई। वारदात को अंजाम देने वाले चोर इतने शातिर थे कि उनके द्वारा घुसने से पहले ही कुछ दुकानों के सीसीटीवी कैमरो को खराब कर दिया गया।

मंडी व्यापारी सेवा समिति द्वारा इस चोरी की वारदात को लेकर चौकीदारी व्यवस्था की परम दिवाकर प्लेसमेंट प्राइवेट लिमिटेड जयपुर के चारों रात्रि कालीन चौकीदारों के खिलाफ परिवाद पेश कर चोरी गई राशि को बरामद करवाने की मांग की गई है। वहीं पुलिस इस चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए तकनीकी स्तर पर एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर जुटी हुई है।



वारदात के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली।

- रात्रिकालीन गश्त में लगे सभी चार गार्ड सो रहे थे
- गार्डों की मौजूदगी में हुई चोरी

# तीन सायबर ठग एटीएम बूथ के पास से दबोचे

## ठगों से आठ एटीएम कार्ड, चार मोबाइल, एक स्वाइप मशीन, 1,25,000 नकदी व एक कार जप्त की



साइबर ठगों से कार बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया।

**अलवर,** (निसं)। तेजस्वनी गौतम पुलिस अधीक्षक के सायबर क्राइम पर कंट्रोल करने के लिये पुलिस ने सूचना पर कुछ सायबर ठगों को चिन्हित किया तथा टीम द्वारा लगातार उन पर निगरानी रखी गई। इसी दौरान सूचना मिली कि एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी में तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं जो जगह-जगह एटीएम मशीनों से विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्डों के द्वारा रूपये निकालते हुए घूम रहे हैं। जो अब गोविन्दगढ़ कस्बा के एटीएम मशीनों से रुपये निकालने की फिराक में हैं।

इस सूचना पर कस्बा गोविन्दगढ़ में एक क्रेटा गाड़ी पीएनबी एटीएम के पास खड़ी हुई थी। जिसमें तीन व्यक्ति बैठे दिखाई दिये। जो पुलिस जाब्ता व सरकारी गाडी को देखकर गाडी स्टार्ट करके चलने लगे, जिनको मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी कय्यूम मेव निवासी सहसन थाना जुरहरा जिला भरतपुर, कैफ खां मेव निवासी सहसन पुलिस थाना जुरहरा जिला भरतपुर, जहीर मेव निवासी सहसन पुलिस थाना जुरहरा जिला भरतपुर शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूंछताछ की गई तो उक्त तीनों ने बताया कि हम हमारे साथी राहुल निवासी धानका व याहया खां निवासी धानका जो विभिन्न तरीकों से ऑन लाइन ठगी कर विभिन्न बैंकों के खातों में लोगों से धोखाधड़ी कर पैसे डलवाते हैं, जिन पैसों को हम तीनों मिलकर विभिन्न एटीएम कार्डों से निकालकर अपना-अपना कमीशन काटकर शेष पैसों को राहुल निवासी धानका व याहया खां निवासी धानका को दे देते हैं। जो एटीएम कार्ड हमारे पास हैं उन कार्डधारकों को भी हम 500 -500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से देते हैं। जिनमें कुछ कार्ड हमने हमारे परिवार के सदस्यों के नाम से बनवा रखे हैं।

आरोपियों के कब्जे से बरामद एटीएम कार्डों व राशि के सम्बन्ध में सम्बन्धित बैंकों से जानकारी की जा रही है। सायबर ठग जिन खातों में पैसे डलवाते है उनके खाताधारकों के बारे में जानकारी की जा रही है। आरोपियों के साथी ठग राहुल निवासी धानका व याहया खां निवासी धानका की तलाश की जारी है। गिरफ्तारशुदा आरापियों से बरामद मोबाइलों के अवलोकन से यह तथ्य सामने आये है कि आरोपीयान पिछले 2-3 साल में सैक्सटॉर्शन से ऑनलाइन ठगी कर लोगों से करीब 11 करोड़ रूपये की राशि की ठगी कर चुके हैं।

- एटीएम कार्डधारकों को भी 500 -500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से देते थे ठग
- आरोपी 2-3 साल में करीब 11 करोड़ रूपये की राशि की ठगी कर चुके हैं

# कटौती आदेशों की अवहेलना करने पर 14 इकाईयों के कनेक्शन काटे

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 75 प्रतिशत बिजली कटौती के उल्लंघन करने वाली 14 औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके विद्युत संबंध विच्छेद कर दिए है। देबारी में 7, चित्तौड़गढ़ में 5, सराधना में 1 एवं केकड़ी में 1 औद्योगिक इकाइयों के विद्युत संबंध विच्छेद किये गए है। रिव्यू मीटिंग के दौरान रबी की फसल की सिंचाई को देखते हुए डिस्कॉम अध्यक्ष भास्कर ए सावंत ने 14 जनवरी तक औद्योगिक क्षेत्रों में कटौती के निर्देश दिए है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि बुधवार को डिस्कॉम अध्यक्ष भास्कर ए सावंत ने पावर सप्लाई मैनेजमेंट को लेकर रीव्यू मीटिंग ली। बैठक में सावंत ने शाम 5 से 8 के मध्य 75 प्रतिशत कटौती के आदेश का उल्लंघन पर 14 औद्योगिक इकाइयों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। अजमेर डिस्कॉम की टीम ने इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए 14 औद्योगिक इकाइयों के विद्युत संबंध विच्छेद कर दिए है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए अजमेर विद्युत वितरण निगम ने 5 से रात्रि 08 के मध्य औद्योगिक क्षेत्रों में 75 प्रतिशत बिजली कटौती करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अभी रबी की फसल की सिंचाई का समय चल रहा है, इसलिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाना डिस्कॉम की प्राथमिकता है।

निर्वाण ने अपील करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति प्रबंधन की व्यवस्था के तहत सभी औद्योगिक इकाई लोड रिस्ट्रिक्शन के अनुसार ही अपनी इकाई संचालित करे। उन्होंने ठाामीण उपभोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि शाम के समय सिंगल फेज मोटर का उपयोग नही करे क्योकि इससे घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को लाइटिंग लोड की समस्या आ सकती है।

- देबारी में 7, चित्तौड़गढ़ में 5, सराधना में 1 एवं केकड़ी में 1 इकाइयों के बिजनी कनेक्कशन काटे

# हाईकोर्ट ने सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश संदीप मेहता और न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने राज्य सरकार के खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामलात के प्रमुख सचिव को निर्देश दिया है कि राज्य की सभी राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की चल पीठ और जिला उपभोक्ता आयोग में तत्काल प्रभाव से उचित और सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। साथ ही आगामी 7 फरवरी तक राज्य के विभिन्न जिला आयोग के रिक्त अध्यक्ष पद और सदस्यों की नियुक्ति बाबत पुख्ता जानकारी से अवगत कराएं।

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथू सिंह राठौड़ की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिला आयोग में अध्यक्ष के 16 पद और सदस्यों के 10 पद काफी अरसे से रिक्त हैं और इन पदों को भरने के साक्षात्कार भी गत अक्टूबर माह में पूर्ण होने के बावजूद भी राज्य सरकार ने अभी तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर राहत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य उपभोक्ता आयोग की जोधपुर चल पीठ सहित अन्य चल पीठ और जिला आयोगों में न तो बैठने के वास्ते उचित फर्नीचर की व्यवस्था है और न ही अन्य संसाधनों की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि गत 13 दिसंबर को खंडपीठ के निर्देश के बावजूद भी राज्य सरकार की ओर से अभी तक जोधपुर में राज्य आयोग की स्थाई पीठ स्थापित करने की कार्रवाई बाबत कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतिरिक्त महाधिवक्ता करण सिंह राजपुरोहित ने कहा कि वे आगामी तारीख तक इस बारे में पुख्ता जानकारी उपलब्ध करा देंगे।

## कवि सम्मेलन में भाग लेंगे कुमार विश्वास

**भीलवाड़ा,** (निसं.)। भीलवाड़ा महोत्सव 12 से 14 जनवरी तक मनाया जा रहा है।अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) डॉ राजेश गोयल ने बताया कि 14 जनवरी को आयोजित होने वाला कवि सम्मेलन अब 12 जनवरी को होगा। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या में सिक्किम, आसाम, गुजरात व महाराष्ट्र के सांस्कृतिक केंद्रों के लोक नृत्य किए जायेंगे।

# तीन आरोपियों को उम्रकैद

**कोटपूतली,** (निसं.)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 17 जनवरी 2022 को युवक की हत्या के मामले में अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश क्रम एक भारत भूषण शर्मा की बैंच ने सुनवाई करते हुए हत्या की वारदात के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास कि सजा सुनाते हुए एक-एक लाख रूपयों के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है।

इस सम्बंध में अपर लोक अभियोजक भोजराज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 18 जनवरी 2022 को पनियाला थाना क्षेत्र में एक्सप्रैस वे के पास लिक्ष्मा होटल के पीछे सरसों के खेत में एक युवक गिर्राज पुत्र रामशरण गुर्जर का शव मिला था। जिस पर गिर्राज के भाई व परिवादी हनुमान गुर्जर ने पनियाला थाने में दर्ज करवाया था। मामले में पुलिस ने अभियुक्त दौलतराम, सत्यवीर उर्फ शक्ति दोनों निवासी पनियाला एवं जयसिंह निवासी नालोता, बहरोड़ (अलवर) की गिरफ्तारी की।

# स्कूल की छुट्टियों का झूठा आदेश वायरल

**करौली,** (नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय पर किसी व्यक्ति ने एडीएम के हस्ताक्षर युक्त एक फर्जी कार्यालय आदेश जारी करते हुए 11 एवं 12 जनवरी तक शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए अवकाश घोषित कर दिया जिससे स्कूल संचालकों में भ्रम की स्थिति हो गई। मंगलवार की रात्रि को कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के लेटर पैड से एक आदेश एडीएम मुरलीधर प्रतिहार के द्वारा जारी किया जाना बताया। जिसमें उल्लेख किया गया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा करौली के प्रस्ताव अनुसार करौली जिले में शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों, मदरसो में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की 11 से 12 जनवरी तक के अवकाश में वृद्धि की जाती है। लेटर सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो गया। पत्र का असर बुधवार को प्रात: देखने को मिला। कई विद्यालय तो समय पर नहीं खुल पाए और जो विद्यालय खुले उनमें विद्यार्थियों की संख्या नगण्य दिखाई दी। इस मामले को लेकर जब अतिरिक्त जिला कलेक्टर से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का अवकाश नहीं बढ़ाया गया है।

## भीलवाड़ा महोत्सव में होंगी प्रतियोगिताएं

**भीलवाड़ा,** (निसं) भीलवाड़ा महोत्सव 2023 के विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में गैर नृत्य प्रदर्शन 12 जनवरी को सायं 4 बजे से 5 बजे के बीच में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र मार्ग विद्यालय के खेल मैदान में होगी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समठा शिक्षा महावीर कुमार शर्मा ने बताया की खाना खजाना, मूंछ, मटकी, चम्मच दौड, चेयर रेस एवं साफा बाधों प्रतियोगिता 13 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक चित्रकूट धाम में और घूमर नृत्य प्रदर्शन (राजस्थान घूमर डांस फेस्टीवल) 13 जनवरी को सायं 5 बजे से 6 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र मार्ग विद्यालय के खेल मैदान मे होगा।

# हनी ट्रैप, दोस्ती के बाद प्यार के जाल में फंसा कपड़ा व्यापारी

## 13 लोगों को फंसा चुकी महिला, दलाल के साथ पकड़ी गई

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के औद्योगिक थाना पुलिस की गिरफ्त में व्यापारी को हनी ट्रैप में फंसाने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला ने व्यापारी को दोस्ती के जाल में फंसाया फिर दलाल की मदद के उसके अश्लील वीडियो बनाकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसकी स्कूटी और खाली चेक ले लिए। व्यापारी से 5 लाख रुपए भी मांगे। व्यापारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला और दलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि महिला काफी शातिर है। बाड़मेर, नागौर जिले समेत कई थानों में 13 अलग-अलग लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, रेप और रेप की कोशिश जैसे आरोप लगाते हुए मामले दर्ज करवाए थे। जिसमें से ज्यादातर मामले झूठे निकले। महिला के खिलाफ 4 लोगों ने हनी ट्रैप में फंसाने का मामला दर्ज करवा रखा है।

औद्योगिक थाने के हिंगलाजदान ने बताया कि 9 जनवरी को पाली के घांचियों का बड़ा बास निवासी लक्ष्मीनारायण उर्फ कालू घांची ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि जया उर्फ जिया नाम की महिला ने पहले दोस्ती की। उसके बाद 5 जनवरी 2023 को हाउसिंग बोर्ड स्थित अपने मकान पर बुलाया। मकान में अपने साथी जयराम के साथ मिलकर बंधक बनाया और मारपीट कर वीडियो बनाया। वीडियो को वायरल करने और रेप के मामले में फंसाने की धमकी देकर एक्टिवा, खाली चेक और अन्य कागज लेकर 5 लाख रुपए मांगे। पुलिस ने जांच के बाद बाड़मेर जिले के कापराउ (चौहटन) हाल हाऊसिंग बोर्ड पाली की रहने वाली जया उर्फ जिया (31) पत्नी देवाराम जाट और पीपाड़ सिटी के भाटियों का बेरा पीपली नाडी बोरूंदा हाल पाली के बापूनगर के रहने वाले जयराम (38) पुत्र पेमाराम माली को गिरफ्तार किया।

एएसआई आमसिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी महिला ने करीब 5-6 साल पहले अपने पति को छोड़ दिया था। महिला द्वार पूर्व में 13 मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज कराए। जिनमें से अधिकतर पुलिस जांच में जुठे निकले। पाली समेत अन्य जिलों के 5 लोगों ने आरोप महिला के खिलाफ थाने में दोस्ती या शादी करने का झांसा देकर हनी ट्रैप में फंसाकर रुप हड़पने का मामला दर्ज करवा रखा है।

- अश्लील वीडियो बनाकर फंसाने की धमकी देकर स्कूटी और खाली चेक लिए
- महिला के खिलाफ 4 लोगों ने हनी ट्रेप में फंसाने का मामला दर्ज करवा रखा है

# सी.सी. सड़क पर डामर पोत घटिया निर्माण छुपाने की कारस्तानी

**सुजानगढ़,** (निसं)। विधायक मनोज मेघवाल द्वारा तीन दिन पहले लोकार्पित सड़क पर ठेकेदार द्वारा डामर की कालिख पोत कर घटिया निर्माण को छुपाने की कारस्तानी की गई है। सरावगी पेट्रोल पम्प के सामने से वाल्मिकी बस्ती में निर्मित सी.सी. सडक का विधायक मनोज मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी द्वारा गत सात जनवरी को लोकार्पण किया गया था। घटिया निर्माण के चलते सडक जगह-जगह से उखड गई है। सडक की उखडी परतों को ढकने के लिए सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर डामर की कालिख पोती गई है।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रेवन्त मल पंवार ने घटिया निर्माण पर सवालिया निशान लगाए व जांच कराने के साथ प्रशासन से ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटिया निर्माण को ढकने के लिए ठेकेदार द्वारा कारस्तानी करते हुए सडक पर जगह-जगह डामर लगा कर छिपाने का प्रयास किया गया है। चालीस लाख रूपये से अधिक की लागत की सडक अपने निर्माण के बाद कुछ दिन भी नहीं चल पाई, जबकि इस सडक पर भारी वाहनों का आवागमन भी नहीं है। सडक कितने दिन ठहर पायेगी, इस पर लोगों को अभी से संशय है। ठेकेदार द्वारा निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग करने से सडक अपने निर्माण के बाद कुछ दिन भी नहीं झेल पाई और बिखरनी शुरू हो गई।



सुजानगढ सी.सी. सडक पर खानापूर्ति के लिए लगाया गया डामर।

## सोलर प्लेट्स चोर गैंग का खुलासा

**बाप,** (निसं)। बाप पुलिस टीम ने बाप क्षेत्र में स्थापित सोलर प्लांटों से सोलर प्लेट्स चोरी करने की गैंग का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से पूर्व में सोलर प्लांटों में की गई चोरियों में तीन वारदात का भी खुलासा हुआ है। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया कि भंवरसिंह पुत्र सांगसिंह राजपुत निवासी बावडी बरसिंगा हाल सिक्युरटी इन्चार्ज सिक्युरटी सर्विस यारो सोलर प्लांट भडला व उम्मेद सिंह पुत्र सुगनसिंह राजपूत निवासी बिठे का गांव थाना नोख हाल सिक्युरीटी इंचार्ज क्लीन सोलर पॉवर भडला अलग-अलग रिपोर्ट पेश कर बताया था कि रात्रि के समय में सोलर प्लेटे चोरी कर ले गये थे।

पुलिस टीम ने सूचना एवं तकनीकी स्त्रोत के आधार पर अमरदीन पुत्र लालदीन उर्फ लालु खां खालत निवासी सत्याया पुलिस थाना नाचना जिला जैसलमेर, सज्जनसिंह पुत्र गिरधरसिंह निवासी सांकडिया पुलिस थाना नाचना जिला जैसलमेर, निम्बुराम पुत्र जोधाराम निवासी अवाय पुलिस थाना नाचना जिला जैसलमेर, सदाम हुसैन पुत्र नुरे खां निवासी सत्याया पुलिस थाना नाचना जिला जैसलमेर, मेहबूब खां पुत्र हुसैन खां निवासी सत्याया पुलिस थाना नाचना जिला जैसलमेर तथा सिकन्दर खां पुत्र गागन खां निवासी सत्याया गिरफ्तार किया।

# कामां को जिला बनाने की मांग, बाजार बंद रहे

## पैदल मार्च कर जयपुर कूच की तैयारियां शुरू

**कामां,** (निसं )। नीम का थाना के जिला बनाने की पहल के बाद अब कामां को जिला बनाने की मांग को लेकर व्यापार महासंघ इकाई कामां ने पूर्णरूपेण बाजार बंद कर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 26 जनवरी को ध्वजारोहण के उपरांत संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर के लिए पैदल कूच करेगा।

कामां को जिला बनाने की मांग अब हर एक विधानसभा वासी की भावना बनती जा रही है, भावनाओं की कदर करते हुए व्यापार महासंघ अध्यक्ष कमल अरोड़ा के संगठित नेतृत्व के चलते पूरी तरह से बाजार बंद रहे। जिला बनाने की मांग को लेकर पूर्व में भी व्यापार महासंघ अध्यक्ष कमल अरोड़ा द्वारा एक लाख रुपए का आर्थिक सहयोग दिया था। व्यापारियों ने सम्पूर्ण बाजार बंद कर लाल दरवाजे से एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि कामां एक धार्मिक नगरी जहां हर रोज हजारों पर्यटक दर्शन करने के लिए आते हैं, इसी के साथ-साथ हरियाणा व उत्तरप्रदेश सीमा से लगा हुआ विधानसभा क्षेत्र है। यह क्षेत्र शैक्षणिक आर्थिक, कृषि व राजनैतिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यह क्षेत्र राजनैतिक रूप से उपेक्षित क्षेत्र रहा है इसलिये यहां विकास नहीं हो पाया है। इन सभी बिन्दुओं को मद्देनजर रखते हुये कामां को जिला बनाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार महासंघ भरतपुर के जिला उपाध्यक्ष कैलाश लोहिया, व्यापार महासंघ से संरक्षक रामशरण चेयरमैन सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



ग्रामीणों ने जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

## संक्षिप्त

### संगीतमय श्रीराम कथा का विश्राम

**जयपुर** (कासं)। पानीपेच स्थित नेहरू नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही सात दिव्य संगीतमय श्रीराम कथा का आज धूम-धाम से विश्राम हुआ। जिसमें कथा के समापन पर कथा वाचक श्री धनश्रीराम जी ने सुदामा जी के प्रसंग के बारे में बताया। सभी श्रोताओं ने मन्त्र मुग्ध होकर संगीतमय कथा को सुना एवम भजन अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो दर पे सुदामा गरीब आ गया सुनकर भक्तो के आँखों मे अश्रु आ गए एवम झुम उठे। कथा आयोजक विष्णु बियानी ने बताया कि कथा में दानदाताओ द्वारा प्राप्त राशि से किसी गरीब के विवाह एवम गरीबों के उत्थान मे ली जाएगी। मनीष केड़िया एवम सुनील अग्रवाल ने बताया कि कथा में कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास समेत पार्षद मनोज मुद्गल, सुभाष व्यास, मोहन अग्रवाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलाया

**जयपुर** । राजधानी के आदर्श नगर स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव समवेत स्वर बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम का प्रबोधन हुआ। निम्बाराम ने विवेकान्द जयंती की पूर्व संध्या पर विवेकानंद के मंत्र के जरिए राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हम सबका मंतव्य देश सेवा होना चाहिए। निम्बाराम ने प्रेरित किया कि ऐसा काम करो जिससे देश का नाम विश्व में ऊंचा हो। कार्यक्र में मुख्य अतिथि संपादक गोपाल शर्मा ने बच्चों को गुरु गोविन्द सिंह और वीर शिवाजी को जन्म देने वाली जीजा बाई के जीवन से परिचय करवाते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी बच्चों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की सीख दी। मुख्य वक्ता विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री अवनीश भटनागर ने संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे विद्यार्थी या अच्छे नागरिक देना विद्यालय की ही नहीं राष्ट्र की उपलब्धि है। विद्याभारती केवल व्यक्ति की बात नहीं करता बल्कि राष्ट्र निर्माण की बात करता है।

### युवा अधिवक्ता दिवस आज

**जयपुर** (कासं)। स्वामी विवेकानंद जयंती पर गुरूवार को राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के अधिवक्ता परिषद की ओर से युवा अधिवक्ता दिवस मनाया जायेगा। अध्यक्ष विनोद गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यह कार्यक्रम नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां के तोतूका भवन में शाम 4:30 बजे होगा। समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पंकज मित्थल रहेंगे, जबकि मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन.माथुर साहब करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक विश्लेषक तनया प्रफुल्ल गडकरी रहेगी।

### बदमाशों ने युवती का फोन छीना

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया झालाना डूंगरी निवासी अलीजा खान 9 जनवरी को डब्ल्यूटीपी मॉल आई थी। रात को वापिसी में मॉल के सामने बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाई

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी कार को आग लगा कर फरार हो गए। जांच-अधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया मकान संख्या-122, मुक्तानंद नगर निवासी विमलेश कुमार (62) ने रिपोर्ट दी है। आरोप है 8 जनवरी की रात अज्ञात बदमाश घर के बाहर खडी आई ट्वेंटी कार में आग लगा कर भगा गए। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।


### दुष्कर्म का फरार आरोपी पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। खोह-नागोरियान थाना पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया गिरफ्तार आरोपित कैलाश चंद शर्मा (49) निवासी राधा वल्लभ नगर, खो नागोरियान का रहने वाला है। वहीं, एसएमएस थाना पुलिस ने युवती से रेप के मामले में सहयोगी धनराज केवट (28) निवासी गांव भदाना, रेल्वे कॉलोनी, कोटा को गिरफ्तार किया है।

# जयपुर से ट्रक चुराकर मेवात में बेचने वाला बदमाश गिरफ्तार

## हरमाड़ा पुलिस ने गिरोह के सरगना को दबोचा, ट्रक भी बरामद किया





हरमाड़ा थाना पुलिस ने जयपुर शहर में ट्रक चुराने वाले बदमाश जैद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया हुआ ट्रक जब्त किया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में ट्रक चुराकर मेवात में औने-पौने दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करने वाले आरोपित को हरमाड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित गिरोह का सरगना भी है, जिसके खिलाफ संगीन मामलों में विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने सरगना के कब्जे से चोरी गया ट्रक बरामद किया है।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया गिरोह का सरगना जैद उर्फ जावेद उर्फ लकोरी (34) निवासी सिंगार नगला खेडा जिला नूंह, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित जयपुर से ट्रकों की चोरी कर मेवात ले जाकर बेच देता है, इससे मिले रुपयों से अपना शौक पूरा करते है। आरोपी से चोरी किया गया ट्रक भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार के करीब दो दर्जन प्रकरण दर्ज है। आरोपित ने जयपुर से एक दर्जन से अधिक ट्रक चोरी कर ले जाना कबूल किया है। एडिशनल डीसीपी रामसिंह ने बताया शहर में अचानक बढ़ी ट्रक चोरी की घटनाओं को लेकर एक विशेष टीम गठित कर मेवात रवाना की गई। टीम ने मेवात क्षेत्र में रहकर महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा कर वाहन चोरों व लूट के अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी। इसके अलावा वाहन चोरी के बाद मे उपयोग में लिए जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख कर सभी टोलों पर और नाकों पर नाकाबंदी करवाई गई। टोल प्लाजा बहला जिला अलवर में टोल कर्मियों ने ट्रक को रोका तो आरोपियों ने टोल कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची तो दो आरोपित फरार हो गए, लेकिन सरगना जैद उर्फ जावेद उर्फ लकोरी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी प्रकार हरमाड़ा पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को भी दबोचा है।

■ **अलवर में बहला टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने रोका तो बदमाशों ने की थी फायरिंग**

थानाधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया गिरफ्तार चोर अखिलेश कुमावत (24) नाहरी नाका शास्त्री नगर का रहने वाला है, जिसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है। आरोपित बाइक लेकर गली-गली घूमकर सूने मकानों की रेकी करता है और फिर रात के समय वारदात को अंजाम देता है।

## चिरंजीवी योजना में वाट्सएप पर मिलेगी मदद

**जयपुर,** (कासं)। प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर उसका तत्काल समाधान करने के लिए स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी द्वारा जल्द ही वाट्सअप हैल्प लाईन सेवा भी शुरू की जाएगी।

स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुचि त्यागी ने बताया कि इसके लिए विभाग की ओर से एक वाट्सअप नम्बर जारी किया जाएगा। जिसका विभिन्न माध्यमों से आमजन के बीच प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अगर किसी लाभार्थी को योजना से संबंधित कोई भी समस्या होगी तो वह उस नम्बर पर मैसेज कर सकेगा। उस मैसेज को तत्काल ही संबंधित को भेजकर लाभार्थी की समस्या का समाधान करवाया जाएगा और योजना का लाभ सुनिश्चित करवाया जाएगा। त्यागी ने बुधवार को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए कि योजना का समयबद्ध व पूर्ण लाभ सुनिश्चित होना चाहिए। किसी लाभार्थी को योजना का लाभ लेने में कोई समस्या आ रही हो तो संबंधित अधिकारी उसका तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि कोई मामला जिला स्तर पर ही या प्रथम स्तर पर ही समाधान योग्य हो तो संबंधित उसका त्वरित निस्तारण करें।

# पावरग्रिड बागपत अस्पताल में देगा चिकित्सा सुविधाएं

**जयपुर** (कासं)। पावरग्रिड की सीएसआर पहल के तहत आप जिला अस्पताल समेत बागपत जिले में 11 नंबर मातृ व नवजात शिशु केयर यूनिट, आठ नंबर पोषण रिहेबिलिटेशन केन्द्र एवं दो संख्या मोबाइल पेथोलाजी लैब की स्थापना होगी।

बागपत जिले में 12 महीने तक कुपोषित बच्चों, कम वजन वाले बच्चे-किशोरी बालिकाओं को पोषक आहार व प्रोटीन प्रदान करने के संबंध में 3.47 करोड़ रूपए के वित्तीय सहायता के लिए जिलाधिकारी, बागपत की उपस्थिति में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, बागपत एवं पावरग्रिड की ओर से विनायक चौहान, वरिष्ठ महाप्रबंधक ने समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के समय जिलाधिकारी बागपत, राज कमल यादव, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, बागपत, दिनेश कुमार, सीएमओ, बागपत यशवीर सिंह तथा पावरग्रिड की ओर से विनायक चौहान, वरिष्ठ महाप्रबंधक सी.एस.आर., अभिषेक शास्ता, उपमहाप्रबंधक, प्रभारी बागपत उपकेन्द्र, सत्येन्द्र कमार सिंह, मुख्य प्रबंधक सी.एस.आर. एवं मयंक राणा, उप प्रबंधक, बागपत उपकेन्द्र समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जलदायकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने बुधवार को मिस्त्री खाना स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में बुधवार को सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने मिस्त्री खाना स्थित जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया। जहां यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने अधिशाषी अभियंता संजय शर्मा को लंबित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, प्रदेश सलाहकार रामाशंकर गुर्जर और कार्यवाहक अध्यक्ष केदार प्रसाद शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में कार्यरत कर्मचारी बीते कई वर्षों से नियमितिकरण और नई भर्ती जैसी कई मांगों को लेकर संघर्षरत है। तमाम समस्याओं के निवारण के लिए प्रांतीय नल मजदूर यूनियन से जुड़े यह कार्मिक जयपुर के सभी अधिशाषी अभियंता कार्यालयों पर प्रदर्शन कर अपनी मांगे रख रहे है। उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत व जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी ने बताया कि जलदाय विभाग में वर्कचार्ज कर्मचारियों को नियमित करने, विभाग में नई भर्ती करने, पंप हाउस सहित कार्यालय का नव निर्माण कराने और जर्जर इमारतों की मरम्मत का मुद्दा बेहद पुराना है, लेकिन अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे है। बुधवार को अधिशासी अभियंता संजय शर्मा को ज्ञापन प्रस्तुत किया है, अगर जल्द ही हमारी मांगों पर सुनवाई न हुई तो बड़ा आंदोलन होगा।

### पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन



**जयपुर** । पौष महीने में राजधानी में जगह-जगह पौष बड़ो का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जयपुर के राजापार्क इलाके के एसी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि एसी मार्केट पर स्थित भैरव मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। शाम को पूजन के बाद पौष बड़ा प्रसादी वितरित की गई। मार्केट के सभी व्यापारियों के संयुक्त प्रयास से महोत्सव में लगभग 1000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में भाजपा नेता श्याम झा ने कार्यक्रम में शिरकत कर प्रसादी ग्रहण की। वही एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अमित अरोड़ा, संरक्षक भूपेश कुक्कल ने पौष बड़ा महोत्सव के सफल आयोजन पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जयपुर में एलायंस फ्रांसेस उद्घाटन कल



**जयपुर,** (का.सं.)। भारत में एलायंस फ्रांसेस नेटवर्क के 15वें केंद्र एलायंस फ्रांसेस जयपुर का उद्घाटन 13 जनवरी, को शाम 4 बजे जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर भारत में फ्रांस के एचई एम्बेसेडर, इमैनुएल लेनैन, एलायंस फ्रांसेस ऑफ जयपुर की अध्यक्ष डॉ. तूलिका गुप्ता सहित फ्रांस और राजस्थान के लोग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी एलायंस फ्रांसेस ऑफ जयपुर की निदेशक, संजना सरकार ने दी। उन्होंने आगे बताया कि उद्घाटन समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन होगा, जिसमें फ्रेंच कहानी द लिटिल प्रिंस को स्टोरी टेलिंग की प्राचीन उर्दू कला दास्तानगोई में रूपांतरित कर प्रदर्शित किया जाएगा। दास्तानगोई कलेक्टिव की पूनम गिरधानी और राजेश कुमार दास्तान-ए-लिटिल प्रिंस प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त बेयरफुट कॉलेज, तिलोनिया की प्रसिद्ध कठपुतलियों की विशेष प्रस्तुति भी आयोजित होगी। कार्यक्रम में प्रवेश केवल आमंत्रण पर ही होगा।

### वाहन रैली देगी सड़क सुरक्षा का संदेश

**जयपुर** । यातायात पुलिस ने 32वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर में वाहन रैली निकाली गई। डीसीपी ट्रैफिक प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने यादगार से हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा वाहन रैली को रवाना किया। इस मौके पर शहर यातायात पुलिस के कई अधिकारी और स्वंय सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीसीपी ट्रैफिक प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के चलते सड़क दुर्घटनाएं होती है। पुलिस अनुसंधान में सामने आया है कि सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हैलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाने से होती है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सप्ताह भर कई कार्यशालाओं का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आमजन को वाहन चलाते समय हैलमेट और सीटबेल्ट लगाने के साथ ही स्टॉप लाईन, ट्रैफिक लाईट्स, सेफ लेन में चलने के लिये जागरूक किया जाएगा ।

### ज्योतिष कक्षाएं 15 जनवरी से शुरू

**जयपुर** (कासं)। भारतीय ज्योतिष विज्ञान एवम वैदिक खगोल शास्त्र संस्था द्वारा ज्योतिष वास्तु हस्तरेखा की क्लास 15 जनवरी से 32 नेहरू प्लेस टोंक रोड पर प्रारम्भ हो रही है। संस्था के अध्यक्ष पं. प्रेम शंकर शर्मा ने बताया कि उनका संस्थान पिछले 22 वर्षों से ज्योतिष की शिक्षा प्रदान कर रहा है। आजकल युवा वर्ग ज्योतिष के क्षेत्र में अपना करियर बना रहे है । संस्था द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रैक्टिकल के लिए प्लेटफार्म भी प्रदान किये जाते है । संस्था से पढ़े हुए कई विद्यार्थियों ने स्व रोजगार के रूप में इसे अपनाया है। सभी विद्यार्थियों को किताबें, ज्योतिष सिद्धान्त पत्रिका इत्यादि नि:शुल्क दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9414073506 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## रिहायशी कॉलोनी में अवैध गैस रिफलिंग करते युवक गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। गलतागेट थाना पुलिस ने अवैध तरीके से कॉलोनी में गैस रिफलिंग करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। थाना इलाके के ईदगाह कच्ची बस्ती गली नम्बर 3 में पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर रेड मारी। पुलिस ने मौके से 50 से अधिक गैस सिलेंडर बरामद किए। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी घर में रिफलिंग का काम किया कर रहा था।

गलता गेट थाना सीआई भगवान सहाय मीणा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि रिहायशी इलाके में अवैध रूप से गैस भरने का कारोबार किया जा रहा है। जिसके बाद टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान रसद विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी। जिसके बाद रसद विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मजीद उर्फ मुन्ना को अवैध तरीके से और लोगों की जान जोखिम में डालने के सम्बंध में गिरफ्तार किया। कॉलोनी के लोगों ने कहा कि कॉलोनी में हर समय गैस रिफलिंग होती रही थी। जिसे हर समय कॉलोनी में गैस की बदबू आती रहती थी। घरों में कई बार इस गैस की बदबू आने पर लगता था कि कही ब्लास्ट हो गया तो पूरी कॉलोनी उड जाएगी। कॉलोनी का हर बाशिंदा इस गैर कानूनी काम से परेशान हो चुका था। उम्मीद है कि यहां पर दोबारा ऐसा गोरखंधा नहीं होगा।

■ **पुलिस ने आरोपी के ईदगाह स्थित ठिकाने पर दबिश देकर 50 सिलेंडर जब्त किए**

# एस.एम.एस. के डॉक्टरों ने महिला के पेट से निकाली 15 किलो की गांठ

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में डॉक्टरों ने एक 65 साल की महिला के पेट से लेप्रोस्कोपिक तकनीक से 15 किलोग्राम की गांठ निकाली है। इससे महिला को ज्यादा तकलीफ भी नहीं हुई। महिला को जल्द ही हॉस्पिटल से छुट्टी भी दे दी जाएगी।

एस.एम.एस. अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि अस्पताल में सर्जरी विभाग के डॉ. रिचा जैन, डॉ. हनुमान खोजा के निर्देशन में डॉ. राजेन्द्र बुगालिय, डॉ. नरेन्द्र शर्मा, डॉ. विजय और डॉ. मनीष शर्मा ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की। जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र बुगालिया ने बताया कि भरतपुर की रहने वाली महिला को पिछले 4-5 साल से पेट में गांठ के दर्द और सांस लेने में तकलीफ थी। पिछले दिनों जब महिला ने एसएमएस हॉस्पिटल में ओपीडी में दिखाया तो उसे सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर ऋचा जैन की यूनिट में भर्ती किया और जांचे की गई। एमआरआई और बायोप्सी करवाने के बाद हमारी टीम ने इसे 10 से 15 सेमी के बड़े चीरे के बजाए छोटे चीरे से निकालने का निर्णय किया। महिला की उम्र अधिक थी और बड़ा चीरा लगाने से महिला को आगे तकलीफ ज्यादा झेलनी पड़ती।

■ **जनरल सर्जरी विभाग की टीम ने लेप्रोस्कोपिक तकनीक से किया सफल ऑपरेशन**

डॉ. बुगालिया ने बताया कि सबसे पहले महिला के पेट में दूरबीन के जरिए छेद करके उस गांठ को पंक्चर किया और उसमें भरे पानी और दूसरे अपशिष्ठ को निकाला। पंक्चर करने के बाद गांठ का साइज 32 बाइ 33 सेमी का था। वह बहुत छोटा हो गया। इसके बाद मरीज के 2 सेमी का एक चीरा लगाकर गांठ को बाहर निकाला गया। इससे महिला के ऑपरेशन के दौरान खून भी कम निकला और तकलीफ भी आगे कम होगी। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। उसे जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

# 'हाऊसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट में देरी या गफलत बर्दाश्त नहीं'

## कोचिंग हब, सिटी पार्क और फ्लैट्स निर्माण की प्रगति रिपोर्ट लेकर आवासन आयुक्त ने ठेकेदारों को चेताया



आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने शुक्रवार को इंजीनियर्स की बैठक लेकर जयपुर में चल रहे तमाम प्रोजेक्ट्स की प्रगति रिपोर्ट ली।

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर में नवनिर्मित सिटी पार्क, फाउंटेन स्क्वायर तथा प्रताप नगर में कोचिंग हब और फ्लैट्स के निर्माण पर हाऊसिंग बोर्ड का पूरा फोकस है। कमिश्नर पवन अरोड़ा ने अपने इंजीनियर्स को साफ हिदायत दी है कि किसी भी प्रोजेक्ट में देरी या गुणवत्ता की कमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने तमाम प्रोजेक्ट्स की मौका स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद ठेकेदारों को साफ कहा कि अगर कोई संवेदक कार्य को समयावधि और तय मानकों पर पूर्ण करने में सक्षम नहीं है तो अभी छोड़ दे, हाऊसिंग बोर्ड कोई और व्यवस्था कर लेगा। किसी भी सूरत में प्रोजेक्ट में देरी या घटिया निर्माण क्वालिटी बर्दाश्त नहीं होगी। हाऊसिंग बोर्ड पर आमजन का विश्वास ही हमारी पूंजी है। बैठक के दौरान सिटी पार्क से जुड़े लंबित प्रस्तावों की वित्तीय स्थिति, बिल्टअप प्रॉपर्टी का निस्तारण, पार्क की एंट्री टिकट, सिटी पार्क का संधारण कार्य व्यवस्था के अलावा कोचिंग हब में लाइब्रेरी, कैफिटेरिया, शॉप, प्लॉट और प्रताप नगर में प्रारंभ की जाने वाली नई स्कीमों की भी जानकारी ली गई। इस दौरान ऑल इंडिया सर्विस रेजिडेंसी के प्रथम व द्वितीय चरण में हो रहे कार्यों जैसे बाउंड्री वॉल, लैंडस्कैपिंग, सुरक्षा संसाधन, पानी-बिजली सप्लाई, सीसीटीवी, पार्किंग, क्लब एरिया व अन्य सुविधाओं के बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में स्टेट सर्विस रेजिडेंसी की प्रगति भी जानी। बैठक में मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीना, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया अमित अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिये रोड मैप तैयार करें'

**जयपुर,** (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 26 जनवरी से प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारम्भ होगा। दो माह तक गांव, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर चलने वाले इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने जिला समन्वयक एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में 15 जनवरी तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक लें। बैठक लेकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत् पार्टी द्वारा तय किये गये कार्यक्रमों से,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों तथा ब्लॉक में रहने वाले प्रमुख कांग्रेसजनों को अवगत करवाते हुये दो माह तक चलने वाले इस अभियान के कार्यक्रमों पर चर्चा करें।

इस कार्यक्रम को ब्लॉक स्तर तक ले जाने के लिए मंडल के गठन की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। राजस्थान में एक विधानसभा में 11 मंडलों का गठन किया जाएगा। इसकी शुरुआत करते हुए बुधवार को 368 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि सभी प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जिला प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक के साथ मिलकर इस अभियान के प्रतिदिन आयोजित होने वाले बूथ स्तरीय जनसम्पर्क कार्यक्रमों का रोड मैप तैयार करें।

■ **अभियान को निचले स्तर तक ले जाने के लिए मंडल के गठन शुरू, 368 मंडलों में बनाए नए अध्यक्ष**

इसके बाद 20 जनवरी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को रोडमैप भेजें। इसी के साथ सभी प्रभारी मंत्री हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर प्रभार वाले जिलों में प्रवास के अपने कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित जिला समन्वयक तथा प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी पदाधिकारी को उपलब्ध करवायें। उन्होंने बताया कि जिला प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक प्रभारी मंत्री से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने हेतु अपने प्रभार वाले जिलों में समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

## भिखारी और निर्धनों के पुनर्वास के लिए क्या कदम उठाए?

**जयपुर** । हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से स्पष्ट रूप से बताने को कहा है कि प्रदेश में भिखारी और निर्धन व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि तीन सप्ताह में शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो राज्य सरकार पर भारी हर्जाना लगाया जाएगा। अदालत ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि मामले में पैरवी के लिए एक अतिरिक्त महाधिवक्ता का नाम दर्शाया गया है, लेकिन वे अदालत में पेश नहीं हुए। उनकी जगह पेश दूसरे अतिरिक्त महाधिवक्ता के पास केस की फाइल ही नहीं है। यह बड़े दुख की बात है कि सरकारी वकीलों का केस के प्रति ऐसा रवैया है। महाधिवक्ता और विधि सचिव आदेश की कॉपी भेजे।

# 'एक कदम में चलूं तो थोड़ा सा तुम भी चलना'

**जयपुर** । संपर्क साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस पर कविता पाठ का आयोजन संस्थान के गौरवमय पांच वर्ष पूर्ण होने पर समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिल शुक्ला, संस्थान की समन्वयक महासचिव रेनू शब्द मुखर, अध्यक्ष अनिल लढ़ा, संस्थान सचिव अविनाश शर्मा ने सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

संस्थान की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सवाई माधोपुर निवासी डॉ आरती भदौरिया, मुम्बई निवासी डॉ. नीतू तातेड़, अहमदाबाद निवासी शशि मुंदड़ा, उत्तराखंड निवासी दया भट्ट, पुणे निवासी आशा शर्मा भी इस दौरान मंचासीन थी । कार्यक्रम का शानदार संचालन करते




हुए जोधपुर निवासी डॉ सूरज माहेश्वरी ने कविता को हिंदी की आत्मा बताते हुए रचनाकारों की विशेषताओं के साथ उन्हें आमंत्रित किया । देश के विभिन्न अंचलों से आई कवयित्रियों के द्वारा काव्य पाठ में श्रंगार, वीर रस, सामाजिक कार्यों, समाज की विसंगतियों , स्त्री की दशा व दिशा का चित्रण किया गया । समन्वयक महासचिव रेनू शब्द मुखर ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत कर संपर्क साहित्य संस्थान की सफलतम 5 साल की यात्रा को सबसे साझा किया।

अलवर निवासी नीलिमा कालरा ने मैं कुछ कहना चाहती हूं, कोटा से एकता शर्मा ने हम नववर्ष से मनाएं जब, डॉ. कमलेश वर्मा ने हर बात भूल जाऊं, डॉ आरती भदोरिया ने देखना जीत होती है किसकी सुनाकर तालियां बटोरी।

डॉ. पारूल जैन ने चलो कुछ और बात करते हैं, डॉ रेखा गुप्ता ने कर्म बनाते हैं सदा लोगों की तकदीर, झालावाड़ निवासी मोना शुक्ला ने क्षमा ममता की मूरत, खटीमा निवासी दया भट्ट ने संपर्क का आसमान चाहिए माहौल को मदमस्त कर दिया ।

डॉ नीतू तातेड़ ने लाल लिपिस्टिक को एक रंग मत मान लेना, हल्द्वानी निवासी ललिता कापड़ी ने एक कदम में चलूँ तो थोड़ा सा तुम भी चलना, बापी गुजरात निवासी आरती बजाज ने जीवन की इस भागदौड़ में कुछ पल अपने लिए संजोती हूँ ने समा बांध दिया । डॉ योगिता जोशी ने दे सको तो कुछ मुझे प्रेम का अनुदान दो व जीनस कंवर ने साहित्य मेरा कर्म है, के साथ ही ज्ञानवती सक्सेना ने में स्त्री हूँ जग जीतने के लिए अपने सपनो को वारती हु सुनाकर सबको तालिया बजाने को विवश कर दिया वहीं भूपेंद्र राणा ने गजल रंगत तेरी जुल्फों की, सीमा लोहिया ने मुझे नहीं चहिए, आशा शर्मा ने ज्योत से ज्योत जलाते चलो ने भी सब को रिझाया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिल शुक्ला ने कविता को आत्मा का मर्म बताते हुए कहा की दिल की आवाज़ होती है कविता। उन्होंने पूरे देश भर की रचनाकारों को एक मंच पर लाकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने पर शुभकामनाएं दी ।




## Get Organized Month

Are you organized? It's an important question. There are many ways of being organized, but some of us certainly have better organizational skills than others. A bit of organization can make even the most chaotic of spaces relatively manageable. Sometimes being organized is actually a safety issue. After all, when was the last time that you spent an hour looking for something in the closet and had to dig through the mess only to have to put it all back?



#FOOD-TALK

# A Taste of Vintage

Serving up history on a plate at these bakeries in India



Here's an iconic thing parents say- "We have seen the world more than you." While we cannot contest that, these iconic bakeries in India can. Why? They have been around for almost a century, some, even more. Today, we are looking at these iconic pre-Independence bakeries in India.

These bakeries have stood witness to the most historic political event in India- the Independence. Almost more than 100 years later, they are still relevant, pull in crowds, and have remained legendary amongst all the new bakeries that have popped up in recent times.

Having built their legacy since Victorian times, these bakeries in India have stood the test of time. Trust a true gourmand to know where to find the best hidden gems across India, and when we set out on the search, these are the seven best vintage bakeries across India that we found.

### Wenger's, New Delhi

Established in 1924, Wenger's started as a catering joint for the British troops stationed in New Delhi. In 1926, they added the tea room and confectionery to their Kashmere Gate outlet. Later in the late 1920s and early 1930s, they shifted base to where they stand today- at Connaught Place. For years, Wenger's has been one of the most prominent bakeries in India, frequented by patrons across generations.

### Nahoum & Sons, Kolkata

One of the last few standing Jewish establishments in Kolkata, Nahoum's history dates back to 1902. Started by Nahoum Israel Mordecai, a Baghdadi Jew, this place is still run by the third generation of the same family. Talking about its popularity now, the long queues outside the shop till date is proof that heritage and history hold a special place in the heart of Kolkata.

From their fragrant Marzipan fudge cake to the Christmas special Plum Pudding Cake, Baklavas and Cheese Puffs, every single item here will give you a taste of history!

### Mambally's Royal Biscuit Factory, Kerala

One of the oldest bakeries in India, this place in Kerala was established back in 1880. But it is special for a reason that you might not have seen coming. This place holds the reputation for producing India's first-ever 'Christmas cake' or plum cake. The legend goes that in November 1883, Murdock Brown, a merchant, visited the store and asked Mr. Mambally Bapu if he could bake a Christmas cake for him.

Mr. Bapu had never made a cake before. So, with help and instructions from Mr. Brown himself, he made the cake batter, used a local brew of cashew apple instead of the brandy suggested by Mr Brown. After the cake was ready, Mr. Brown was so bowled over by the cake that he ended up ordering a dozen more.



### Shaikh Brothers Bakery, Guwahati

Established in 1885, Shaikh Brothers Baker is a pioneer bakery located in Panbazar, Guwahati. Known for their stunning designer cakes and goodies, they have been the Holy Grail for over a century now. It was started by Shaikh Ghulam Ibrahim, a young boy hailing from Hooghly, West Bengal, who came to Assam for his construction business. Assam had no bakeries back then, and he saw it as a great opportunity to serve the British officers and planters who had settled in Assam, as the Guwahati-Shillong Road was being rebuilt around the same time.

### Glenary's, Darjeeling

A cult among Bengali tourists flocking to Darjeeling, Glenary's has been around since the colonial days. It was called Vado back in the day, and was named to what it is today after independence. While the years have passed by and even the ownership of this iconic bakery in India changed at the time of independence, the one thing that has remained constant is the unmatched quality of the food served here.

The Blueberry Cheesecake, Chocolate Triangle, Almond Sponge, Coffee Pastry, Chocolate Tart, among others are some of their must-haves.

### Confeitaria 31 De Janeiro, Goa

A quaint little Portuguese cafe in Panjim, this bakery is located very close to the High Court of Bombay in Goa. Having been around from the pre-Independence era, this place was set up in 1930! Using the age-old technique of baking goodies in a wood-fired oven, this place will transport you back in time as soon as you step in. This place is widely loved for its swiss rolls, date, plum and walnut cakes, and even breads which sometimes, wait for it, come to you piping hot straight out of the oven!





Maharaja Gaj Singh II of Jodhpur.

Recognised by UNESCO as 'Peoples Platform for Creativity and Sustainable Development'. It is an initiative of the Mehrangarh Trust and Jaipur Virasat. Baapji is the Patron in Chief of the festival and Mick Jagger of the Rolling Stones is the International Patron. The festival is the biggest folk music festival in the world which provides a platform to folk artistes from India and all over the world to perform in front of an international audience. It is held every year during Sharad Purnima. The setting is the magnificent Mehrangarh Fort. Many well-known and aspiring musicians come to the festival not only for its visual and listening pleasure but also for inspiration, for folk music is the very root of all music and is the foundation from which both classical music traditions and present day pop-music draw inspiration.

# Happy Birthday Baapji!!

#GRANDEUR



Maj Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*

The people of Marwar and his well-wishers of whom there are many all over the world, will be celebrating the 75th birthday of His Highness Maharajah Gaj Singh of Jodhpur. A few days later on 26 Jan is the 71st anniversary of his accession to the Gaddi (throne) of Jodhpur at the age of four, after the tragic death of his father in an air accident on 26 January 1952. The longest reigning English monarch the late Queen Elizabeth II whose platinum jubilee was celebrated last year a few months before her passing, succeeded to the throne of England on 6 February 1952, which was 10 days after the accession of Maharajah Gaj Singhji. This makes Maharajah Gaj Singh the longest surviving ruler not only in Rajasthan and India but in the whole world.

Baapji was lucky that his grandmother Rajdadi Saheb and mother Rajmata Saheb ensured that he received the best possible education. He first attended a prep-school in England and then Eton. After Eton he went to Christ College Oxford where he graduated in a degree in Philosophy, Politics and Economics. These have stood him in good stead on his return to India and assuming charge of his inheritance. He married Princess Hemlata Rajye of Poonch and they have two children, Princess Shivranjini Rajye and Yuvraj Shivraj Singh.

He may not enjoy ruling powers, which his father surrendered voluntarily for the greater good of India, but in the hearts and minds of the people of Marwar and legions of his admirers and well-wishers, Baapji is the Maharajah, and may he remain so for very many more years to come. We need him for the person that he is, for his leadership, and also for his many patronages and initiatives, which have been a tradition of his family and ancestors.

*HAPPY BIRTHDAY YOUR HIGHNESS, AND MANY HAPPY RETURNS OF THE DAY.*

*INITIATIVES AND PATRONAGES OF BAAPJI*

### Mehrangarh Trust

Mehrangarh Museum Trust is India's leading cultural institution and centre of excellence established in 1972 by Maharajah Gaj Singhji. It is a repository of the cultural heritage of a large part of Rajasthan and even elsewhere. It houses one of the best displays of fine art and artefacts of the Moghul period and Rajput history of the Medieval period. Apart from the museum the trust is in the forefront of conservation and restoration of our cultural heritage. It sponsors and patron of the arts, literature and music. The Rajasthan International Folk Festival is held in the fort.

My book 'Cavalier in the Sky' the biography of AVM Chandan Singh MVC, AVSM, VrC, the most highly decorated officer of the IAF and hero of the 1962 and 1971 Wars was published by the trust and released by Baapji.

The trust is a recipient of UNESCO Asia-Pacific Award in the field of Architectural Conservation, Cultural Heritage and adaptive reuse.

### Rajasthan International Folk Festival

Recognised by UNESCO as 'Peoples Platform for Creativity and Sustainable Development'. It is an initiative of the Mehrangarh Trust and Jaipur Virasat. Baapji is the Patron in Chief of the festival and Mick Jagger of the Rolling Stones is the International Patron. The festival is the biggest folk music festival in the world which provides a platform to folk artistes from India and all over the world to perform in front of an international audience. It is held every year during Sharad Purnima. The setting is the magnificent Mehrangarh Fort. Many well-known and aspiring musicians come to the festival not only for its visual and listening pleasure but also for inspiration, for folk music is the very root of all music and is the foundation from which both classical music traditions and present day pop-music draw inspiration.

Local musicians who are given an opportunity to perform at the festival attain national and international recognition and many are invited to perform overseas.

### Sufi Festival, Nagaur

Sufism though its origins are in the Middle East, has been pushed into the margins in almost all Islamic countries. But in India it is flourishing, and the most popular Sufi Shrines which are frequented by both Muslims and Hindus are all located here. Sheikh Salim Chisti's Dargah in Ajmer is after Mecca and Medina the most popular pilgrimage site for Muslims from all over the world. The other Sufi site in Rajasthan is Nagaur, poised in the middle of Rajasthan, it is an amalgam of royal and martial heritage and the spiritual fervour of Sufi saints. The festival provides a platform to not only Sufi musicians and to musicians of other spiritual traditions also. The festival is held in February every year.


His Highness Maharajah Hanwant Singhji Charitable Trust

The trust was established in 1971 for community service. At present it works in the following fields:





Umaid Bhawan Palace largest palace in the world royal family of Jodhpur.



Rao Jodha Park.

Project Shiksha- runs two girls hostels for marginalized girls from rural areas, aiming at their empowerment through proper formal education and digital literacy.

Project Sahayata- working for sustainable development and sanitation in tandem with the National Campaign of Swatch Bharat. It works to conserve water and provide accessible drinking water.

Project Sahayata- the Trust works for integrated rural development, to restore, conserve and preserve the environment. Tree planting and care of stray animals are part of this project.

Project Shakti - dedicated to the empowerment of women through adult education, skill development and multifarious vocational skills. It helps women to face and overcome societal and financial obstacles. The trust runs a Women Empowerment Centre in Jodhpur to help women develop skills which will make them independent and self- reliant.

### Jal Bhagirathi Foundation

The foundation is driven by a vision of water security, sustained by responsive governmental and public participation. The foundation exists to provide an enabling environment in which the desert communities can access adequate drinking water for both humans and animals. It leverages local traditional knowledge and methods and encourages communities to take charge and assume responsibility conservation and equitable distribution of the locally available resources.

> **Local musicians who are given an opportunity to perform at the festival attain national and international recognition and many are invited to perform overseas.**

### Rao Jodha Desert Rock Park

Spread over approximately two hundred acres on once barren hillside below the Mehrangarh Fort is the Rao Jodha Desert Rock Park which His Highness commissioned Pradeep Kishan in 2006 to restore to its original ecological condition. Pradeep first got rid of all the foreign invading species of flora and then replaced them with native plants. The park was opened to the public in 2011 and has four nature trails each about a kilometre long, on which visitors can take a walking tour of the park, accompanied by trained naturalist guides. The park has a visitor's centre, nature interpretation gallery, native plant nursery and a cafeteria.

The Geological Survey of India has declared the park as a National Geological Monument. Inspired by this park, the Government of Rajasthan has commissioned Pradeep to create a similar park on the outskirts of Jaipur.

The park has around 250 species of native plants and hundreds of species of birds, butterflies and moths. Amongst the animals the park is home to, both langurs and rhesus monkeys, desert fox, jackals and it is only a matter of time before panthers make it their home for there is enough prey for them to hunt and feed upon.

### Education

Baapji is also the President of the Governing Council of Mayo College, Chupasni School Jodhpur and Rajmata Krishna Kumari Girls School Jodhpur. His association interest in the running of these elite institutions is well known, what is not so well known is the involvement of his trusts in running educational and skill development centres in rural areas. Of all his charities, the ones involved in rural areas are closest to his heart.



### Indian Heritage Hotels Association

Baapji is the President and patron of the Indian Heritage Hotels Association, in which capacity he has played a leadership role in guiding and helping owners of heritage properties to conserve their properties and make them economically viable assets as well as giving employment to lakhs of people. These heritage properties have now become a favoured destination of celebrity and destination weddings. It is these heritage properties which bring in the millions of tourists both Indian and foreign to Rajasthan. Tourism is the biggest revenue earner and job provider in Rajasthan.

### Polo and Equestrian Sports

Marwar has always been known for the excellence of its breed of horses and the finest cavalry in the world. It was the Jodhpur Lancers, three hundred horsemen armed with swords and lances who at Haifa in 1918 routed a Turkish force of about fifteen hundred men armed with modern weapons and officered by German officers, a feat unparalleled in the annals of warfare. The Commander in Chief of the Turkish army was the legendary Kamal Attaturk who had earlier defeated and forced to retreat, the allied armies at Gallipolli and became the president of Turkey after WW1 and banishment of the Caliph. It is to the Jodhpur and Mysore Lancers that the cavalry monument outside Teen Murti Bhawan is dedicated. By their unexpected victory they helped to release from unjust captivity Abdul Baha the head of the Bahais, for which the Bahais all over the world are greatly appreciative.

There was a time when Jodhpur was the leader in the field of Polo. Their team was unbeatable, but the Second World War and the untimely death of Maharajah Hanwant Singh, interrupted the sport in Jodhpur. However Baapji has revived the sport in Jodhpur, which has now again become a major centre for the sport.

His full title when he ascended the throne of Marwar at the age of four in 1952 was 'His Highness Rajeshwar Sarmand-i-Raja-Hind, Maharajadhiraj Maharajah Gaj Singh Saheb Bahadur, Maharajah of Marwar. He is a Maharajah by birth and inheritance but the name/title Baapji by which he is respectfully and fondly addressed as, is very much an earned sobriquet. Today in Rajasthan, the land of many rajas and maharajas, when any one says Baapji, everyone knows who is being referred to. Baapji could have easily lived a life of leisure and privilege, but mindful of his inherited legacy he chose to work in the service of his land and his people, just as his forefathers had done before him.

writetoarbit@rashtradoot.com



Jodhpur royal family.

#PSYCHOLOGY

# Home Strife as 'Mood Repair'

Our experiences in our home lives are deeply connected to how we think, feel, and behave at work



While it's not ideal, experiencing some unpleasantness with your partner in the morning can lead to some productive coping mechanisms during the workday, research indicates.

Having a rude encounter with your spouse or partner at home may seem like the first ingredient in the recipe for a bad day at work. But according to researchers at the University of Arizona Eller College of Management, employees may be more likely to connect with their colleagues and be more helpful at work after experiencing minor incivility at home.

It's a practice that researchers call "mood repair." Essentially, when someone's day gets off to a bad start at home, they might try to make themselves feel better by being of service to their co-workers later in the day. A study in the Journal of Applied Psychology examines the phenomenon.

"Our experiences in our home lives are deeply connected to how we think, feel, and behave at work," says lead study author MahiraGanster, a doctoral degree candidate in management and organizations. "Anything from making a rude comment while brewing coffee to ignoring one's spouse while getting ready for the day leads employees to have to process and cope with those experiences while at work."

Ganster, along with professor of management and organizations Allison Gabriel and collaborators, tracked 92 couples for 10 working days. One member of each couple was designated as "employee" and the other as "partner," such as a spouse, fiancé, or long-term romantic partner. The partner documented each morning how they treated the employee before work. Later in the workday, the employees rated areas including how fatigued they felt, the degree to which they were in a negative mood, and how much they helped other people at work.

"What we saw was that employees engaged in 'mood repair'-that negative mood made individuals more likely to help co-workers with personal problems or their work," Gabriel says. "They were trying to repair the bad mood they were experiencing by trying to connect and interact in the workplace."

Ganster says the positive effects of helping others depended on the type of help the employees provided. Those who helped their co-workers with personal problems felt better in the evening when they came home from work, but those who helped with work-related problems felt worse. The team theorizes that's because personal help allows employees to rebuild personal relationships without adding to their workload.

"So, employees looking to cope through helping should look for opportunities to help that foster greater social connections, rather than take on additional work tasks," Ganster says.

Ganster and Gabriel are quick to point out that even though incivility in the morning can lead to some positive effects during the workday, that doesn't mean it is an ideal situation.

"We are certainly not saying that it's a good thing to be treated uncivilly by your partner because you're going to go to work and be a good citizen," Gabriel says. "But it does illustrate a possible adaptive coping mechanism that people can use when they start their workday on the wrong foot."


The team says there are lessons to be learned from the research for both employees and managers.

The researchers suggest workers can reduce the effects of an unpleasant morning by engaging in perspective-taking, or trying to see things from others' point of view. Ganster says employees who reported higher levels of perspective taking tended to experience less of a negative impact at work.

For employers, Gabriel says empathy is key.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पेशी के दौरान आरोपी विक्की नेतड़ की हत्या की साजिश का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

## दुगस्ताऊ के बलवीर तथा नरपत सारण की हत्याओं का बदला लेने की फिराक में थे



नागौर पुलिस ने हत्या करने की साजिश का पर्दाफाश कर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**नागौर, (निसं)।** पिछले काफी समय से नागौर पुलिस गैंगेस्टरों को ढूंढ ढूंढकर कर अपनी गिरफ्त में ले रही है और बड़ी वारदातो को अंजाम से पहले ही रोक रही है। इसी क्रम में नागौर पुलिस को एक और सफलता मिली है। नागौर के बस स्टेंड के पीछे एक घर में अपने दो दोस्तों की हत्या का बदला लेने की साजिश रच रहे 6 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग दुगस्ताऊ के बलवीर उर्फ बल्लू तथा नरपत सारण की हत्याओं का बदला लेने के लिए 10 जनवरी को नागौर कोर्ट में पेशी के दौरान हत्या के आरोपी विक्की नेतड़ की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। पुलिस के दो कांस्टेबलों को जब इस मामले की सूचना मिली तो जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व आला अधिकारियों ने घेराबंदी कर एक घर से 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि 9 जनवरी को कोतवाली के कांस्टेबल प्रेमराज व कांस्टेबल भंवरलाल को सूचना मिली कि नागौर के रोडवेज बस स्टेंड के पीछे भागीरथ गुर्जर के घर पर कुछ गाडियां आई हुई है तथा 10-15 लोग इकट्ठे हो रखे हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। दोनों कांस्टेबलों ने यह सूचना उच्च अधिकारियों को दी तो जिला पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस पर पुलिस टीम ने बस स्टेंड के पीछे संबंधित मकान की घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया जबकि भागीरथ गुर्जर सहित कुछ बदमाश पुलिस की घेराबंदी तोड़ भागने में सफल हो गए। पुलिस की विभिन्न टीमों ने गिरफ्तार किए गए सभी 6 बदमाशों से अलग-अलग पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकार किया कि वे दुगस्ताऊ के बलवीर उर्फ बल्लू व नरपत सारण की हत्याओं का बदला लेने के लिए नागौर पेशी पर आ रहे हत्या के आरोपी विक्की नेतड़ को गोलियों से भूनकर हत्या करने की योजना बना रहे थे।

जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में ये सामने आया कि ये बदमाश भागीरथ गुर्जर के कहने पर ही विक्की नेतड़ की हत्या करने के लिए तैयार हुए। इन लोगों ने तारीख पेशी के दौरान विक्की नेतड़ के रूट व कुछ प्वांइट्स का जायजा लिया और रैकी भी कर रखी थी। बताया जाता है कि इस हत्या के लिए भागीरथ गुर्जर ही इन बदमाशों को हथियार देने वाला था मगर पुलिस की घेराबंदी के चलते वह पहले से ही फरार हो गया।

पुलिस ने कपिल गुर्जर पुत्र महेंद्रसिंह निवासी रेलवे स्टेशन के पास, निवासी डिडवाना, राजेश गुर्जर

- नागौर कोतवाली के कांस्टेबल प्रेमराज व भंवरलाल की सजगता से किया पर्दाफाश

पुत्र जगदीश निवासी फरड़ोद पुलिस थाना रोल, प्रहलाद राइका पुत्र बन्नाराम निवासी फरडोद पुलिस थाना रोल, विजयसिंह पुत्र राजेंद्रसिंह राजपूत निवासी टागला पुलिस थाना रोल, महिपाल जूरिया पुत्र खेताराम जाट निवासी नवरंगपुरा थाना डीडवाना, अशोक पुत्र भागाराम गुर्जर निवासी फरडोद पुलिस थाना रोल को गिरफ्तार है। पुलिस ने अपराधियों का रिकॉर्ड भी खंगाला है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो कैंपर भी जब्त की गई है। अब पुलिस अनुसंधान कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि जिले में आपसी रंजिश को लेकर गंभीर घटनाओं का डाटा बेस तैयार किया गया है।

वहीं नागौर में एक और गैंगवार की घटना का पर्दाफाश करवाने में सबसे पहले सूचना देने वाले कांस्टेबल प्रेमराज व कांस्टेबल भंवरलाल को जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने प्रेस वार्ता के दौरान ही प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# कृषि भूमि की मुआवजा राशि दिलाने के लिये रिश्वत देने का आरोप

**हनुमानगढ़, (निसं)।** भारत माला प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहण की गई कृषि भूमि की मुआवजा राशि दिलाने के लिए हनुमानगढ़ उपखण्ड अधिकारी और उनके बाबू के नाम से कथित रूप से 6 लाख 30 हजार रुपए की रिश्वत लेने का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। पीड़ित ने हनुमानगढ़ एसडीएम डॉ. अवि गर्ग और शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सहित तीन जनों पर मिलीभगत कर 6 लाख 30 हजार रुपए की रिश्वत लेने के बावजूद पूरी मुआवजा राशि नहीं दिलवाने का आरोप लगाया। साथ ही सुनवाई नहीं होने के चलते पीड़ित ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रार्थना-पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की।

पीड़ित गगनदीप सिंह पुत्र जंगीर सिंह रामगढ़िया निवासी हनुमानगढ़ टाउन ने बताया कि उसके और उसकी भाभी परमजीत कौर पत्नी सुखदेव सिंह के नाम से तहसील हनुमानगढ़ के चक 14 एसएसडब्ल्यू में पांच बीघा कृषि भूमि है। इस कृषि भूमि के बीचों-बीच से भारत माला रोड गुजरती है। इस भूमि को अधिग्रहण किए जाने पर इसकी मुआवजा राशि करीब 35-36 लाख रुपए थी। उन्होंने मुआवजा राशि के लिए उपखण्ड अधिकारी ऑफिस हनुमानगढ़ में आवेदन किया, लेकिन उसे गुमराह किया जाता रहा। इसी बीच केके गुप्ता व नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अजय गर्ग उसके सम्पर्क में आए। इन्होंने अपने आप को एसडीएम के खास आदमी होने का दावा किया। अजय गर्ग ने कहा कि उसने एसडीएम अवि गर्ग से बात की है। वह उन्हें मुआवजा राशि स्वीकृति के एवज में 7 लाख रुपए दे दे तो वे उसकी मुआवजा राशि दिलवा देंगे।

- 6.30 लाख रुपए की रिश्वत लेने का एसडीएम सहित 3 लोगों पर आरोप लगाया
- पीड़ित ने राष्ट्रपति को प्रार्थना पत्र भेज इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी

गगनदीप के अनुसार वह पहले से ही मुआवजा राशि न मिलने से काफी तंग-परेशान हो चुका था। उसने इनकी बातों में आकर 6 लाख 30 हजार रुपए केके गुप्ता और अजय गर्ग को दे दिए। इन दोनों ने एसडीएम व एसडीएम के बाबू के नाम पर उससे 6 लाख 30 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद उसे मात्र 26 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी गई। जब उसने कम मुआवजा राशि मिलने पर इन लोगों से सम्पर्क किया तो केके गुप्ता व अजय गर्ग ने कहा कि इतना ही मुआवजा मिलेगी।

बाकी के रुपयों के बारे में इनसे पूछा तो इन्होंने कहा कि उन्होंने तो ठगी मारनी थी जो मार ली। उनके पास और रुपए नहीं हैं। उन्होंने अकेले रुपए नहीं खाए। सब ऊपर तक जाता है। गगनदीप सिंह के अनुसार उसने पिछले दिनों इसकी लिखित शिकायत जिला कलेक्टर को की थी परन्तु सुनवाई नहीं हुई। गगनदीप सिंह के अनुसार उसकी रोजी-रोटी उक्त जमीन से ही चलती थी जिसका पूरा मुआवजा नहीं मिला। साथ ही उसकी एक बड़ी रकम केके गुप्ता, अजय गर्ग और एसडीएम मिलीभगत कर गबन कर गए हैं। अब उसके पास इच्छा मृत्यु के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है। इसलिए वह स्थानीय प्रशासन से दुखी होकर अन्य कोई विकल्प शेष नहीं होने के कारण इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने को मजबूर हुआ है। गगनदीप सिंह ने राष्ट्रपति को भेजे प्रार्थना-पत्र के जरिए इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान करने की मांग की।

उधर, एसडीएम डॉ. अवि गर्ग के अनुसार गगनदीप ने 1 सितम्बर 2022 को मुआवजा राशि के लिए आवेदन किया था। 8 सितम्बर 2022 को मुआवजा राशि का चेक गगनदीप को सौंप दिया। गगनदीप की जमीन 2014 में रीको की ओर से अवाप्त की गई थी, लेकिन गगनदीप ने रीको का मुआवजा नहीं लिया। 2021 में जब यह जमीन एनएचआई ने अवाप्त की तो जमीन रीको की हो चुकी थी। पैसा रीको के मुआवजे का आया। रीको ने क्लेम कर रखा है कि एनएचआई का वह मुआवजा हमें मिलना चाहिए, जबकि गगनदीप का कहना है मुआवजा उसे मिलना चाहिए। जो भूमि रीको में अवाप्त नहीं हुई उसकी मुआवजा राशि गगनदीप को दे दी गई है। करीब 6-7 लाख रुपए की मुआवजा राशि शेष है। इसके लिए अगर उसने किसी को रुपए दिए हैं तो वह उसकी गलती है। एसडीएम ने कहा कि या तो गगनदीप किसी के हाथों ठगी का शिकार हुआ है या वह प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाना चाहता है कि उसे एनएचआई का ज्यादा मुआवजा मिल जाए। यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। अगर उसके साथ धोखाधड़ी हुई तो वह कानूनी कार्रवाई करवाए।

वहीं, किसान और दलाल के बीच 2 मिनट 13 सेकंड हुई बातचीत का एक ऑडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।

# 'चंबल के पानी के लिए हर संघर्ष के लिये तैयार'

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** गांव मोरडा में कुलदेवी मंदिर के पास अथाई पर बुधवार को 10 गांवों के पटेलों की पंचायत हुई, जिसमें किसान नेता रामनिवास मीना के आव्हान पर उपस्थित पटेलों और किसानों ने कहा कि वे चंबल के पानी के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने 14 जनवरी को गांव भोपुर में हो रही किसान महासभा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का भी निर्णय लिया।

जानकारी के अनुसार गांव मोरडा निवासी पटेल रामसिंह सूबेदार की अध्यक्षता में हुई इस पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना उपस्थित हुए। किसान नेता मीना ने सभी

- 10 गांवों के पटेलों ने किसान पंचायत में किया एलान
- 14 जनवरी को हो रही महासभा में शामिल होने का निर्णय लिया

उपस्थित लोगों को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुट होने का आव्हान किया। इस पर उपस्थित 10 गांवों के पंच-पटेलों ने एलान किया कि वे चंबल के पानी के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। पटेलों ने यह भी कहा कि किसान नेता रामनिवास मीना और 27 गांवों की ओर से गांव भोपुर में 14 जनवरी को होने वाली किसान महासभा में सभी 10 गांवों के महिला-पुरूष हजारों की संख्या में शामिल होंगे।

पटेलों ने कहा कि इलाके में पेयजल और सिंचाई का संकट गहराने लगा है। इसका एक मात्र समाधान ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना बनने से ही संभव है। इस दौरान मोरडा सहित आसपास के गांवों की पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर भामाशाह रामनिवास मीना ने गंभीरता व्यक्त करते हुए समाधान का शीघ्र आश्वासन दिया। शामिल होने वाले गांवों में मोरडा, जहानगर, डूंगापुरा, चोलीपुरा, तिघरिया का पुरा, गढी, मीनापुरा, रामपुरा, पैमा की ढाणी, राजौली आदि गांवों के पटेल है।

# गुम हुआ मोबाईल लौटाया

**सादुलपुर, (निसं)।** कुछ लोगों में आज भी ईमानदारी जिंदा है। जाकनारी के अनुसार ढाणी धाणकान निवासी राजवीर सिंह ने गांव बीराण निवासी पोस्टमैन ओमप्रकाश सैन को गुम हुआ मोबाईल लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है।

गौरतलब है कि ओमप्रकाश सैन जब हमेशा की तरह अल सुबह राजकीय सेवा के दौरान सफर में जा रहे थे, उनका मोबाइल फोन कहीं गिर गया। जिस पर गुम हुआ मोबाईल फोन गांव बालाण सडक मध्य ढाणी धाणकान के राजवीर सिंह को मिला। जिसने मानवता हित में अपना ईमानदारी का फर्ज निभाते हुए पोस्टमैन को मोबाइल फोन वापिस लौटा कर अपना ईमानदारी का फर्ज निभाया है।

जिस पर पोस्टमैन ओमप्रकाश सैन ने राजवीर सिंह का धन्यवाद ज्ञापित कर उनकी ईमानदारी पर उनकी हौसला अफजाई की।

# चूरू में यात्री विश्राम गृह पर पुजारी ने किया कब्जा

**चूरू, (कासं)।** नगरपरिषद क्षेत्र चूरू में रेलवे स्टेशन के पास स्थित यात्री विश्राम गृह का पंद्रह दिन पहले ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा करने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से अतिक्रमणकारी ने परिसर में स्थित एक पेड़ को काट दिया है। मुख्य सड़क पर बिजली के तारों के निकट होने से यह कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन चूरू के निकट विरदी चंद सारस्वत की यादगार में उनके पुत्र उमाशंकर सारस्वत कानपुर वालों ने विश्राम गृह का निर्माण करवाया था। उसके बाद इस भवन में चुंगी चौकी की स्थापना हुई। चुंगी चौकी हटने के बाद यहां प्याऊ बनवाई गई। यहां नगर परिषद द्वारा रेन बसेरा भी संचालित किया गया। रैन बसेरे का अन्यत्र निर्माण होने के कारण इस भवन पर ताला लगा दिया गया। पिछले दिनों निकट ही बने पीपलेश्वर हनुमान मंदिर के पुजारी मंगल चंद ने इस यात्री विश्राम गृह, पुरानी चुंगी चौकी और रैन बसेरे के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया और खुद का ताला लगा दिया। यहां 27 दिसंबर 2022 को इस संबन्ध में सभापति पायल सैनी को अवगत करवाया गया था। इस पर सभापति ने वहां पुलिस की टीम भेजी। पुलिस ने पुजारी को काफी समझाया। वहीं नगर परिषद ने उस भवन के दरवाजे पर आज तक अपना ताला नहीं लगाया है और ना ही आरोपी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज हुआ है। इसका परिणाम ये निकला कि आरोपी ने भवन परिसर में खड़े एक बड़े पेड़ को काट डाला। वह पेड़ यहां से गुजर रही बिजली की लाइन पर गिरा हुआ है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इतना ही नहीं आरोपी ने सड़क किनारे ठेला लगाने वाले प्रदीप गिवारिया को गोली मरवाने की धमकी दी है। प्रदीप ने बताया कि तीन पीढ़ियों से वे यहां ठेला लगाकर परिवार पाल रहे हैं। पुजारी उसे ठेला नहीं हटाने पर गोली मरवाने की धमकी दे रहा है।

इस संबंध में सभापति पायल सैनी से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, उनका फोन पिकअप नहीं हुआ। तत्पश्चात सभापति के प्रतिनिधि नारायण बालान ने कहा कि आयुक्त के कारण लोग नाजायज फायदा उठा रहे हैं। नारायण बालान ने कहा कि वे इस संबंध में जिला कलेक्टर से मुलाकात करेंगे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा नगरपालिका प्रशासन की ओर से शहर में चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कबूतर खाना बस स्टैंड से बाजार की ओर आने वाले रास्ते पर दुकानों-प्रतिष्ठानों के सामने से अतिक्रमण हटाए गए। आरआई कुलदीप राव और एसआई नरेंद्रसिंह के नेतृत्व में पूरा अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान दुकानदारों ने भी सहयोग प्रदान किया। वहीं दुकानों के बाहर से हटाए अतिक्रमण से निकले मलबे को ट्रेक्टर-ट्रॉली में डालकर दूसरी जगहों पर निस्तारित किया गया। अधिशाषी अधिकारी जुबेर खान ने बताया कि अभियान जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि फिर से अतिक्रमण होने से रोकने के लिए विशेष दस्ते का गठन किया जाएगा। जो कि पुनःअतिक्रमण करने पर नजर रखेगा।

# हादसे में युवक की मौत

**देवगढ़, (निसं)।** थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन फॉरलेन नेशनल हाइवे पर बुधवार सुबह एक और सडक हादसा हुआ।जिसमें आसन गाँव के पास एक बेकाबू डाक पार्सल कंटेनर ने सामने से आ आ रही थ्री व्हील स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घटना स्थल पर हीं स्कूटी सवार विकलांग युवक की मौत हो गई। सुचना पर देवगढ़ पुलिस मोके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे ले देवगढ़ अस्पताल पहुंचाया। देवगढ़ थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही नेशनल हाइवे पर फॉरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के कारण एक तरफा आवाजाही हो रही है।पीपली नगर ठााम पंचायत के उपला वाडिया निवासी विकलांग खीम सिंह रावत अपनी थ्री व्हील स्कूटी से कामलीघाट से भीम की और जा रहा था।




राजस्थान विद्युत कर्मचारी अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत कर्मचारियों द्वारा अजमेर के हाथीभाटा पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो 18 जनवरी को जयपुर में विद्युत भवन का घेराव किया जाएगा।

# हादसे में एक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** रामसागडा थाना क्षेत्र में बीते शाम को दो बाईकों की आमने सामने भिंडत हो गई। हादसे में चार जाने गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो युवकों प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। एक अन्य घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर मौके पर रामसागडा पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान सुभाष रोत निवासी गामडी आहाडा फला घमलात फला के रूप में की। बुधवार सुबह मृतक के परिजनों को मोर्चरी पहुंचे पर पोस्टमार्टम की कार्यवाही जारी है।

# पालिका सफाई कर्मियों का धरना शुरु

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर की नगरपालिका के बाहर बुधवार को सफाई कर्मियों ने धरना शुरू कर दिया। इस दौरान सफाई कर्मियों ने दो माह का बकाया वेतन देने सहित अपनी कुछ अन्य मांगों को लेकर नगरपालिका के मुख्य द्वार को बंद कर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसआई नरेंद्र सिंह, कनिष्ठ लिपिक संजय कुमार, आरआई कुलदीप सिंह ने समझाइश का प्रयास किया। लेकिन कर्मचारी नहीं माने। इसके बाद किसी तरह नगरपालिका का दरवाजा खुलवाया गया। जिसके कुछ देर बाद ईओ जुबेर खान भी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से बात की। कर्मचारियों से दो माह का वेतन तुरंत खातों में डलवाने की मांग

- पालिका ईओ जुबेर खान की समझाइश पर माने

रखी। इस पर ईओ खान ने बताया कि ट्रेजरी में पैसा ट्रांसफर होते ही सैलरी खाते में आ जाएगी। किसी को बेवजह सैलरी परेशान नहीं किया जा रहा। इसके बाद समझाइश पर कर्मचारी माने और काम पर लौट गए। इधर ईओ ने बताया कि काफी बार वेतन ट्रांसफर में समस्या आ जाती है। लेकिन हमारा प्रयास जल्द से जल्द सैलरी कर्मचारियों को देने का ही रहता है। इसमें आगे और भी सुधार किया जाएगा। इस दौरान काफी संख्या में सफाई कर्मी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# शंटिंग के दौरान रेल इंजन की टक्कर से कोच क्षतिग्रस्त

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के संचालन में लापरवाही के कारण बीती रात शंटिंग के दौरान तेज रफ्तार से इंजन एसएलआर कोच से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कोच क्षतिग्रस्त होकर बेपटरी हो गया। सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। रात लगभग दो बजे सूरतगढ़ से रेलवे की एआरटी टीम घटना स्थल पर पहुंची तथा सुबह तक क्षतिग्रस्त कोच को पटरी पर चढ़ाया। गनीमत रही कि उस दौरान ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर बीती रात गाड़ी संख्या 12481 दिल्ली इंटरसिटी प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंचने के बाद ट्रेन रैक को वाशिंग लाइन में ले जाने के लिए हनुमानगढ़ की ओर से से ट्रेन रैक से इंजन को अलग कर दूसरी दूसरी तरफ रैक के साथ जोड़ा जा रहा था। इसी दौरान रेलवे के ट्रेनों के संचालन में लापरवाही के चलते रात में बजे इंजन तेज गति से रैक के एसएलआर कोच से टकरा गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि एसएलआर कोच पिचक कर पटरी से उतर गया। इंजन की टक्कर का धमाका होने पर रेलवे कार्मिक व रेलवे स्टेशन पर यात्री इकट्ठे हो गए।

सूचना मिलने पर रेलवे स्टेशन अधीक्षक डीएस त्यागी श्रीगंगानगर में ही अपने घर से रेलवे स्टेशन पहुंचे व घटना की जानकारी ली। आरपीएफ का जाब्ता भी मौके पर पहुंच गया। रात 1:58 बजे एआरटी टीम सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर पहुंची तथा रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में रात 2:05 बजे काम शुरू कर अल सुबह एसएलआर के पहियों को पटरी पर चढ़ाया गया।

एसएलआर की पीछे की ट्राली के स्टेशन की आफ साइड की ओर फैले होने के कारण एआरटी कर्मियों ने कटर से काटकर अलग किया व इसके बाद ही लाइन क्लीयर की जा सकी।

मौके पर शंटर लक्ष्मण कांटेवाला, मनोज दूबे व इंद्रपाल की ड्यूटी थी। इस घटना के संबंध में रेलवे का पक्ष जानने के लिए रेलवे स्टेशन अधीक्षक से संपर्क किया गया, लेकिन वे रेलवे स्टेशन पर नहीं मिले तथा कॉल भी अटेंड नहीं किया।

# चूरू व सादुलपुर में मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरना दिया

**चूरू/सादुलपुर, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से 15 सूत्री मांग पत्र को लागू किए जाने हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों, वादाखिलाफी एवं संवादहीनता के विरोध में तथा महासंघ के 15 सूत्री मांग पत्र के पक्ष में प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर चूरू जिले की सभी तहसील मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए।

महासंघ के महामंत्री फूले सिंह बुरड़क ने बताया कि महासंघ द्वारा चलाए जा रहे इस आंदोलन के अगले चरण में 18 जनवरी को समस्त जिला मुख्यालय पर वाहन रैलियों का आयोजन कर राज्य सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके पश्चात 23 जनवरी को विधानसभा के समक्ष आक्रोश रैली का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर महासंघ के तहसील अध्यक्ष बाबू खां, तहसील महामंत्री निवास माली, प्रमोद कुमार शर्मा, ईंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल कुमार वर्मा, विजेंद्र सिंह राठौड़, बीरबल धारीवाल, ओमप्रकाश गौड़, विवेक महला, अमित मीणा, निरंजन, महावीर प्रसाद, श्रवण कुमार, मुस्ताक खान, गिरधारी लाल, घनश्याम सिंह, राजेंद्र सिंह, बालू खां, समुंदर सिंह, लोकेश कुमार, प्रभु दयाल, परमेश्वर सिंह, कैलाश नारायण, महेंद्र कुमार, बाला राठौड़, शारदा मीणा, संगीता नेहरा, सविता नेहरा, गोपाल सिंह काजला, नक्षत्र ऐलवा, रामचंद्र गोयल, विजेता सिहाग, शारदा चौधरी, भूपेंद्र सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

वहीं अखिल भारतीय राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ उपखण्ड

- अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

राजगढ (चूरू) के कर्मचारियों द्वारा 15 सूत्री माँग पत्र को मनवाने हेतु उपखण्ड मुख्यालय पर धरना देकर उपखण्ड अधिकारी रणजीत कुमार बिजारणिया को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष रामनिवास पूनियां ने बताया कि उक्त माँगों को लागू करवाने एवं निस्तारण हेतु महांसघ द्वारा 4 वर्षो से संघर्ष किया जा रहा है, उसके बावजूद शासन द्वारा माँगों व किये गये समझौतों की क्रियान्विति नहीं की जा रही है, जिससे प्रदेश के 8 लाख कर्मचारियों के हितों के साथ कुठाराघात हो रहा है तथा कर्मचारियों में रोष फैलता जा रहा है। वहीं बुधवार को धरने पर वेदपाल मलिक जिला मंत्री राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, ओमप्रकाश मुहाल प्रदेश सदस्य, सत्यवीर सिंह पूनियां जिला मंत्री, रतनसिंह पूनियां जिला उपाध्यक्ष, रामनिवास पूनियां जिलाध्यक्ष राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, सुरेन्द्र सिंह शाखा अध्यक्ष, हरिपाल जांगिड़ शाखा मंत्री, अहसान मोहम्मद, सुनील पूनियां, सुनिल खींची, जयवीर सिंह पूनिया सहायक विकास अधिकारी संघ, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जगमाल सिंह, कालूराम, सहा. कर्मचारी पन्नालाल, सविता धोलिया आगंनबाडी संघ की प्रदेश महामंत्री, विद्या कंवर, विमला, सुमनलता, सुमित्रा, प्रेमलता, मुनेष मीणा, मन्जू बाला, राजबाला, कमला, कृष्णा, विमला, रोशनी आदि आदि उपस्थित रहे।

# सास की हत्या करने वाली पुत्रवधू को आजीवन कारावास

**मसूदा, (निसं)।** बिजयनगर के इंदिरा कॉलोनी में महिला सुशीला प्रजापत की पुत्रवधू द्वारा 2 वर्ष पूर्व की गई हत्या के मामले मे हत्या करने वाली पुत्रवधू उर्मिला प्रजापत को सजा सुनाई। बुधवार को अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं. 3 ब्यावर डॉ. जितेन्द्र सामरीया ने अभियोजन पक्ष के तर्को से सहमत होते हुये मुल्जिमा उर्मिला प्रजापत को दोषी मानते हुये आजीवन कारावास एवं 10000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया हैं।

घटना से जुड़े तथ्यों के अनुसार करीब 2 वर्ष पूर्व पुलिस थाना बिजयनगर को एक रिपोर्ट पवन कुमार प्रजापत निवासी इन्द्रा कॉलोनी बिजयनगर ने इस आशय कि रिपोर्ट पेश की कि हम सब घर से बाहर गये हुए थे और घर पर मेरी माताजी सुशीला एवं मेरी पत्नी उर्मिला ही थी। करीब 4-5 बजे वापिस घर आये तो मेरी बहन ने घर में पानी के टैंक के पास खून फैला देखा तो मेरी पत्नि उर्मिला से पूछा तो उसने अलग ही जवाब दिया। कुछ देर तक घर को देखा और मेरी माताजी सुशीला के नजर नहीं आने पर मैने मेरी पत्नि उर्मिला को पूछा तो उसने कहा कि मां बाहर गई है। कुछ देर बाद सब जगह ढूंढ ने पर नहीं मिलने पर उर्मिला से वापस पूंछा की मां कहां है तो उसने कहा कि मैने लोहे के मूसल से मां के सिर में मारी तो उसके खून निकल गये फिर मैने मां सुशीला को पानी के टैंक में डाल दिया और पानी के टैंक में पानी खाली करने पर मां की अन्दर लाश मिली। रिपोर्ट पर पुलिस थाना बिजयनगर ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। अनुसंधान यह पाया गया कि सुशीला की उसकी पुत्रवधु उर्मिला ने लोहे के मूसल से मारकर हत्या कर लाश पानी के टैंक में डाल दी जिस पर पुलिस थाना बिजयनगर ने उर्मिला प्रजापत को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल 16 गवाह एवं 25 दस्तावेज पेश किये गये। एफएसएल रिपोर्ट में मुल्जिमा के वक्त घटना में पहने हुए कपडे पर मृतका का खून मिलने से मिलान होना पाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी चन्द्र विजय सिंह अपर लोक अभियोजक सं. 3 ब्यावर द्वारा की गई।

## संक्षिप्त

### श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष का निधन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शंभू सिंह चौहान का आकस्मिक निधन हो गया। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शंभू सिंह चौहान कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जयपुर में इलाज के दौरान अध्यक्ष चौहान का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से खाटूश्यामजी कस्बे सहित श्याम जगत में शोक की लहर छा गई।गौरतलब है कि अध्यक्ष शंभू सिंह चौहान 2018 में श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बने थे।इस 4 साल के कार्यकाल में सामाजिक क्षेत्र, शैक्षिक क्षेत्र व धार्मिक क्षेत्र में अनेक योजनाओं में अग्रणी रहकर कार्य किया गया।


शुभू सिंह चौहान

# हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों का धरना 35वें दिन भी जारी रहा

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा-मोहनपुरा में मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में जोधपुरा के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को लगातार 35 वें दिन भी जारी रहा।

बुधवार को ग्रामीणों के प्रतिनिधि मण्डल ने क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने गृह राज्यमंत्री को बताया कि एक माह से अधिक समय से धरने पर बैठने के बावजूद भी प्रशासन ने उनकी समस्या जानने की कोशिश नहीं की। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सात दिवस में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। गृह राज्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट अवैध हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें ना तो पुर्नवासित किया जा रहा है। साथ ही आबादी के निकट ब्लास्टिंग व क्रेशर लगा दिये जाने से भय का माहौल है। कम्पनी प्रबंधन द्वारा ना तो उनका गाँव अधिगृहित किया गया है एवं ना ही उन्हें पुर्नवासित किया जा रहा है। ग्रामीण निरन्तर आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग व खनन को बंद करवाने की मांग कर रहे है। इस दौरान समिति अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया, उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, कानाराम, जयसिंह सौरेला, कैलाश यादव, प्रमोद भारती, सुरेश शर्मा, मुलायम यादव, विष्णु सौरेला, पांची देवी, सुमन देवी, सुमित्रा देवी, बीना देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

- ग्रामीणों के प्रतिनिधि मण्डल ने गृह राज्यमंत्री यादव से मिलकर समस्याओं से करवाया अवगत


ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा आबादी के निकट हैवी ब्लास्टिंग करने के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 35 वें दिन भी जारी रहा।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** एमजेएफ ग्रुप के चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी के सानिध्य में बुधवार को ग्राम किशनपुरा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैलाश राज सैनी ने कहा कि मरीजों की सेवा ही देव तुल्य सेवा है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कैलाश राज सैनी को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही ग्रामीण लोगों ने कहा कि कैलाश राज सैनी गांव गांव ढाणी ढाणी में शिविर लगाकर मरीजों के लिए भलो काम करियो छः।

शिविर में सरपंच हरदेव सिंह देवन्दा ने बताया कि सैनी द्वारा विगत 8 वर्षों से सभी ग्राम पंचायतो के गांव गांव ढाणी ढाणी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर मानसेवार्थ का कार्य कर रहे है। शिविर प्रभारी डॉ सुदेश ने बताया कि शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग, पेट संबंधित रोग, मिर्गी रोग, मौसमी बीमारियो, पायल्स तथा आंख, कान, गला, मुख संबंधित विभिन्न बीमारियो का पंचकर्म विधि से इलाज किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ इंदु शर्मा, डॉक्टर केवी राजू , डॉ अनुकृति, डॉ. कृति, डॉ. नरेश, डॉ सचिन व इंटर्न डॉ, पूजा व डॉ सलोनी, जितेंद्र ने मरीजो को परामर्श देकर नि:शुल्क दवा वितरण की गई। शिविर में करीब 364 मरीज लाभांवित हुए।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

### परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
### कब्जा नोटिस
### (अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है, अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग नोटिस, कर्जदारों/सह कर्जदारों और जमानतियों को, नीचे वर्णित मांग नोटिस में उल्लेखित राशि का भुगतान, उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अन्दर, मांग पत्र की तिथ से भुगतान/प्राप्ति तक के अतिरिक्त ब्याज तथा अन्य खर्चों सहित, करने के लिये कहा गया है।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानती राशि वापस करने में विफल रहे है, कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों को तथा जनसाधारण को एतथ द्वारा सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है, के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उन्होंने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | कर्जदारों/ सहकर्जदारों एवं जमानतियों के नाम | गिरवी रखी सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | कब्जे का प्रकार और तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि रू. | |
| 33961742 एवं 7781555 | 1. प्रदीप कुमार थकवानी 2. चन्द्र प्रकाश थकवानी 3. प्रमोद थकवानी | प्लाट/मकान नं. 2-थ-16, क्षेत्रफल 91.50 वर्गमीटर, सैक्टर-2, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) का पूरा एवं प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-मकान नं. 2-थ-17, पश्चिम-मकान नं. 2-थ-15, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-मकान नं. 2-थ-27 | 08.10.2022 | रूपये 74,79,690.97/- | 09.01.2023 सांकेतिक कब्जा |
| 24861803 एवं 32528108 | 1. हर्षिता आर्टस ज्वैलरी प्रो. हर्षिता सोनी 2. हर्षिता सोनी 3. उन्नत कुमार विजय कुमार सोनी | मकान म्यूनिसिपल नं. 1425 के पार्ट हिस्से का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 189.14 वर्ग मीटर, जोबनेट छीपों की गली, बगरू वालों का रास्ता, चौडा रास्ता, चौकडी पुरानी बस्ती, जयपुर, राजस्थान और सीमायें साईट के अनुसार- पूर्व-मकान म्यूनिसिपल नं. 1425-ए, पश्चिम-गन्दी गली, उत्तर-मकान म्यूनिसिपल नं. 1426, दक्षिण-मकान म्यूनिसिपल नं. 1422 | 08.10.2022 | रूपये 1,25,83,358.70/- | 09.01.2023 सांकेतिक कब्जा |

कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों को विशेष रूप से तथा आम जनता को एतथद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा, लेन देन नहीं करें तथा इन सम्पत्तियों की किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के सथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के तहत होगा व मांग नोटिस में वर्णित राशि, मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक की अतिरिक्त ब्याज व खर्चों सहित, देय होगा।

दिनांक- 09.01.2023
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व नाम कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)


# चोरी की वारदात के विरोध में व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन मंडी बंद का निर्णय लिया

**मंडावरी, (निसं)।** कृषि मंडी में बीती रात हुई सिलसिलेवार 13 दुकानों में चोरी की वारदात को लेकर व्यापार मंडल मंडावरी द्वारा एक आपात बैठक मंडी व्यापारी सेवा समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद महारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सभी व्यापारियों द्वारा सर्वसम्मति से चोरी की वारदात का खुलासा होने तक मंडी व्यापार को बंद रखते हुए अनिश्चितकालीन मंडी बंद का निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान मंडी व्यापारी सेवा समिति व्यापार मंडल द्वारा नौ सूत्रीय प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों से वहां मौजूद मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता को भी अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान समस्त व्यापारी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मंडी के गेट को बंद रखकर शांतिपूर्वक विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन करने के साथ कृषि मंडी में सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर एक्स सर्विसमैन को चौकीदार रखने का निर्णय लिया गया। मौजूदा समय में लगे ठेकेदारों के चौकीदारों को हटाने एवं मंडी परिसर में धर्म कांटा लगवाने सहित मंडी परिसर में नया कोई बैंक खुलवाने के प्रयास व मंडी कार्मिक रामगोपाल को अन्यत्र ट्रांसफर कराने को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया।

इस आपात बैठक के दौरान रात्रि के समय मंडी परिसर में निजी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने सहित व्यापारियों के कैमरे जहां नहीं लगे हैं सभी व्यापारियों द्वारा दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्णय किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि कोई भी व्यापारी अनावश्यक ज्यादा नगद रुपया दुकान में नहीं रखेंगे। बैठक के दौरान उपस्थित व्यापारियों द्वारा इस चोरी की वारदात में रात्रिकालीन गार्डों की लापरवाही सामने आने के बाद ठेकेदार के प्रतिनिधि को मौके पर बुलाकर हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की गई। भरपाई नहीं करने की दिशा में प्लेसमेंट एजेंसी के खिलाफ भी चोरी की वारदात में संलिप्तता का मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी गई।

बैठक के दौरान कृषि उपज मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता को समिति के बंद पडे कैमरे को लेकर भी व्यापारियों द्वारा कडी नाराजगी जताई गई। इस दौरान मंडी समिति सचिव गुप्ता ने कहा कि उनके द्वारा गत दिनों कृषि मंडियों में इस तरह की हुई चोरी की वारदात को लेकर एहतियात के तौर पर तीन हफ्ते पहले ही व्यापार मंडल को पत्थर रखकर ज्यादा नकदी दुकान में नहीं रखने एवं सीसीटीवी कैमरे आदि की मौजूदगी सुनिश्चित करने को लेकर पत्र लिखा गया था। इस आपात बैठक के दौरान मंडी व्यापारी समिति के अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद महारिया कोषाध्यक्ष सीताराम मित्तल ज्ञानचंद बोरदी सतीश चौधरी रामचरण भगत विमल बोरदी कमलेश जैन कैलाश मोदी मदन लाल सिंघल बिट्टू गोयल रामअवतार बजाज रामजीलाल गांधी पंकज चौधरी मनोज बजाज शैलेंद्र बरनाला सुरेश खानपुर गिरधारी मंगल मदन मोहन सीताराम आदि कई मंडी व्यापारी मौजूद रहे।


मंडावरी की मंडी में चोरी की वारदात के विरोध में मंडी व्यापारी समिति के लोगों ने आपात बैठक की।

- समिति ने नौ सूत्रीय प्रस्ताव पारित किए
- दुकान में ज्यादा नकदी नहीं रखने का निर्णय लिया
- समिति के बंद पड़े कैमरे को लेकर भी व्यापारियों द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई

## आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** युवा ग्रामीण लीग श्रीमाधोपुर 22 - 23 के आयोजन को लेकर गीतांजलि हॉस्पिटल अजीतगढ़ के डॉक्टर मंगल यादव ने श्रीमाधोपुर में प्रेस वार्ता कर संपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ यादव ने बताया कि 'चलो मैदान की ओर' थीम को लेकर 'मेरा राजस्थान युवा राजस्थान' का आयोजन 12 जनवरी गुरुवार को प्रात: 9 बजे स्थान खेल मैदान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर में किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com
Ph.-01431-260714
क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2022/7154
दिनांक-11.01.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विनोद कुमार पुत्र राम सहाय शर्मा खेडली | 4212/512 अंधा का कुआ लालसोट | 149.33 | आवासीय |
| 2 | रमेश चंद पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा गोविन्दपुरा | 13/4 मोडल्या कॉलोनी, सालगरामपुरा चक नं.6 | 50.05 | आवासीय |
| 3 | रमेश चंद पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा गोविन्दपुरा | उपरोक्त | 259.63 | आवासीय |
| 4 | बजरंग लाल पुत्र श्याम लाल सोनी लालसोट | 1258 शिव कॉलोनी लालसोट | 64 | आवासीय |
| 5 | लक्ष्मीकांत शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा रामसर | 1337, बाईपास बालाजी के सामने सीताराम कॉलोनी लालसोट | 182.24 | आवासीय |
| 6 | रामभरोसी देवी पत्नी हजारी लाल मीणा दौलतपुरा | 4495/456 कबीर कॉलोनी लालसोट | 133.33 | आवासीय |
| 7 | रामभरोसी देवी पत्नी हजारी लाल मीणा दौलतपुरा | 3848/1421 नारायण विहार द्वितीय लालसोट | 150 | आवासीय |
| 8 | हरिप्रसाद महावर पुत्र गंगाधर महावर चांदसेन | 187/6/2 गंगापुर रोड राजोली | 76.38 | व्यवसाय |
| 9 | रामरूप शर्मा पुत्र मूलचंद शर्मा कोलीवाडा | 136 रामनगर कॉलोनी लालसोट | 162.91 | आवासीय |
| 10 | कैलाश चन्द पुत्र मूलचंद शर्मा कोलीवाडा | 136 रामनगर कॉलोनी लालसोट | 151.04 | आवासीय |
| 11 | भंवर सिंह गुर्जर पुत्र लच्छीराम गुर्जर घाटा | 2419 कृष्णा विहार लालसोट | 177.77 | आवासीय |
| 12 | लल्लू लाल मीणा पुत्र मोहन लाल मीणा चांदसेन | 36/2/15 सुरक्षित नगर चांदसेन | 94.35 | व्यवसाय |
| 13 | राजकुमारी देवी पत्नी लक्ष्मी नारायण वैष्णव लालसोट | 362/57/2 सुरक्षित नगर चांदसेन | 170 | आवासीय |
| 14 | सीमा गौतम पत्नी भगवान सहाय गौतम देवली | 211, 4144/210, 4149/215 दादू दयाल नगर लालसोट | 100 | आवासीट |
| 15 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | 653, 654 नेहरू कॉलोनी लालसोट | 129.04 | आवासीय |
| 16 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | उपरोक्त | 130.62 | आवासीय |
| 17 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | उपरोक्त | 128.25 | आवासीय |
| 18 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | उपरोक्त | 128.25 | आवासीय |
| 19 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | उपरोक्त | 182.56 | आवासीय |
| 20 | सीता देवी पत्नी मुरारी लाल सोनी लालसोट | उपरोक्त | 144 | आवासीय |
| 21 | अमरचंद पुत्र लल्लू राम बैरवा सीतारामपुरा | 132/1 कामडकॉलोनी लालसोट | 226.66 | आवासीय |
| 22 | घनश्याम पुत्र रामेश्वर प्रसाद शर्मा लालसोट | 174 शिवनगर चांदसेन | 173.33 | आवासीय |
| 23 | दयाल जागा पुत्र गिर्राज प्रसाद जागा करौली | 3617, 3628, रघुकुल वाटिका लालसोट | 200 | आवासीय |
| 24 | लच्छी लाल पुत्र गिर्राज प्रसाद जागा करौली | उपरोक्त | 200 | आवासीय |
| 25 | राजू सिंह पुत्र नंद सिंह बडवा डिगो | उपरोक्त | 200 | आवासीय |
| 26 | खाटू श्याम सेवा समिति लालसोट जरिए अध्यक्ष मदनलाल पुत्र पूनमचंद भिवाल लालसोट | 594 न्यू कॉलोनी गंगापुर रोड लालसोट | 200 | आवासीय |
| 27 | दयाराम, योगेन्द्र पुत्र केदार दास स्वामी लालसोट | 3748/253/3 नया 3803/253 जमात लालसोट | 566.55 | आवासीय |
| 28 | दयाराम स्वामी पुत्र केदार दास स्वामी लालसोट | उपरोक्त | 344.22 | आवासीय |
| 29 | योगेन्द्र स्वामी पुत्र केदार दास स्वामी लालसोट | उपरोक्त | 130 | आवासीय |
| 30 | योगेन्द्र स्वामी पुत्र केदार दास स्वामी लालसोट | उपरोक्त | 168.33 | आवासीय |
| 31 | संतोष स्वामी पत्नी दयाराम स्वामी लालसोट | उपरोक्त | 115.55 | आवासीय |
| 32 | मुन्नी पत्नी अल्लादीन खा लालसोट | 115 लाल क्लब के पास लालसोट | 235.75 | आवासीय |
| 33 | राजेन्द्र कुमार पुत्र मोती राम बैरवा प्रहलादपुरा | 366/36 सुरक्षित नगर चांदसेन | 122.22 | आवासीय |

उक्त आपत्ति आज दिनांक 11.1.23को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(रक्षा मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

(सीमा चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट


## शहरी ओलंपिक की तैयारी बैठक

**लालसोट, (निसं)।** नगरपालिका क्षेत्रों में राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों के सफल संचालन को लेकर बुधवार को लालसोट नगरपालिका कार्यालय में एसडीएम विजेंद्र मीणा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में नगरपालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र, अधिशासी अधिकारी लालसोट सीमा चौधरी, मंडावरी अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा, पालिका उपाध्यक्ष संतोष स्वामी, सीबीईओ गोविंद नारायण माली, कनिष्ठ अभियंता, राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार मीणा सहित कई पार्षद अधिकारी आदि मौजूद रहे। ब्लॉक स्तरीय बैठक के दौरान सीबीआई गोविंद नारायण माली द्वारा ओलंपिक खेलों के संदर्भ में टीम में खेलने वाले खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन तथा होने वाले खेल पुरुष वर्ग हेतु कबड्डी फुटबॉल बास्केटबॉल टेनिस बॉल क्रिकेट वालीबाल तथा बालिका वर्ग के लिए केवल खो खो का खेल ही रहने एवं एथलेटिक्स में सौ व दो सौ और चार सौ मीटर की दौड़ होने की जानकारी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र द्वारा सभी पार्षदों से इन खेलों के लिए अपने-अपने वार्डों से अच्छे खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की। एसडीएम विजेंद्र मीणा ने कहा कि शहरी ओलंपिक खेलों में प्रतिभाओं को ज्यादा से ज्यादा तलाशने का प्रयास करना है।

# उपभोक्ता जागरूकता को लेकर व्याख्यानमाला

**राजगढ़, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में उपभोक्ता क्लब के तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को उपभोक्ता संबंधी समस्त जानकारी होना आवश्यक है। उपभोक्ता क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. एस. डी. मीना ने बताया कि पूरे राजस्थान में उपभोक्ता क्लब हेतु केवल सौ कॉलेजों का चयन किया गया है, जिसमें राजगढ़ कॉलेज का चुना जाना गौरव की बात है। कार्यक्रम में डॉ. रतिराम जाटव ने विद्यार्थियों को एमआरपी से संबंधित जानकारी दी। डॉ. आंचल मीना ने बाजार में क्रय की जाने वाली विभिन्न गृह उपयोग की वस्तुओं की कीमतों , ट्रेडमार्क इत्यादि से संबंधित जानकारी दी। डॉ. शिवशरण कौशिक ने विधार्थियों को उपभोक्ता मामलात विभाग के लोगो से प्रेरित करते हुए बताया कि तुला यानी तराजू ही जागरूक का प्रतीक होता है जो उपभोक्ता का मूल अधिकार है। इसमें डॉ जगफूल मीना, डॉ शिव शर्मा ने भी उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक मीना ने किया।इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ रजनी मीना, डा. जगजीत सिंह कविया, डॉ. पी एम मीना सहित समस्त संकाय सदस्य सहित छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं नगरपालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को चौमूं नगर परिषद बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लालाराम गुलिया के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण से भेंटकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि देश की आजादी से पूर्व ही चौमूं क्षेत्र में क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु तत्कालीन जनसंख्या के मद्देनजर सन 1944 में नगर पालिका का गठन किया गया था। परंतु 8 दशक व्यतीत हो जाने के उपरांत भी चौमूं नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत नहीं किया गया है। जबकि वर्तमान में चौमूं की आबादी लगभग एक लाख से अधिक हो गई है एवं वार्डों की संख्या भी 45 की जा चुकी है। इतने बड़े भूभाग एवं जनसंख्या को देखते हुए चौमूं नगरपालिका को आवंटित बजट कम होने के कारण क्षेत्र का आधारभूत विकास संभव नहीं हो पा रहा है। इस मौके पर प्रवक्ता राजेश कुमार वर्मा, समिति उपाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, शहजाद खान लोहानी, महासचिव देवराज सैनी, भानु प्रसाद सैनी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# विधायक का आभार जताया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** विधायक रामलाल शर्मा की अनुशंषा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रेनवाल रोड पर पुलिस थाने के पीछे से गैस एजेंसी रीको कालाडेरा की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति जारी की है। उक्त 1.5 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 40 लाख रुपयों की वित्तीय स्वीकृति जारी होने पर ग्रामवासियों ने सुभाष सर्किल स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर आभार जताया। इस मोके पर , पूर्व सरपंच विष्णु नागर, सुशील शर्मा, शंकर खोज, मदन बागड़ा, नन्दलाल कुमावत, कमल बागड़ा, हेमराज कुमावत, जेपी कुमावत, मदन बाड़ीवाल, सीताराम बाड़ीवाल, जीएल बागड़ा, कमल पंचोली, बाबूलाल बुरी, रामू गुर्जर, विनोद, सुरेश आदि लोग उपस्थित रहे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर पश्चिम रेलवे | G20



रेल पटरियों के आस-पास पतंग उड़ाने से जान को खतरा है।

सावधान रहें! सुरक्षित रहें!

- रेलवे लाईन के समीप कभी पतंग नहीं उड़ाएं/न लूटें, ट्रेन के आने पर आपकी जान को खतरा हो सकता है।
- रेलवे लाईन के ऊपर विद्युत तारों में 25000 वोल्ट का विद्युत प्रवाह होता है, इसके सम्पर्क में धातुमय माँझा आने से पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति को करन्ट लग सकता है।
- पतंग उड़ाते व लूटते समय बच्चों पर विशेष नजर रखें, उन्हें पटरियों के आस-पास न जाने दें।

अपने बच्चों को समझाएं बात ये ख़ास, पतंग न उड़ाएं रेलवे ट्रेक के आस-पास

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 29-CQ/23


# कला कॉलेज में प्रोफेसरों पर हमले की निंदा की

**अलवर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक एवं कला कॉलेज में अनुशासन समिति के संयोजक रहे डॉ.रमेश बैरवा ने 10 जनवरी को एक परीक्षार्थी द्वारा डॉ.विजय वर्मा, डॉ जे सी नारायण, महेंद्र प्रताप बायला, डॉ कर्मवीर सिंह सहित परीक्षा समिति के सदस्य एवं अन्य प्रोफेसरों पर डंडे से हमले की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। घटना की जांच सीसीटीवी कैमरों से करवाई जाए। प्राचार्य कक्ष में भी बदसलूकी हुई है जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित कर जांच की जाए। असल में इस घटना के लिए प्राचार्य की उदासीनता एवं परीक्षा समिति सदस्यों के तदर्थ रवैए को जिम्मेदार माना है। डॉ. बैरवा ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी के दौरान प्राचार्य परीक्षा ड्यूटी की प्रमुख जिम्मेदारी की उपेक्षा कर पीएचडी के साक्षात्कार में बैठी रही जोकि नियमानुसार सही नहीं था। पूर्व फ्लाइंग समुचित तरीके से कार्य नहीं करती। नियमानुसार योग्य विक्षकों का चयन नहीं किया जाता।

## संक्षिप्त

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**राजगढ़,** (निसं)। उपखंड के ग्राम सुरेर की चंदन सिंह की ढाणी में भैरू बाबा क्रिकेट क्लब के तत्वधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत प्रकाश दास महाराज थे। क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब दो दर्जन टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहां की खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अवसर पर सुर ज्ञान सिंह फौजी, किशन लाल मीणा, टिल्लू सेन, समर्थ लाल मीणा, महेश शर्मा, राजू नीमला, टिल्लू मीणा, राकेश मीणा , सचिन कप्तान ,देवकरण मीणा, गाजी राम मीणा, राजू पंडित, तेज सिंह नरुका, हरिओम नरूका, सुरेश जारवाल, मुनीराम, चरण सिंह भाटी, एवं अन्य मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा कस्बे की अजमेरो की ढाणी में मंगलवार की रात शॉर्ट सर्किट से चारे के ढेर में लगी आग से जहां चारा जलकर राख हो गया वहीं बाडे में बंधी चार भैंसें बुरी तरह झुलस गई। पीड़ित घासी अजमेरा ने बताया कि मंगलवार की मध्य रात्री में चारे के गोदाम के पास विद्युत तारों में हुये शॉर्ट सर्किट से चारे के ढेर में आग लग गई। आग की चपेट में बाडे में बंधी चार भैंसें आ जाने से चारों भैंस झुलस गई। भैंसों के चिल्लाने की आवाज से जाग होने पर आग का पता चला।

### बगीची में श्रमदान किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे की जीडीएमएल पटवारी महाविद्यालय में सचिव प्रिया शरण पटवारी के निर्देशानुसार हरिदास बगीची में छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। जिसमें एन एस एस प्रभारी डॉ किरण शर्मा, महेंद्र कुमार एवं श्रीमती सुमन चौधरी, दिनेश कटारिया सहित महाविद्यालय के समस्त व्याख्याता उपस्थित रहे। मोहन लाल अग्रवाल के द्वारा छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गया।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए दल रवाना

**निवाई,** (निसं)। कृषि महाविद्यालय झिलाय के प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का 2 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण रवाना हुआ। भ्रमण दल को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर के लिए अधिष्ठाता डॉ. रामप्रसाद जाट ने बुधवार की सुबह हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# एडब्ल्यूसी संस्था द्वारा गलत आंकड़े जारी करने से पक्षी प्रेमी नाराज

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर झील के जयपुर और नागौर डिवीजन में एक संस्था द्वारा की गई पक्षियों की जनगणना पर सवाल उठाते हुए पक्षी प्रेमी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर गौरव दाधीच ने बताया कि यह पूरी तरह से गलत तथ्यों पर की जा रही है। जबकि हकीकत में सांभर झील और नागौर क्षेत्र में हजारों की संख्या में फ्लैमिंगोस अन्य प्रवासी प्रजाति के पक्षियों का नजारा साफ देखा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि वे खुद रोजाना नागौर डिवीजन और सांभर झील के

- जनगणना पर सवाल उठाते हुए पक्षी प्रेमी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ने बताया कि यह पूरी तरह से गलत तथ्यों पर की जा रही है



सांभर झील में बुधवार को प्रवासी पक्षियों का आकाश में विचरण करने का नजारा।

एरिया में फोटोग्राफी व पक्षियों की जल क्रीड़ा व अन्यगतिविधियों को नोट करने जाते हैं, उनके पास तमाम प्रमाण मौजूद हैं। शीतकालीन सत्र के प्रारंभ होने से ही यहां पर सुदूर देशों से प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है और अभी वर्तमान में झील में पक्षियों की संख्या भारी तादाद में है। संस्था द्वारा गलत आंकड़े जारी कर सांभर सांभर क्षेत्र के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और सरकार तक गलत मैसेज भेज कर यहां के अस्तित्व को मिटाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने बताया कि संस्था के सदस्यों की ओर से हर वर्ष पक्षियों की जनगणना के गलत आंकड़े बता कर जनता को गुमराह किया जा रहा है संस्था के लोग यहां आकर चुपचाप बिना किसी से पूछताछ किए अपने स्तर पर ही आंकड़े गलत तरीके से जुटाकर भेजते हैं इससे पक्षी प्रेमी व पक्षीविदों में काफी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अभी सांभर लेक में 1.5 लाख के आस पास पक्षी हैं। इनमें अधिक संख्या लेसर फ़्लमिंगो और ग्रेटर फ़्लमिंगो की है व साथ ही अन्य 55 प्रजातियों के पक्षियों की मौजूदगी पर्यटकों के लिए अच्छा खासा आकर्षण का केंद्र बन रही है।

इस मामले में इकोलॉजिस्ट और एडब्ल्यूसी दिल्ली स्टेट कोऑर्डिनेटर वेटलैंड इंटरनेशनल के टीके राय से हकीकत जानने के लिए उनके व्हाट्सएप पर संदेश भेजा गया तो उन्होंने पढ़कर उसका उत्तर दिया कि आप नहीं छापोगे तो दूसरा मीडिया छापेगा।

### मानदेय बढ़ोतरी को लेकर ज्ञापन दिया

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश ग्राम साथिन कर्मचारी संघ (आशा सहयोगिनी) की ग्राम साथिनों ने महिला अधिकारिता बाल विकास विभाग में कार्यरत ग्राम साथिनों का 4620 रुपये मानदेय में बढ़ोतरी करने एवं टोंक जिला सहित अन्य कई जिलों में 4 वर्षों से रूके हुए जाजम बैठकों बिल का भुगतान करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। संघ की मनोज कंवर, तारा भांति, राजदुलार, उर्मिला चौधरी, रघुवीर विजय, संतोष शर्मा, कौशल्या जाट, चन्द्रकला शर्मा, संतोष कंवर, शर्मिला मीना पुजा मीना आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम साथिन राजस्थान प्रदेश की हर एक पंचायत पर 2004 से कार्य करती आ रही हैं। उन्होंने मांग की है कि ग्राम साथिनों के कार्यों को देखते हुए मानदेय अपना परिवार चलाने हेतु कम से कम 10000 रुपए किया जाये साथ ही अन्य राज्यों कर्मचारियों की तरह एक तारीख को डलवाने जाएं। 4620 रुपए मानदेय से बढाकर श्रम एक्ट कानून अधिनियमनुसार मानदेय किया जाए।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन

**पावटा,** (निसं)। 66वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता का शाहपुरा में बुधवार को राज्यमंत्री सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य व शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल की अध्यक्षता व कई जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के विशिष्ट आतिथ्य में झण्डारोहण कर उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि

- 94 टीमों के 3200 प्रतिभागी ले रहे भाग




शाहपुरा में प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह को राज्यमंत्री सुभाष गर्ग ( दाएं ) ने संबोधित किया।

राज्यमंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी बताया। अध्यक्षता कर रहे शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल ने खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारित कर व सौहार्द से खेलने व उदा प्रदर्शन कर परिवार व गांव का नाम रोशन करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सतीश चंदेल, खेमराज मीणा, रतन चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मनमोहन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शंकरलाल जाट ने विचार व्यक्त किए। वहीं संयोजक पवन जाट ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 94 टीमों के 3200 खिलाडी हिस्सा ले रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर उप शाखा किशनगढ़ बास के सदस्यों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन एसडीएम गंगाधर मीणा को सौंपा है।

कर्मचारियों ने 15 सूत्री मांग पत्र में बताया है कि 4 साल से 15 सूत्री मांगों को लेकर सरकार से प्रदेश के 8 लाख कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनुरोध किया है। सरकार से पुनः है अनुरोध है कि 8 लाख कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय करें अन्यथा कर्मचारियों के हितार्थ प्रदेश व्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया है कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ किशनगढ़ बास उपशाखा कर्मचारियों की ओर से 15 सूत्री मांगों को लेकर दिए गए मुख्यमंत्री वह मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन की पृथ्वी को जिला कलेक्टर अलवर को प्रेषित कर भेजी गई है।

## सार-समाचार

### भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजकों का सम्मान



**बहरोड़/ मुंडावर,** (निसं)। अलवर के पूर्व सांसद एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मालाखेड़ा में आयोजित विशाल जनसभा के सफल आयोजकों को सम्पूर्ण श्रेय देते हुए अलवर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करने से अलवर के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल दिखाई दिया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मुंडावर तहसील में कृषि भूमि हेतु नहर लाने की पदयात्रा के संयोजक एडवोकेट रामअवतार चौधरी ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन में अलवर जिले की मुंडावर तहसील में कृषि भूमि के लिए नहर का पानी लाने के पद यात्रियों में उनको व अखिलेश कौशिक को अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा द्वारा प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है वहीं पार्टी द्वारा बड़ी तादाद में अलवर के पूर्व सांसद व ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा दिए गए प्रशंसा पत्रों को अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के द्वारा क्रमशः निरंतरता के साथ भेंट करते हुए श्रेयस्कर कार्य करने वाले जिले के कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### रास्ते को पाइप लगाकर बंद किया



**टोंक,** (निसं)। शहर के धन्नातलाई कांटे के पीछे जे.के.नगर में रास्ते को पाइप लगाकर बंदकर देने से आमजन को रास्ते में आने-जाने की परेशानी हो रही है। अमरीन अखलाक पत्नी फहीम खान ने बताया कि वह जे.के.नगर में निवास करती है और उसकी बेटी अपाहिज है। उसके घर के सामने कुछ दिनों पहले की सड़क निर्माण हुआ था, नई सड़क पर यही के एक व्यक्ति ने लोहे के पाइप लगाकर रास्ते को बंद कर दिया है। जिससे ऑटो भी नहीं जा सकती है। वहीं आमजन को भी आने जाने में रास्ता बंद होने से परेशानी हो रही है। जिला कलेक्टर को भी इस संबंध में पत्र दिया था, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि रास्ते से पाइप हटाकर आमजन को राहत प्रदान की जाएं।

### चोरी करने वाले तीन जने गिरफ्तार



**नारायणपुर,** (निसं)। थाना पुलिस नारायणपुर के अंतर्गत 4 दिसम्बर को दिनदहाड़े स्टेट हाइवे 52 पर स्थित विनोद पब्लिक स्कूल के पास सूने घर में सोने-चांदी के जेवरात की हुई चोरी के आरोप में पुलिस ने बुधवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसआई रामकुमार ने बताया कि मुखबीर की सूचना के आधार पर जानकारी मिली की घाटा स्टैण्ड पर कही जाने की फिराक में तीन लोग खड़े हुए हैं। जिनको पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो 4 दिसम्बर को सूने घर में सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की वारदात करना कबूल किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने दीपक (25) पुत्र रोहिताश जाति माली निवासी न्यू कॉलोनी बिजली ग्रेड के पास थानागाजी, बंटी (25) पुत्र पप्पू राम जाति माली निवासी राजपुरा मोहल्ला नारायणपुर, विक्रम (22) पुत्र फूलचंद जाति माली निवासी पेट्रोल पंप के सामने अलवर रोड थानागाजी को गिरफ्तार किया हैं। वही पुलिस को चोरी के चोथे आरोपी की तलाश जारी हैं।

### विद्यार्थियों को जूते व मौजे वतरित किए

**निवाई,** (निसं)। पीपलू के गांव जयकिशनपुरा के राउप्रावि में शिक्षादान चरण कमल पहल के तहत सभी 140 विद्यार्थियों को लगभग 28 हजार रुपए के जूते मौजे वितरित किए गए। जिससे सर्दी में गलन से राहत मिलने से सभी विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड गई। शिक्षादान पहल प्रेरक एवं राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय ने बताया कि भामाशाह सीनियर कंसल्टेंट एंड हेड प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रिवेंटिव ऑन्कोलोजिस्ट, राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. वीणा आचार्य तथा असोसिएट प्रोफेसर डीईओ सीमेट गोनेर जयपुर की उमा गौतम, शिक्षक शंकरलाल मीणा, दिनकर विजयवर्गीय द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिशन चरण कमल के तहत जूते वितरित किए गए। इसी तरह भामाशाह माधवाचार्य सेवा संस्थान पीपलू की अध्यक्ष लादी देवी व सचिव विद्या देवी व मुरलीधर वैष्णव द्वारा सभी विद्यार्थियों को मौजे वितरित किए गए।

# वाइस चेयरमैन व पार्षदों का धरना आठवें दिन भी जारी

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में विभिन्न स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत सहित पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को आठवें दिन भी जारी रहा। जिसका जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने भी समर्थन दिया।

इस दौरान वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाए गए प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुसार लोगों को अधिक से अधिक राहत/रियायत देते हुए व आमजन को इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल पाये इसके लिए बहुतायत में पट्टे जारी करने के लिए व एक फाइल एक टेबल पर अधिक दिन तक नहीं रोकने के सभी नगर निकायों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये गए थे। लेकिन पावटा प्रागपुरा पालिका में धरातल पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। इस अभियान का शहर के बहुत कम लोगों को लाभ मिल पाया है। गरीब और जरूरतमंद आज भी पट्टों के लिए दर दर की ठोकरे खा रहे हैं। पालिका क्षेत्र में पट्टे बनना, विकास होना तो फिलहाल दूर की बात है। आमजन के जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराने में जूते घिस जाते हैं। यहां अधिशासी अधिकारी एवं सहायक कर्मचारियों की लेटलतीफी व फील्ड में होने की वजह से नगर की जनता का दर्द यही है कौन सुनेगा किसको सुनाएं इस लिए चुप रहते हैं। वहीं पार्षद संजय सेन, राकेश मीणा, लोकेश शर्मा, मिंटू शर्मा ने बताया कि नगरपालिका में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश और जमघट आमजन के लिए परेशानी का कारण बन गया है। पालिका में अधिशासी अधिकारियों का तबादला चर्चा का विषय है। ऐसे में लोग राज्य और केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित है।

### आयकर विभाग के छापे से मचा हड़कंप

**टोंक,** (निसं)। टोंक शहर में एक व्यवसायी के आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह पहुंच कर छापे की कार्यवाही शुरु की और कई घंटों तक व्यवसायी के कई ठिकानों पर टीम सर्च कार्यवाही करती रही। इस मामले के चलते शहर में व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। जानकारी के आयकर विभाग की टीम कई गाड़ियों के साथ पहुंची और टोंक शहर के व्यवसायी के यहां आयकर विभाग की छापे कार्यवाही शुरु की। यहां विभाग की टीम ने व्यवसायी के प्रमुख ऑफिस सहित कई ठिकानों पर सर्च की कार्यवाही भी साथ में शुरु की। इस दौरान टीम के साथ सशस्त्र पुलिस दल तैनात रहा और टीम इन ठिकानों पर सुबह से लेकर कई घंटों तक सर्च की कार्यवाही में जुटी रही है।

# विराटनगर को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग

**पावटा,** (निसं)। प्रस्तावित कोटपुतली जिले में विराटनगर उपखंड को सम्मिलित करने के विरोध में बुधवार को भीमसैन चौक पर विशालसभा का आयोजन किया गया। सर्व समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण सहित विभिन्न प्रबुद्ध जनों ने हिस्सा लिया।

सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम विराटनगर तहसीलदार पिंकी गुर्जर को ज्ञापन सोते हुए बताया कि विराट नगर क्षेत्र का गौरवशाली इतिहास रहा है। इससे किसी भी प्रकार की छेडछाड बर्दाश्त नहीं होगी। समाजसेवी पंकज पाराशर ने कहा कि जयपुर की स्थापना से पूर्व विराटनगर का वैभव गौरवशाली रहा है। आमेर रियासत जयपुर से विराटनगर का गहरा लगाव रहा है।

इस मौके पर पेंशनर समाज अध्यक्ष रामगोपाल पांडेय, वाइस चेयरमैन बाबूलाल मीणा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक जैन, महेंद्र सैनी, बजरंगलाल शर्मा, पदम चंद जैन, संतोष जैन, गजानंद सिंह, राजेश सैनी, राकेश, दीपक सोनी, आशीष जैन, हरिओम शर्मा, चौथमल सैनी, विक्की सैनी, ओमप्रकाश जैन, अक्षय कौशिक, छात्र नेता सोनू सैनी, विक्की हल्कारा, मोनू सैनी, बाबू खा, चेतन सैनी, कैलाश सैनी, रिंकू शर्मा, अमन सैनी सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।

# मालपुरा में जनता क्लिनिक व शिशु वार्ड का उद्घाटन

**मालपुरा,** (निसं)। विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री महेश शर्मा बुधवार को मालपुरा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पुराने अस्पताल भवन में जनता क्लिनिक एवं नवीन अस्पताल परिसर में 22 लाख की लागत के शिशु वार्ड का फीता काट शुभारम्भ किया।

उद्घाटन समारोह में राज्यमंत्री शर्मा ने मौजूद अपार जनसमुह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मालपुरा शहर से होकर गुजर रहे जयपुर भीलवाडा एवं दूदू छाण स्टेट हाईवे जैसे दो-दो हाईवे गुजरने तथा आबादी में होते विस्तार के चलते बढ़ रही सडक दुर्घटनाओं के बाद हो रही अकाल मौतों का आंकडा चिन्ताजनक है। शर्मा ने आगामी मुख्यमंत्री की बजट घौषणा में मालपुरा में ट्रॉमा सेन्टर एवं मालपुरा अस्पताल को उपजिला स्वास्थ्य केन्द्र की सौगात दिलवाई जाने का वादा किया।

जिस पर मौजूद जनसमुह एवं पालिका अध्यक्ष आशा नामा, डीआर



राज्यमंत्री महेश शर्मा ( बीच मे ) ने मालपुरा में विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन व लोकार्पण किया।

छोगालाल, ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि हंसराज गाथा, किशन लाल फगोडिया सहित पालिका पार्षदों व अस्पताल प्रशासन ने महेश शर्मा का आभार जत्ता गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्वात शर्मा ने नवीन शिशु वार्ड व जनता क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए आमजन को सुपुर्द किया। साथ ही घाटी रोड किनारे पालिका प्रशासन की और से नामदेव छीपा समाज को दी गई जमीन पर संत नामदेव भवन तथा अजमेर रोड पर महर्षि वाल्मिकी भवन का भी शिलान्यास करते हुए प्रदेश की कांग्रेस

- विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष ने मालपुरा में ट्रॉमा सेन्टर स्वीकृति का किया वादा

सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बीमा स्वास्थ्य योजना व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ लेने की आमजन से अपील की। राज्यमंत्री महेश शर्मा ने अस्पताल की केन्टिन में चल रही इन्दिरा रसोई योजना में पालिका अध्यक्ष व कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ खाना खाते हुए भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को भी जांचा। विप्र फाउण्डेशन ने महेश शर्मा का स्वागत कर मालपुरा मे परशुराम सेवा सदन निर्माण के लिए भूमि आवंटन तथा संयुक्त व्यापार मंडल ने लाम्बाहरिसिंह को उपतहसील का दर्जा दिलवाये जाने की मांग की।

### धोखाधड़ी करने वाला भूमाफिया गिरफ्तार

**बस्सी,** (निसं)। उपखंड बस्सी के कानोता थाना पुलिस ने बुधवार को कारवाई करते हुए 2 साल से फरार चल रहे भूमाफिया को गिरफ्तार किया है।

कानोता थाना इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि 19 सितंबर 2020 को परिवादी भंवर लाल शर्मा पुत्र देवी सहाय शर्मा उम्र 52 साल निवासी जाटावाली चौमू हाल निवासी गोनेर रोड जयपुर ने शिवकुमार शर्मा एवं अन्य व्यक्तियों के खिलाफ इकरारनामा कर फर्जी पट्टा एवं कागजात देकर 8 लाख रुपये की धोखाधडी करने का कानोता थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

रिपोर्ट में परिवादी ने बताया कि मुल्जिम शिव कुमार एवं अन्य ने श्री महावीर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की आवासीय योजना हनुमान नगर विस्तार आगरा रोड जयपुर के भूखंड का इकरारनामा कर उसे फर्जी पट्टा एवं कागजात देकर 8 लाख रुपये की धोखाधडी की थी। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर अनुसंधान पूरा करते हुए 2 साल से फरार चल रहे भूमाफिया शिवकुमार शर्मा पुत्र गोपाल लाल शर्मा उम्र 44 साल निवासी टोडाभीम करौली एवं हाल निवासी जामडोली जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# खनन ग्रस्त संघर्ष समिति द्वारा निकाली जा रही पदयात्रा का समापन

**कोटपूतली,** (निसं)। हाल ही में राजस्थान आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के अलवर पहुंचने पर प्रदेश भर के सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद किया था।

उक्त संवाद कार्यक्रम में खनन ग्रस्त संघर्ष समिति के सचिव राधेश्याम शुक्लावास ने भाग लेते हुए क्षेत्र में बुचारा बांध के केचमेंट एरिया, अवैध खनन व ब्लास्टिंग पर पाबंदी, मोहनपुरा स्थित सीमेंट प्लांट से पीडित गांवों के पुर्नवास, आबादी के नजदीक रोड़ी व डस्ट के क्रेशरों को हटाने जैसे मुद्दों पर राहुल गांधी का ध्यान आकृष्ठ किया था। बैठक में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बाबत उचित कार्यवाही के निर्देश दिये थे।

समाज सेवी राधेश्याम शुक्लाबास ने बताया कि राहुल गांधी के निर्देश एवं मुख्यमंत्री के कार्यवाही के आश्वासन के बावजूद भी क्षेत्र में उक्त मुद्दों को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। इसी को लेकर बुचारा से कोटपूतली तक 9 सूत्रीय मांगों के सम्बंध में खनन ग्रस्त संघर्ष समिति द्वारा चार दिवसीय

- महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने किया एडीएम कार्यालय का घेराव

पद यात्रा का आयोजन किया गया। पद यात्रा के अन्तिम दिन समिति सदस्य एडीएम कार्यालय ज्ञापन सौंपने पहुंचे तो एडीएम के कार्यालय पर नहीं मिलने पर पदयात्रियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि चार दिवसीय पदयात्रा में खनन माफिया से संघर्षरत यात्रा में एडीएम कोटपूतली व एसडीएम पावटा व खान विभाग कोटपूतली का रवैईया एक प्रशासक का नहीं बल्कि खनन माफिया से गठजोड़ साथी का रहा। उन्होंने बुचारा बांध में हो रहे अवैध खनन के बारे में बताते हुए कहा कि बुचारा बांध में दिनदहाड़े अवैध खनन हो रहा है। जिसका पदयात्रा ने संज्ञान लेते हुए मौके पर पदयात्रा को रोककर धरना शुरू किया। अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर को जप्त करवाया। माइनिंग विभाग के सर्वेयर चेतन मीना ने मौके पर पहुँचकर 80 लाख की पैनल्टी बनाई, जिसके बाद पद यात्रा आगे के लिए रवाना हुई। अगले दिन द्वारिकापुरा गांव में पदयात्रा के सभा स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि जीणगौर रोड़ पर स्कूल व पंचायत भवन, अटल सेवा केन्द्र समेत गांव के सभी सरकारी कार्यालयों के बीचो बीच खनन के ट्रकों की आवाजाही से स्कूल में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, यहां नो-एंट्री लागू की जावें। इसके बाद बेरी बांध में तो खनन माफिया ने अपने ट्रकों के लिए स्कूल की जमीन से ही रास्ता बना लिया। रात को खनन कार्य पर रोक के बावजूद भी धड़ल्ले से स्कूल व आबादी में रात्रि को खनन कार्य हो रहा है। पद यात्रा के अन्तिम दिन सीमेंट प्लान्ट की मनमानी से परेशान ग्रामीण पुनर्वास के लिए धरने पर बैठे हुए है। कांसली-चौलाई रोड़ गड्ढों में तब्दील हो गया है, सुंदरपुरा-कांसली रोड़ पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। उक्त 09 सुत्रीय मांगों को लेकर पद यात्रा बुचारा से शुरू होकर पावटा व कोटपुतली तहसीलों के करीब दर्जनों गांवों से होती हुई एडीएम कार्यालय कोटपुतली पहुंची। जहां एसडीएम ऋषभ मंडल व तहसीलदार अभिषेक सिंह ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।



भारतीय टीम के पास फोकस है और घरेलू मैदान पर खेलने का उसे फायदा भी मिलेगा। मैंने ओडिशा में हॉकी देखी है और वहां खेलने का अलग ही मौहाल होता है। - हसन सरदार

पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ी, विश्वकप हॉकी में भारत को खिताब का दावेदार बताते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**पृथ्वी शॉ**

कुछ महीने पहले पृथ्वी साव ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक संदेश पोस्ट किया था: "आशा है कि साईं बाबा आप सब कुछ देख रहे होंगे।" मुश्किल हालात का सामना करने के बाद वह दैवीय हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे थे। उसका आकलन ऐसे लोगों ने किया जो उसे जानते भी नहीं थे और अच्छे समय में साथ रहने वाले दोस्त भी उस समय साथ नहीं थे जब उन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। पृथ्वी ने गुवाहाटी में रणजी ट्राफी मैच में 383 गेंद में 379 रन बनाने के बाद पीटीआई से कहा, "मुझे लगता है कि पोस्ट सिर्फ इस बारे में थी कि वह (साईं बाबा) देख रहे हैं या नहीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** पोलो सबसे पहले ईरान में खेला गया। यह खेल केवल ईरानी सैनिक घुड़सवारी प्रशिक्षण के रूप में खेलते थे।

# दूसरा वनडे जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत

कोलकाता, 11 जनवरी। पहले वनडे में मेहमान टीम को 67 रन से रौंदने के बाद भारत यहां ईडन गार्डन में गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मुकाबला जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने उतरेगा।

गुवाहाटी में खेले गये पहले मुकाबले में जहां रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिये हुई 143 रन की साझेदारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, वहीं विराट कोहली के 73वें अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से टीम 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर सकी।

भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने भले ही बड़े स्कोर बनाये, लेकिन निचला क्रम ज्यादा कुछ कमाल नहीं दिखा सका। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत ने आखिरी नौ ओवरों में सिर्फ 70 रन जोड़े। यूं तो श्रेयस अय्यर (28) और केएल राहुल (39) दोनों ही अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन राहुल की खराब फॉर्म कुछ समय से भारत के लिये चिंता का विषय रही है।

राहुल ने 2022 में भारत के लिये नौ वनडे मैच खेले, जिसमें उन्होंने 27.9 की औसत से सिर्फ 251 रन बनाये। साथ ही उनका स्ट्राइक रेट 80.2 का रहा जो एक फिनिशर की भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज के लिहाज से कम है। ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारत के विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले राहुल को दूसरे वनडे में बड़ा स्कोर बनाने की जरूरत होगी।

दूसरी ओर, श्रीलंका को गुरुवार से पहले ऊपरी क्रम की लचर बल्लेबाजी का कुछ इलाज ढूंढना होगा। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (72) की अर्द्धशतकीय पारी के अलावा किसी बल्लेबाज ने महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया। अंत में कप्तान दसुन शनाका ने आकर 88 गेंदों पर 108 रन की पारी खेली, लेकिन तब तक मैच उनकी टीम के हाथ से निकल चुका था।

श्रीलंका के पास गेंदबाजी और फील्डिंग से जुड़ी हुई कुछ चिंताएं भी हैं। गेंदबाजों ने जहां शुरुआती ओवरों में ढीली गेंदबाजी करके रोहित और गिल को हाथ खोलने का मौका दिया, वहीं खराब फील्डिंग के कारण भी श्रीलंका को कई रनों की क्षित हुई। कसुन रजिता की गेंदबाजी पर रन मशीन विराट कोहली का कैच क्रमश: 51 और 82 रन पर दो बार छूटा और उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाते हुए 113 रन जड़ डाले। शनाका की टीम अगर ईडन गार्डन में जीत दर्ज करके सीरीज 1-1 से बराबर करना चाहती है तो उसे इन गलतियों को दोहराने से बचना होगा।

ईडन गार्डन अब तक 30 एकदिवसीय मैचों की मेजबानी कर चुका है, हालांकि इस मैदान पर पिछला एकदिवसीय मैच 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका को 2020 में यहां वनडे खेलना था लेकिन उस मुकाबले को कोविड महामारी के कारण रद्द करना पड़ा। अब जब छह साल बाद क्रिकेट कोलकाता लौट रहा है तो टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा करना चाहेगी।

ईडन गार्डन में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 18 मुकाबले जीते हैं, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को सिर्फ 11 बार विजय मिली है। इस मैदान से रोहित शर्मा की खास यादें भी जुड़ी हैं क्योंकि उन्होंने यहां 2014 में अपना पहला दोहरा शतक जड़कर भारत को श्रीलंका के खिलाफ 404 रन तक पहुंचाया था। रोहित इस बार बतौर कप्तान श्रीलंका के खिलाफ अपना कारनामा दोहराकर भारत को जिताने के लिये उत्सुक होंगे।

# मलेशिया ओपन : प्रणय दूसरे चरण में, पी.वी. सिंधू बाहर

कुआला लंपुर, 11 जनवरी। भारत के स्टार शटलर एच एस प्रणय ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मलेशिया ओपन 2023 के पहले चरण में बुधवार को अपने हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर दूसरे चरण में जगह बना ली। विश्व रैंकिंग में नंबर आठ प्रणय ने एक घंटे से ज्यादा चले पुरुष एकल मुकाबले में नंबर 10 लक्ष्य को 22-24, 21-12, 21-18 से मात दी। प्रणय ने शुरुआती गेम हारने के बाद अपने अनुभव और लक्ष्य की अप्रत्याशित गलतियों का फायदा उठाते हुए दूसरा गेम आसानी से जीत लिया। तीसरे गेम में अल्मोड़ा से आने वाले 21 वर्षीय लक्ष्य ने अपने सीनियर शटलर को कड़ी टक्कर दी, लेकिन प्रणय ने तीन पॉइंट के अंतर से गेम जीत लिया।दूसरे चरण में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा ड्वि वार्डोयो से होगा। दूसरी ओर, फ्रेंच ओपन जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने पहले चरण में दक्षिण कोरिया के चोई सोल-ग्यू और किम वोन हू पर जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 44 मिनट चले मुकाबले में अपने कोरियाई प्रतिद्वंदियों को 21-16, 21-13 से हराकर दूसरे चरण में कदम रखा, जहां उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद शोइबुल फिक्री और बगस मौलाना से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हालांकि महिला एकल के पहले चरण में ही हारकर बाहर होना पड़ा। सिंधु को रियो ओलंपिक चैंपियन, स्पेन की कैरोलीना मरीन ने 21-12, 10-21, 21-15 से हराया। चोट के कारण लंबे अंतराल के बाद लौट रहीं सिंधू को मरीन के आगे संघर्ष करना पड़ा और उनके पास अपनी स्पैनिश प्रतिद्वंदी के तीव्र हमलों का कोई जवाब नहीं था। दूसरे गेम में हालांकि सिंधु ने अच्छी वापसी की और नेट के पास मरीन की गलतियों के कारण मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। मरीन ने निर्णायक गेम में सिंधु को कोर्ट के हर कोने में दौड़ाने के साथ-साथ बॉडी स्मैश का शानदार प्रयोग करके मुकाबला जीत लिया।

# श्रीजा, शरत कमल, मनिका ने डब्ल्यूटीटीसी फाइनल के लिये क्वालीफाई किया

लुसैल (कतर), 11 जनवरी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता श्रीजा अकुला, धुरंधर टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा ने डरबन विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप फाइनल्स के लिये क्वालीफाई कर लिया है जो मई में होगी। इन्होंने एशियाई डब्ल्यूटीटीसी उपमहाद्वीपीय चरण में अंतिम 16 के मुकाबले जीते। श्रीजा ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की चेन जू यू को 11.2, 5.11, 2.11, 5.11, 13.11, 11.9, 11.8 से हराया। वहीं दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल ने ईरान के अहमदियान अमीन को 13.11, 11.3, 10.12, 11.7 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज मनिका ने हांगकांग की झू चेंगझू को 13.11, 11.9, 11.6, 11.8 से हराया। मनिका और जी साथियान ने मिश्रित युगल में जापान के हिरोतो शिनोजुका और मियू को 11.9, 12.10, 11.7, 5.11, 11.7 से हराया। साथियान और शरत कमल ने कतर के मोहम्मद अब्दुल वहाब और खलील अल मोहम्मदी को 11.5, 11.0, 11.9, 11.8 से हराकर फाइनल्स में जगह बनाई।

जी साथियान एकल वर्ग में फाइनल्स में जगह नहीं बना सके लेकिन विश्व रैंकिंग के आधार पर उन्हें प्रवेश मिल सकता है। रीत रिष्या और श्रीजा ने भी अंतिम चार में से एक कोटा हासिल किया लेकिन रीत का खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह एकल में जगह नहीं बना सकी। मनिका और शरत कमल विश्व रैंकिंग के आधार पर भी क्वालीफाई कर सकते हैं। एशियाई डब्ल्यूटीटीसी के जरिये पुरूष एकल में 25, महिला एकल में 28, पुरूष युगल में 14 और महिला युगल में 12 के साथ मिश्रित युगल में आठ कोटे दिये जाने थे। हर देश से चार पुरूष और चार महिला खिलाड़ियों को ही प्रवेश मिलेगा।

# आखिरी दिन तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं : विराट कोहली

गुवाहाटी, 11 जनवरी। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ मैच जिताऊ शतक जड़ने के बाद कहा है कि वह फिलहाल अपने खेल का आनंद ले रहे हैं, और वह जब तक खेल रहे हैं तब तक इसका आनंद लेना चाहते हैं। नवंबर 2019 से लेकर सितंबर 2022 तक रन मशीन कोहली के बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। उन्होंने एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर तीन साल के अपने सूखे को समाप्त किया, जबकि उसके बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में दो शतक और जमा चुके हैं।

कोहली ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, "मैंने (अपने खराब समय में) एक चीज सीखी है कि मायूसी आपको कहीं नहीं ले जाती। खेल हमेशा आसान रहता है। मुश्किलें तब होती हैं जब हम अपने विचारों, आकांक्षाओं और लोगों के मन में अपनी तस्वीर के साथ खुद को जोड़कर देखने लगते हैं और चीजों को उलझा देते हैं। हम भूल जाते हैं कि जब हमने बल्ला या गेंद उठाई थी तब हम कौन थे। जब आप यह भूल जाते हैं तो आप खुद को ऐसी स्थिति में डाल देते हैं जहां से सब नीचे जाता रहता है।"

उन्होंने कहा, "मैंने सीखा कि इन चीजों से आजाद होकर खेलने से ही मदद मिलती है, जब आप बिना किसी डर के, हर मैच को ऐसे खेलते हैं जैसे वह आपका आखिरी मैच हो। मैं चीजों को पकड़कर नहीं बैठा रह सकता। खेल आगे बढ़ता रहेगा। कई खिलाड़ी मुझसे पहले भी खेलकर जा चुके हैं। मैं हमेशा क्रिकेट नहीं खेलता रह सकता, तो मेरे पास बचाने के लिये है ही क्या? मैंने यही सीखा है। मैं अब एक बेहतर स्थिति में हूं। मैं अपने खेल का आनंद ले रहा हूं और जब तक खेल रहा हूं तब तक इसका आनंद लेना चाहता हूं।"

बारसपारा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जब श्रीलंका ने भारत को बल्लेबाजी के लिये बुलाया तब रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिये 143 रन की विशाल साझेदारी की। पारी के 20वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे कोहली 49वें ओवर तक टिके रहे और 87 गेंदों पर 113 रन बनाकर भारत को 373 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।

कोहली ने अपनी पारी के बारे में कहा, "मुझे नहीं लगता कि मैंने कोई अलग तैयारी की थी। मेरी तैयारी हमेशा एक सी ही रहती है। कभी कभी आप वह लय हासिल नहीं कर पाते लेकिन आज मुझे लगा कि मैं गेंद को अच्छी तरह मार रहा था। मुझे पता था कि दूसरी पारी में ओस गिरने के कारण भारत को 25-30 अतिरिक्त रनों की जरूरत होगी और अंत में मुझे खुशी थी कि मैं टीम को वहां तक पहुंचा सका।"

अपनी पारी के दौरान कोहली को 52 और 81 रन पर दो जीवनदान मिले। कोहली ने कहा कि वह ऐसे दिनों के लिये आभारी हैं क्योंकि किस्मत हमेशा उनका साथ नहीं देती। कोहली ने पहली पारी के बाद कहा, "भाग्य एक बड़ी भूमिका निभाता है और आप बस अपना सिर नीचे झुका सकते हैं और इस तरह की शामों में भगवान का शुक्रिया अदा कर सकते हैं जब भाग्य थोड़ा सा आपके साथ जाता है।

जब भाग्य हमारे साथ नहीं होता है तो हम निराश हो जाते हैं, लेकिन ये शामें याद रखना भी बहुत जरूरी है।" उन्होंने कहा, "मैं 50 के आसपास आउट हो सकता था और किस्मत की वजह से शतक बना पाया। मैं इसके बारे में बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, इसलिए मैं आभारी और शुक्रगुजार हूं कि आज भाग्य ने मेरा साथ दिया।"

# सौराष्ट्र ने हैदराबाद को पारी और 57 रन से रौंदा

हैदराबाद, 11 जनवरी। सौराष्ट्र ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-बी मुकाबले में मंगलवार को पारी और 57 रन से रौंद दिया। सिर्फ पांच सत्र चले मुकाबले में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 248 रन की बढ़त ली, जबकि हैदराबाद दूसरी पारी में 191 रन पर ही ऑलआउट हो गयी। हैदराबाद के गेंदबाजों ने दूसरे दिन की शुरुआत अच्छी की, हालांकि उनके बल्लेबाज कोई कमाल नहीं कर सके।

सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत 250/5 से करते हुए सिर्फ 77 रन के बदले अपने आखिरी पांच विकेट गंवा दिये। अबरार मोहिउद्दीन (35/1) ने शेल्डन जैकसन को आउट करके हैदराबाद को दिन की पहली सफलता दिलाई, जबकि अनिकेत रेड्डी (95/7) ने तीव्रता के साथ आखिरी चार विकेट चटकाये और सौराष्ट्र 327 पर ऑलआउट हो गयी।

पहली पारी में सिर्फ 79 रन जोड़ सकने वाले हैदराबादी बल्लेबाजों के सामने 248 रन की बड़ी बढ़त समाप्त करने की चुनौती थी मगर वे ऐसा नहीं कर सके। शुरुआती तीन विकेट सिर्फ 18 रन पर गिरने के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज टीएस गौड़ और चंदन साहनी ने हालांकि संघर्ष किया। गौड़ ने 125 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 58 रन बनाये, जबकि साहनी ने 40 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी हुई जिसे कप्तान जयदेव उनाडकट ने साहनी को आउट करके तोड़ा। गौड़ ने इसके बाद भी मोर्चा संभाले रखा, हालांकि दूसरे छोर से विकेट गिरते गये।

गौड़ के रूप में 10वां विकेट गिरने के साथ हैदराबाद 191 रन पर ऑलआउट हो गयी और सौराष्ट्र ने यह मुकाबला जीत लिया। धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने गौड़ को आउट करके के साथ-साथ कुल चार विकेट लिये, जबकि उनाडकट ने तीन विकेट हासिल किये। युवराजसिंह डोडिया ने दो विकेट लिये, जबकि चेतन सकारिया को एक विकेट हासिल हुआ।

# शॉ का तिहरा शतक, असम दबाव में

गुवाहाटी,11 जनवरी। पृथ्वी शॉ (379) के तूफानी तिहरे शतक और अजिंक्य रहाणे (191) के शतक की मदद से मुंबई ने असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-बी मुकाबले के दूसरे दिन बुधवार को 687 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। मुंबई के पारी घोषित करने के बाद असम ने दिन का खेल खत्म होने से पूर्व एक विकेट के नुकसान पर 129 रन बना लिये। सलामी बल्लेबाज शुभम मंडल 40 रन बनाकर आउट हो गये, हालांकि राहुल हज़ारिका (60) और ऋषव दास (26) विकेट पर मौजूद हैं।

शॉ ने सिर्फ 383 गेंदें खेलकर 98.96 के दमदार स्ट्राइक रेट से 379 रन बनाये। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी में 49 चौके और चार छक्के जड़े। शॉ ने इसी के साथ रणजी ट्रॉफी के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, जबकि सबसे बड़ा स्कोर (443) महाराष्ट्र के बीबी निंबलकर ने 1984-49 में बनाया था। सलामी बल्लेबाज ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिये सबसे बड़ा स्कोर बनाने का संजय मांजरेकर (377) का 32 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

शॉ का साथ देते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी शतक जड़ा, हालांकि वह अपने दोहरे शतक से नौ रन दूर रह गये। रहाणे ने 302 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों के साथ 191 रन बनाते हुए शॉ के साथ 401 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों का विकेट रियान पराग (167/2) ने लिया।

# श्रीलंका के मुख्य कोच को शनाका को आईपीएल अनुबंध मिलने की उम्मीद

गुवाहाटी, 11 जनवरी। श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का मानना है कि कप्तान दासुन शनाका की 88 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी से उनकी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के बीच मांग बनेगी।

मंगलवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम एक समय 179 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद बड़ी हार की तरफ बढ़ रही थी लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शनाका ने शतक जड़ते हुए टीम को आठ विकेट पर 306 रन तक पहुंचाया लेकिन अपनी टीम को 67 रन की हार से नहीं बचा पाए।

सिल्वरवुड ने पहले एकदिवसीय के बाद संवाददाताओं से कहा, "मुझे लगता है कि इससे उसका (शनाका) मनोबल काफी बढ़ेगा।" शनाका का आधार मूल्य 50 लाख रुपये था लेकिन पिछले महीने कोच्चि में आईपीएल 2023 की नीलामी में किसी टीम ने उनके लिए बोली नहीं लगाई।

मुख्या कोच ने कहा, "उसने अब दावा पेश किया है। मुझे यकीन है कि (आईपीएल) फ्रेंचाइजी उस पर गौर कर रही होंगी और देख रही होंगी कि वह कैसा क्रिकेटर है। वह गेंद को काफी अच्छी तरह मारता है इसलिए उम्मीद करता हूं कि उसे मौका मिलेगा।" शनाका का यह दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक था। उन्होंने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 187.87 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 124 रन बनाए थे। यह पूछने पर कि क्या श्रीलंका शनाका पर अधिक निर्भर है, कोच ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम सिर्फ दासुन पर निर्भर है। इस समय वह काफी अच्छी फॉर्म में है इसलिए जाहिर है काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।"

सिल्वरवुड ने कहा, "अगर आप देखें तो आज पथुम निसंका ने भी रन बनाए। मुझे लगता है कि उसके और धनंजय (डिसिल्वा) के बीच की साझेदारी ने हमें लय दी। सलामी बल्लेबाज निसंका ने 80 गेंद में 72 रन की पारी खेली जबकि धनंजय ने 47 रन बनाए।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत को कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दी। इसके बाद विराट कोहली ने अपना 45वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिससे भारत ने सात विकेट पर 373 रन बनाए। सिल्वरवुड ने मैच के बाद कहा,"बेशक, हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ईमानदारी से कहूं तो शुरुआती 10 ओवर में कई बार हमारे अंदर अनुशासन की कमी होती है और हमने भारत को अच्छी शुरुआत हासिल करने का मौका दिया। यह बड़े स्कोर वाला मैदान था।

## भारत में जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया की क्या है योजना, डॉक्यूमेंट्री में होगा रणनीतियों का खुलासा

मेलबर्न, 11 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारत के बहुप्रतीक्षित दौरे पर जीत दर्ज करने की क्या योजना बनाई जिसे उसके पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने एक समय 'एवरेस्ट' और दिग्गज स्टीव वॉ ने 'अंतिम मोर्चा' करार दिया था। अमेजन ऑरिजिनल की डॉक्यूमेंट्री 'द टेस्ट' के दूसरे सत्र में उन रणनीतियों की जानदारी देने का वादा किया गया है जिन्हें मेहमान टीम भारत में जीत के 19 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए आजमाएगी। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने 2004 में एडम गिलक्रिस्ट और रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में मिली जीत को याद करते हुए कहा कि फरवरी-मार्च में उनके खिलाड़ियों का लक्ष्य इसी उपलब्धि को हासिल करना है।

## गोपाल ने कर्नाटक को राजस्थान के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया

अलूर, 11 जनवरी। श्रेयस गोपाल के 95 रन से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन बुधवार को यहां राजस्थान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत की। दिन की शुरुआत दो विकेट पर 106 रन से करते हुए गोपाल और मनीष पांडे (नाबाद 75) ने मेजबान टीम का स्कोर आठ विकेट पर 380 रन तक पहुंचाया। कर्नाटक को 251 रन की बढ़त हासिल हो चुकी है। राजस्थान की ओर से अनिकेत चौधरी ने चार जबकि मानव सुतार ने तीन विकेट चटकाए। थुम्बा में केरल के 327 रन के जवाब में सेना की टीम 167 रन छह विकेट गंवाकर संकट में थी। जमशेदपुर में झारखंड ने पहली पारी में 10 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 258 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# जय शाह से दुबई में बातचीत के इच्छुक पीसीबी प्रमुख सेठी

कराची / नयी दिल्ली, 11 जनवरी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी दुबई में बृहस्पतिवार को इंटरनेशनल लीग टी20 के उद्घाटन के मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह के आने पर उनसे एशिया कप की मेजबानी अधिकारों को लेकर बात करने के इच्छुक हैं। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया," नजम एसीसी सदस्यों से संबंधों पर काम करना चाहेंगे ताकि सितंबर में पाकिस्तान में एशिया कप की मेजबानी सुनिश्चित हो सके।

नजम इसलिये भी जा रहे हैं क्योंकि उन्हें बताया गया है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह भी पहुंच रहे हैं।" बीसीसीआई ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है कि शाह या अन्य पदाधिकारी जायेंगे या नहीं। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि शाह पीसीबी अध्यक्ष से अनौपचारिक बात करना चाहेंगे भी या नहीं। एसीसी अध्यक्ष शाह ने पिछले साल कहा था कि एशिया कप पाकिस्तान से बाहर खेला जायेगा जिस पर पीसीबी के तत्कालीन अध्यक्ष रमीज राजा ने भारत में होने वाले विश्व कप से बाहर रहने की धमकी दी थी। शाह ने हाल ही में एसीसी का दो साल का कार्यक्रम जारी किया तो सेठी ने उन पर तंज कसते हुए कहा था कि पीसीबी से मशविरा नहीं किया गया था। एसीसी ने इस पर जवाब देते हुए कहा था कि पीसीबी ने उसे कोई जवाब नहीं दिया था।

# भारत टेस्ट सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलिया ने टॉड मर्फी को टीम में बुलाया

सिडनी, 11 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में फरवरी-मार्च में होने वाली चार टेस्ट मैचों की शृंखला के लिये 18-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा बुधवार को की, जिसमें 22 वर्षीय ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फ़ी को शामिल किया गया है।

विक्टोरिया से आने वाली मर्फ़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के लिये खेलते हैं और उन्हें पहली बार टेस्ट स्क्वाड में तलब किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय उपमहाद्वीप की पिचों को ध्यान में रखते हुए मर्फ़ी, नेथन लायन, मिचेल स्वेपसन और एश्टन एगार सहित चार स्पिन गेंदबाजों को स्क्वाड में जगह दी है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि चार स्पिन गेंदबाज एवं छह तेज गेंदबाज भारतीय परिस्थितियों में मेहमान टीम की सभी जरूरतों को पूरा करेंगे।

बेली ने कहा, "एश्टन एगार सिडनी (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) में अपनी वापसी के बाद से प्रभावित करना जारी रखे हुए हैं और हमारा मानना है कि बाएं हाथ की उंगली की स्पिन भारतीय परिस्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मिचेल स्वेपसन को उपमहाद्वीप में हाल ही में टेस्ट का अनुभव है और वह लेग स्पिनिंग विविधता प्रदान करते हैं।" उन्होंने कहा, "टॉड मर्फ़ी ने घरेलू क्रिकेट में और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया-ए के साथ प्रभावित करके तेजी से प्रगति की है। उन प्रदर्शनों के साथ टॉड एक मजबूत स्पिन विकल्प के रूप में उभरे हैं। इस टीम में चयन भारत में लायन और सहायक कोच डेनियल विटोरी के साथ समय बिताने का एक और अवसर प्रदान करता है जो उनके विकास के लिये अमूल्य होगा।"

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का नाम भी 18-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल है, हालांकि बाएं हाथ की उंगली में लगी चोट से पूरी तरह न उभर पाने के कारण वह नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का खेलना भी उनकी फ्रैक्चर उंगली के पूरी तरह खेलने पर निर्भर करेगा। युवा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस स्क्वाड में अपनी जगह बरकरार हैं, हालांकि उन्हें अब भी अपना पहला टेस्ट खेलने का इंतजार है। स्टार्क की अनुपस्थिति में मॉरिस और स्कॉट बोलैंड पहला टेस्ट खेलने के प्रबल दावेदार हैं। इस बीच, वर्षाबाधित सिडनी टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम में वापस आये पीटर हैंड्सकॉम्ब ने टीम में अपना स्थान बरकरार रखा। हैंड्सकॉम्ब ने अपना आखिरी टेस्ट 2019 में खेला था।

बेली ने कहा, "पीटर हैंड्सकॉम्ब टीम में वापसी के हकदार हैं। उनका घरेलू फॉर्म हाल ही में मजबूत रहा है और उन्होंने साबित कर दिया है कि वह टेस्ट स्तर पर प्रदर्शन कर सकते हैं। उपमहाद्वीप में स्पिन के खिलाफ उनका अनुभव मूल्यवान है और वह स्लिप में कैच पकड़ की शानदार क्षमता भी रखते हैं।" बेली ने यह भी कहा कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच एक सप्ताह का अंतर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के पास टीम में आवश्यक समायोजन करने का समय होगा। भारत दौरे के लिये ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट स्क्वाड : पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन एगार, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जॉश हेजलवुड, ट्राविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नेथन लायन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फ़ी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेपसन, डेविड वार्नर।

## शगुन ने महिला पीजीटी में बढ़त बनाई

पुणे, 11 जनवरी। शगुन नारायण ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2023 के पहले चरण के पहले दिन बढ़त बना ली है। शगुन ने प्रतियोगिता के पहले दिन पार 71 का स्कोर बनाया। नयानिका सांगा और नेहा त्रिपाठी दो ओवर 73 के समान स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

# पुरुष हॉकी विश्व कप का रंगारंग उद्घाटन

कटक, 11 जनवरी। ओडिशा के लोगों ने यहां आयोजित उद्घाटन समारोह में 'हॉकी है दिल मेरा' की धुन पर झूमते हुए एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला का आगाज किया। बाराबाती स्टेडियम में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में मेजबान राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की उपस्थित रहे। पुरुष हॉकी के सबसे बड़े मंच के उद्घाटन समारोह की शुरुआत गुरु अरुणा मोहंती के नेतृत्व में मंगलाचरण कार्यक्रम के साथ हुई। इस दौरान प्रिंस डांस ग्रुप ने भी अपनी नृत्य प्रस्तुति से सभी को प्रफुल्लित किया। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री दिशा पटानी और कई सांस्कृतिक नृतकों ने भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन किया, जिसके बाद संगीतकार प्रीतम ने गायक बेनी दयाल, नीती मोहन, स्निति मिश्रा और रितुराज मोहंती के साथ मिलकर अपना गाना "हॉकी है दिल मेरा" गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रीतम का यह गाना पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का थीम सॉन्ग है। मुख्यमंत्री पटनायक ने थीम सॉन्ग और शुभांकर ओली के पेश होने के बाद एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के ओडिशा लौटने पर खुशी जाहिर की और टूर्नामेंट को आधिकारिक रूप से शुरू किया। इसके बाद कोरियाई बैंड 'ब्लैक स्वान' कार्यक्रम में मौजूद युवाओं का इंतजार खत्म करते हुए मंच पर हाजिर हुआ। ब्लैक स्वान ने अपनी प्रस्तुति से कटक को कुछ-कुछ सियोल के रंग में रंग दिया। ऊर्जा से भरपूर फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह ने अपने अंदाज में हिन्दुस्तान को 'असली हॉकी से मिलाया।' उन्होंने अपने गायन एवं नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए उद्घाटन समारोह की शाम का समापन किया। इससे पहले, एफआईएच अध्यक्ष इकराम ने विश्व कप के लिये दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की मेजबानी करने के लिये भारत को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया ओडिशा को संस्कृति और परंपरा की मातृभूमि के रूप में जानती है, लेकिन यह हॉकी की मातृभूमि भी है। खेल मंत्री ठाकुर ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने का यह एक शानदार क्षण है और हर भारतीय इसे देखने के लिये उत्साहित है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल सभी के लिये मुश्किल समय था लेकिन भारत सरकार ने इस दौरान खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिये सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आयोजन 13 से 29 जनवरी के बीच होगा। इस आयोजन में 16 देश हिस्सा ले रहे हैं और मेजबान भारत को पूल-डी में इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन के साथ रखा गया है।



*एस.एस. राजामौली की फिल्म आर आर आर ने इतिहास रच दिया है। इस फिल्म के गाने ''नाटू नाटू'' ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में बैस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता है। जैसे ही इस अवॉर्ड के लिए ''नाटू नाटू'' का नाम लिया गया, पूरा हॉल इस गाने से गूंज उठा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड समारोह में मौजूद सभी नामचीन हस्तियों ने तालियां बजाईं। राजामौली, रामचरण और जूनियर एन.टी.आर. खुशी से झूम उठे। लेकिन इस गाने की सफलता के लिए जितना क्रेडिट जूनियर एन.टी.आर., रामचरण और राजामौली को जाता है, उतना ही क्रेडिट इसके कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित को भी जाता है। प्रेम रक्षित ने ही ''नाटू नाटू'' सॉन्ग के वो शानदार डांस स्टैप्स कोरियोग्राफ किए, जिन्हें देखकर हर किसी के होश उड़ गए। इसके हुक स्टैप को बहुत ज्यादा कॉपी किया जाता है। इस गीत को ऑस्कर 2023 में भी बैस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटिगरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। गौरतलब है कि ''नाटू नाटू'' गाने की शूटिंग यूक्रेन में हुई थी, क्योंकि तब भारत में लॉकडाउन होने की वजह से सख्ती थी। जिस समय यह गाना शूट किया गया, उस समय रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ चुका था। ''आरआरआर'' की टीम इस गाने के साथ-साथ कुछ अहम् सीन्स की शूटिंग के लिए यूक्रेन गई थी। ''नाटू नाटू'' गाने की शूटिंग यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ैलेन्स्की के महल में हुई। चूंकि वोलोडिमिर ज़ैलेन्स्की खुद एक एक्टर रह चुके हैं, इसलिए उन्होंने ''आरआरआर'' की टीम को निराश नहीं किया और शूटिंग की इजाज़त दे दी। रामचरण और जूनियर एन.टी.आर. ने इस गाने के लिए एक महीने तक रिहर्सल किया और गाने को शूट करने में दो हफ्ते लगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आरआरआर की पूरी टीम को ट्वीट करके बधाई दी है।*

# राजस्थान में अब युवा कांग्रेस चुनाव के नाम पर युवा नेताओं के बीच टकराव की जमीन तैयार की जा रही है

## प्रक्रिया बदली है, जिसमें नामांकन पहले होंगे और सदस्यता बाद में होगी तथा सदस्यता के साथ ही बताना होगा कि किस नेता के पक्ष में सदस्यता करवाई जा रही है

जयपुर, 11 जनवरी (का.प्र.)। एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां भारत जोड़ो यात्रा के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने में जुटे हुए हैं, वहीं राजस्थान में युवा कांग्रेस के चुनाव के नाम पर युवा नेताओं के बीच टकराव की जमीन तैयार की जा रही है। राजस्थान में बुधवार से युवक कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी गई है और इस बार चुनाव भी बड़ा अजीब तरह से हो रहा है कि पहले नामांकन होंगे और उसके बाद मैम्बरशिप होगी। जबकि नियम यह है कि किसी भी चुनाव में पहले मैम्बरशिप होती है। उसके बाद नामांकन होते हैं, लेकिन युवा कांग्रेस में तो सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है।

- **युवा कांग्रेस की बदली हुई चुनाव प्रक्रिया में आपसी टकराव होना तय है, क्योंकि ज्यादा सदस्यता करवाने के बावजूद गारंटी नहीं है कि वह युवा नेता अध्यक्ष बनेगा ही।**
- **12 से 18 जनवरी तक नामांकन होंगे, 28 जनवरी से 27 फरवरी तक होगी सदस्यता।**

इस बार के यूथ कांग्रेस चुनाव में नामांकन तो पहले हो ही रहे हैं, लेकिन एक नियम बहुत ही दिलचस्प है कि सदस्य बनने के इच्छुक व्यक्ति को पहले ही तय करना पड़ेगा, कि वह किस उम्मीदवार के पक्ष में सदस्यता करवा रहा है, यानि की सदस्यता के साथ ही वोटिंग भी हो जाएगी। इस बार एक और मजेदार बात यह भी है कि युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में से जो जितने सदस्य बनवाएगा उतना ही फायदे में रहेगा। सबसे ज्यादा सदस्य बनवाने वाले पहले तीन प्रत्याशियों का साक्षात्कार लिया जाएगा और उनमें से एक को युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाएगा। ऐसे में यदि ज्यादा सदस्यता के बावजूद भी पहले नंबर वाले युवा नेता को किसी कारण से अध्यक्ष नहीं बनाया जाता है, तो तय है कि वह इतना पैसा खर्च करने वाला वह प्रत्याशी अध्यक्ष नहीं बनने की स्थिति में शांत तो बैठेगा नहीं। पहले भी युवा कांग्रेस के जितने भी चुनाव राजस्थान में हुए हैं उनमें युवा नेताओं में ना सिर्फ संघर्ष देखने को मिला है, बल्कि कई बार सीधा टकराव भी कई बार हुआ है।

इस बार यूथ कांग्रेस के चुनाव के लिए वन पर्सन वन पोस्ट का फार्मूला रखा है। उदयपुर में हुए चिंतन शिविर के संकल्प को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में जो भी यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी पद के लिए नामांकन भरेंगे, उन्हें पुराने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। वैसे राजस्थान में कार्यकारिणी भंग हो चुकी है, ऐसे में सभी नेता निर्वतमान पदाधिकारी ही हैं।

इस बार 4 पदों के लिए ही नामांकन भरे जा सकेंगे। इनमें प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष शामिल हैं। जिला महासचिव के पद के लिए वोटिंग हटा दी गई है। नई चुनाव प्रक्रिया के जरिए यूथ कांग्रेस में गुरुवार से नामांकन का काम शुरू होगा जो 18 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद 28 जनवरी से सदस्यता अभियान शुरू होगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इस बार सदस्यता के साथ ही वोटिंग हो जाएगी। इस बार जो भी सदस्य बनेगा, उसे सेल्फी के बजाय अपना 8 सेकंड का एक वीडियो डालना पड़ेगा, जिसमें वह कहेगा कि में यूथ कांग्रेस का सदस्य बनना चाहता हूं।

## 'मासिक धर्म के दौरान सवैतनिक अवकाश दिया जाए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट में वकील शैलेन्द्रनाथ मणि त्रिपाठी ने एक याचिका दायर की जिसमें मासिक धर्म के दिनों में कामकाजी महिलाओं को सवैतनिक अवकाश देने की मांग की गई है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान लड़कियों व महिलाओं को भारी पीड़ा होती है, वैसी ही जैसी हार्ट अटैक से पीड़ित मरीज को होती है।

- **सुप्रीम कोर्ट में युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की एक शोध रिपोर्ट के आधार पर एक जनहित याचिका दायर की गयी है, जिसमें कहा गया है कि, मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को प्रायः इतना दर्द होता है, जितना हार्ट अटैक के दौरान किसी व्यक्ति को होता है।**

यह कहते हुए उन्होंने युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की एक शोध रिपोर्ट का हवाला दिया। याचिका में कहा गया है कि जब कोई महिला कर्मचारी मासिक धर्म के दर्द से पीड़ित होती है तब न केवल उसकी उत्पादकता कम हो जाती है बल्कि उसके कामकाज पर भी असर पड़ता है। याचिका कर्ता ने यह भी बताया कि देश की कई कम्पनियां जोमैटो, स्विगी, बायजुस, मैगज़टर, ए.आर.सी. फ्लाय माय बिज़ और गोज़कूप आदि महिला कर्मियों को मासिक धर्म में सवैतानिक अवकाश देती हैं।

# बजट सत्र से पहले मोदी मंत्रिमण्डल में बड़ा बदलाव नजर आयेगा?

## अपने दूसरे कार्यकाल में प्र. मंत्री मोदी ने केवल एक बार (वर्ष 2021 में) फेरबदल किया है, जबकि पिछले टर्म में उन्होंने तीन बार अपना मंत्रिमण्डल बदला था


नई दिल्ली, 11 जनवरी। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों की मानें तो संसद के बजट सत्र से पहले किसी भी दिन यह बदलाव हो सकता है। जहां एक ओर आगामी चुनावों की रणनीति के मद्देनजर भाजपा जहां अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों में जुटी है। मंत्रियों के प्रदर्शन और सत्तारूढ़ पार्टी की राजनीतिक अनिवार्यताओं के कारण यह बदलाव होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में जुलाई 2021 में केवल एक बार अपनी मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया है, जबकि अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने तीन बार अपनी मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार किया था। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह फेरबदल 31 जनवरी को संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले किसी भी दिन हो सकता

- **मंत्रियों के प्रदर्शन और सत्तारूढ़ पार्टी की राजनीतिक अनिवार्यताओं के कारण यह बदलाव होने की संभावना है।**

बता दें कि बीजेपी कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को दिल्ली में होनी है। ऐसी राय है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत और हिमाचल प्रदेश विधानसभा एवं दिल्ली नगर निगम चुनावों में हार से मिले सबक का असर इस फेरबदल में दिख सकता है। साथ ही कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे चुनावी राज्यों में राजनीतिक जरूरतों के अनुसार भी इस मंत्रिपरिषद में फेरबदल हो सकता है। यह फेरबदल संभवतः आखिरी बार होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब केवल 15 महीने का समय बचा है। ऐसे में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में उभरते राजनीतिक समीकरण भी फेरबदल में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

इसी तरह, ऐसी चर्चा है कि पार्टी के संगठन में भी बदलाव लाया जा सकता है। मोदी की मंत्रिपरिषद में बदलाव हमेशा चौंकाने वाले रहे हैं, क्योंकि कभी-कभी ऐसे मंत्रियों को हटाया गया और ऐसे लोगों को मंत्री बनाया गया, जिसके बारे में किसी ने दूर-दूर तक सोचा भी नहीं था। मौजूदा मंत्रियों के विभागों में बदलाव के लिए भी मोदी के मंत्रिमंडल में फेरबदल सुर्खियों में रहे हैं। पिछली बार प्रकाश जावड़ेकर और रविशंकर प्रसाद को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था, जबकि पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी अश्विनी वैष्णव को शामिल किया गया था और उन्हें रेलवे एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए गए थे।

पिछले फेरबदल के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को मंत्री पद गंवाना पड़ा था। सहयोगी दलों जनता दल (यूनाइटेड) और शिवसेना कोटे से मंत्री रहे नेताओं के इस्तीफे से भी पद खाली हुए हैं। दोनों दल इस समय विपक्षी खेमे में हैं। फेरबदल में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है, जिसे शिवसेना के अधिकांश सांसदों का समर्थन प्राप्त है। एक राय यह भी है कि भाजपा चिराग पासवान को पुरस्कृत कर सकती है, जिन्हें उनके पिता और बिहार के दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। वर्तमान में, उनके चाचा पशुपति कुमार पारस केंद्रीय मंत्री हैं, जिन्होंने मूल पार्टी के छह सांसदों में से पांच के समर्थन से एक अलग गुट बनाया है।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए पंजाब गये हुये हैं। मंगलवार को उन्होंने गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में ली गई एक तस्वीर ट्विटर पर शेयर की। पायलट ने कैप्शन में लिखा, ''आज पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पहले हमने गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेक कर अपनी यात्रा की शुरुआत की है।''*

## शंघाई की 70 प्रतिशत आबादी कोविड से संक्रमित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 जनवरी। चीन के प्रमुख शहर शंघाई की 26 मिलियन आबादी में से 70 प्रतिशत लोग कोविड से ग्रस्त है, यह जानकारी स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाल ही में दी और यकीन जताया कि कोविड संक्रमण अपने चरम पर पहुंच गया है।

लेकिन चीन के इस सर्वाधिक आबादी वाले शहर में कोविड मरीजों की तादाद बढ़ती जा रही है। जाने माने फोटो जर्नलिस्ट किलाई शेन ने इस संक्रमण की तस्वीरें ली है। भारी तादाद में मरीज इमरजैंसी शाखा में आ रहे है किलाई शेन, जो न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए काम करते है, ने कहा कि अस्पताल खचाखच भरे है स्टाफ के लोगों ने कहा कि उनके पास काम बहुत बढ़ गया है क्योंकि उनके कई सहयोगी कोविड संक्रमित हो गए है। अस्पताल के हर कोने में मरीज है।

- **शंघाई की आबादी 26 मिलियन है, और कोविड मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। गत वर्ष कोविड में यह शहर बहुत सख्त लॉक-डाउन देख चुका है।**

## 'रुस अगले दस वर्ष में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गंभीर चेतावनियों का समर्थन किया कि ताइवान को पुनः कब्जे में लेने के लिए चीन सैन्य आक्रमण करेगा। सत्तर प्रतिशत प्रतिभागियों ने भविष्यवाणी की कि बीजिंग ऐसा अगले 10 वर्षों में करेगा। अमेरिका के सैन्य कमाण्डरों ने वर्ष 2027 की ओर इशारा किया है, जो चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी स्थापना का 100 वां बरस है। उनके अनुसार यह आक्रमण की संभावित तिथि हो सकती है। हालांकि कुछ अधिकारियों ने बीजिंग द्वारा पिछले वर्ष से पाले जा रहे इरादों को लेकर और चेतावनियां देते हुए कहा कि आक्रमण वर्ष 2024 से पूर्व संभव है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बार-बार कहा है कि वॉशिंगटन चीन के आक्रमण से ताइवान की रक्षा करेगा। लेकिन अमेरिका ने ऐतिहासिक रुप से यह बताने से परहेज किया है कि दोनों पक्षों को कार्यवाही से रोकने के लिए वह क्या करेगा। अन्य निष्कर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर भी पेश करते है। करीब 90 प्रतिशत प्रतिभागी मानते हैं कि वर्ष 2033 तक कम से कम एक अतिरिक्त देश परमाणु हथियार प्राप्त करेगा। उनमें से 68 प्रतिशत ने कहा कि दुनिया की छह शक्तियों के बीच परमाणु समझौते के पुनजीर्वित होने की संभावनाओं के मद्देनजर ईरान परमाणु हथियार हासिल करेगा। कुछ आशावाद का संचार करते हुए हालांकि 58 प्रतिशत विशेषज्ञों ने कहा कि उनका मानना है कि अगले दस वर्षों तक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं होगा। विदेश नीति के विशेषज्ञों ने यह भी भविष्यवाणी की कि अमेरिका का भी थोड़ा पराभव होगा। जहां 71 प्रतिशत ने यह भविष्यवाणी की कि अमेरिका वर्ष 2033 तक दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बना रहेगा, वहीं 31 प्रतिशत का यह मानना है कि अमेरिका शीर्ष कूटनीतिक शक्ति बनेगा जबकि 33 प्रतिशत का यह मानना है कि वह पहले की भांति एक आर्थिक शक्ति बना रहेगा।

## जात आधारित...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दावा किया कि यह कदम 6 जून 2022 को बिहार के उप सचिव द्वारा जारी अधिसूचना की वजह से उठाया गया है। यह अधिसूचना अतार्किक और असंवैधानिक है।

उसने दावा किया कि बिहार सरकार का निर्णय, असंवैधानिक, मनमाना है और कानूनी आधार पर टिकने वाला नहीं है।

बिहार में 200 से ज्यादा जातियां हैं जो सवर्ण, ओ.बी.सी., ई.बी.सी., अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में वर्गों में बांटी हुई हैं।

सभी शिकायतों बिहार की 113 जातियां ओ.बी.सी. और ई.बी.सी. में आती है और 8 सवर्ण वर्ग में आती है तथा 22 अनुसूचित जाति व 29 अनुसूचित जनजाति में आती हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पंजाब...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गांधी के लिये यह जरूरी है कि वे पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व, जो गुटबंदी से ग्रस्त हैं, के बारे में कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दें।

पार्टी नेता प्रताप बाजवा ने कहा कि पिछली गलतियों से सीखते हुये, यात्रा के माध्यम से पार्टी नेताओं को सत्तारूढ़ पार्टी आप की बखिया उधेड़नी चाहिये।

इससे पूर्व, भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब-चरण को शुरु करने से पहले, आधी बाँहों की सफेद टी-शर्ट पहने तथा पगड़ी धारण किये हुये कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रातःकाल गुरुद्वारा फतेहगढ़ सहिब में श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उस समय लोगों के विस्मय का ठिकाना नहीं रहा, जब उन्होंने राहुल गांधी को करीब 4 डिग्री सेल्सियस तापमान में, आधी बाँहों की टी-शर्ट में न केवल पैदल चलते हुये, बल्कि उस समय तो नंगे पैर चलते हुये भी देखा, जब वे सरहिन्द-बस्सी पठाना रोड पर स्थित रौज़ा शरीफ़ शेख अहमद अल-फारुक़ी अल-सरहिन्दी दरगाह गये। राहुल गांधी के साथ पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग तथा अन्य पार्टी नेता भी थे। गांधी ने मंगलवार को अम्बाला जिले में यात्रा का हरियाणा-चरण पूरा करके, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास की थी। वे मंगलवार की शाम को फतेहगढ़ साहिब में सरहिन्द पहुँच गये थे तथा रात को वहीं ठहरे थे। कड़ी सर्दी को चुनौती देते हुये, बहुत से पार्टी कार्यकर्ता यहाँ यात्रा के लिये इकट्ठे हो गये थे।

यात्रा के पंजाब-चरण के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यात्रा फतेहगढ़ साहिब में सरहिन्द से शुरु होगा तथा मंडी गोविन्दगढ़, खन्ना, साहनीवाल, लुधियाना, गोराया, फगवाड़ा, जालंधर, दसीआ तथा मुकरिआन से गुजरेगी।

यात्रा का पंजाब-चरण शुरु होने से पहले, हरियाणा पी.सी.सी. अध्यक्ष ने यात्रा-ध्वज पंजाब पी.सी.सी. अध्यक्ष को सौंप दिया था।

राजा वड़िंग ने राहुल को आश्वत करते हुये कह कि पंजाब यात्रा का भव्य स्वागत करेगा तथा इससे पहले के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा क्योंकि पंजाबी अतिथि-सत्कार के लिये प्रसिद्ध हैं। उन्होंने पंजाबियों से कहा कि वे आठ दिन तक सोयें नहीं, क्योंकि यह यात्रा संविधान को बचाने के लिये आई है। उन्होंने इस यात्रा की तुलना महात्मा गांधी की डांडी यात्रा से की।

भूपिन्दर हुडा ने कहा कि चूँकि भाजपा नफरत फैलाये जा रही है, इसलिये इन्होंने (राहुल) प्रेम एवं साम्प्रदायिक फैलाने के लिये इस यात्रा को निकालने का निर्णय लिया है।

यात्रा के दौरान, गांधी ने विभिन्न पेशों से जुड़े लोगों से भेंट की। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों से भी बातचीत की तथा उनसे उनके भविष्य के सपनों के बारे में प्रश्न किये।

## कर्नाटक में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कवर कर सकें। पहले चरण में, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया उत्तर कर्नाटक तथा हैदराबाद कर्नाटक में प्रचार करेंगे तथा डी.के. शिव कुमार पुराने मैसूर क्षेत्र में जायेंगे। दूसरे चरण में, सिद्धारमैया दक्षिण कर्नाटक जायेंगे तथा शिव कुमार उत्तर कर्नाटक में प्रचार करेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि जनता सरकार से उकता चुकी है तथा इसे उठा फैंकने की घड़ी का इंतजार कर रहे हैं। नफरत तथा प्रतिशोध की राजनीति के कारण, राज्य की शांति खत्म हो गई है तथा कानून-व्यवस्था तंत्र ध्वस्त हो चुका है। उन्होंने आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़ती जाने के लिये राज्य सरकार को दोषी ठहराया तथा कहा कि यह सब राज्य तथा केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का ही नतीजा है तथा ये नीतियाँ ही किसानों के कष्ट एवं तनाव के लिये जिम्मेदार हैं। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कहा, ''भाजपा सरकार का फोकस 40 प्रतिशत कमीशन पर रहने के परिणामस्वरुप ही, कोविड महामारी के दौरान, 3.5 लाख से ज्यादा कर्नाटकवासियों की मृत्यु हुई थी तथा निर्दोष ठेकेदार आत्महत्या के लिये मजबूर हो गये थे।''एक अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने एक युवा महिला और उसकी बेटी की उस समय हुई दुखद मृत्यु का जिक्र किया, जब एक दिन पूर्व बंगलोर में एक निर्माणाधीन मैट्रो पिलर उनके ऊपर गिर गया था। उन्होंने कहा कि यह घटना उस भ्रष्टाचार का स्तब्धकारी सबूत है जो आज जीवन हर क्षेत्र में व्याप्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यहाँ यह याद दिलाना जरूरी है कि राज्य के ठेकेदार ने शिकायत की है कि उन्हें प्रोजैक्ट हासिल करने तथा बिल पास कराने के लिये बहुत बड़ा कमीशन देना पड़ता है।

## 14 वर्षीय...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लड़की ने याचिका में कहा है कि वह बच्चा पालने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से फिट नहीं है।

लड़की की मां ने वकील अमित मिश्रा की मदद से याचिका दायर की तथा मांग की है कि स्थानीय पुलिस की जानकारी में लाए बिना एम्स से गर्भपात करवाया जाए, वरना न केवल उनकी पुत्री, जो अभी अल्प वयस्क है, बल्कि सारे परिवार को सामाजिक बहिष्कार झेलना पड़ेगा।

हालांकि पॉक्सो एक्ट के तहत स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी देना अनिवार्य है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय का जिक्र किया गया है जिसमें पॉक्सो एक्ट के धारा 19 में मैडिकल पेशवरों को छूट दी गई है कि वे स्थानीय पुलिस को नाबालिग के गर्भवती होने की जानकारी ना दें बशर्ते, वह आपसी सहमति के यौन संबंध से गर्भवती हुई हो।

याचिका के अनुसार मैडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रैग्नैंसी एक्ट 20 सप्ताह तक के गर्भ को गिराने की अनुमति देता है अगर रजिस्टर्ड मैडिकल प्रैक्टिशनर्स को लगता है कि इस गर्भ से महिला के जीवन को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर खतरा है। याचिका के अनुसार मामले 6 जनवरी 2023 की अल्ट्रासाउंट रिपोर्ट के अनुसार यह गर्भ 15 सप्ताह चार दिन का है।

## सेना का वाहन खाई में गिरने से तीन जवानों की मौत

श्रीनगर 11 जनवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास गहरी खाई में गिरने से एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित तीन सैनिक शहीद हो गये। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना कल शाम एक नियमित परिचालन कार्य के दौरान एक अग्रिम क्षेत्र में हुई। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया,सेक्टर में 10 जनवरी को शाम लगभग 5:30 बजे सर्दियों के संकरे ट्रैक के साथ एक नियमित परिचालन कार्य किया गया था। आगे की पोस्ट की ओर बढ़ते समय, संकीर्ण ट्रैक के साथ लगी बर्फ टूट गई। इससे एक जेसीओ और दो जवान गहरी खाई में फिसल गए। निकटतम चौकी से सैनिकों के साथ तुरंत एक खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया।

# हज यात्रा के लिए वी.आई.पी. कोटा रद्द किया केन्द्र सरकार ने

## हज यात्रा चाहने वाले वी.आई.पी. लोगों के लिए 5 हजार सीटें रिजर्व रखने का प्रावधान था, लेकिन केन्द्र सरकार ने इसे अब रद्द करने का निर्णय लिया है

नई दिल्ली, 11 जनवरी। केंद्र सरकार ने हज यात्रा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। हज के लिए सरकार की ओर से दिया जाने वाला वी.आई.पी. कोटा अब खत्म होने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने बुधवार को एक टीवी चैनल से कहा कि सरकार ने शीर्ष संवैधानिक पदों और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में लोगों के लिए उपलब्ध आरक्षित हज कोटा को खत्म करने का फैसला किया है।

यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वी.आई.पी. संस्कृति को खत्म करने के संकल्प का हिस्सा है। अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री इरानी ने कांग्रेस नीत यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके कार्यकाल में आरक्षित कोटा पेश किया गया था। हज को लेकर यूपीए के शासन में वी.आई.पी. संस्कृति लागू किया गया था। जिसके तहत अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, हज समिति और शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोगों के लिए एक विशेष कोटा आवंटित किया गया था। इरानी ने कहा कि हज कमेटी ने इस कोटा को समाप्त करने का आग्रह किया और विभिन्न राज्यों की सभी हज समितियों ने इसका समर्थन किया है। हज प्रक्रिया में इस वी.आई.पी. संस्कृति को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब 2012 में इसे शुरू किया गया था, तब इस विशेष कोटा के तहत लगभग 5,000 सीटें थीं। इरानी ने कहा कि सरकार ने इसे खत्म कर दिया है। पीएम का मानना था कि अगर हमें वी.आई.पी. संस्कृति को पूरी तरह से खत्म करना है तो किसी विभाग में इस तरह का कोई विशेष वर्गीकरण खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को दोहराते हुए भविष्य में गरीबों की जरूरतों का ख्याल रखते हुए एक व्यापक हज नीति की घोषणा की जाएगी।

- **केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, प्र.मंत्री मोदी चाहते हैं कि, देश से वी.आई.पी. कल्चर को खत्म कर दिया जाये। उनकी इसी योजना के अनुरूप यह फैसला लिया गया है।**
- **यू.पी.ए. सरकार ने 2012 में हज यात्रा में वी.आई.पी. कोटा शुरु करने का फैसला लिया था।**

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908